* ओड़िशा संस्करण

02 जनवरी, 2024
पौष, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00


रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 73

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


पूरी दुनिया में हुआ नये वर्ष 2024 का ग्रैंड वेलकम








## झारखंड में अचानक राजनीतिक हलचल बढ़ी

# गांडेय विधायक सरफराज ने अचानक दिया इस्तीफा

- विधानसभा स्पीकर ने स्वीकार किया इस्तीफा चुनाव आयोग को भी भेजी गयी सूचना
- सरफराज बोले, पार्टी में ही रहूंगा, निजी कारणों से लिया फैसला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो के गांडेय विधानसभा से विधायक डॉ सरफराज अहमद ने अचानक विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उनके इस्तीफे को स्वीकार करते हुए झारखंड विधानसभा ने अधिसूचना भी जारी कर दी है। उनके इस्तीफे के बाद झारखंड विधानसभा में 31 दिसंबर 2023 से पद रिक्त हो गया है। इस्तीफा के बाद सरफाराज ने कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से यह कदम उठाया। उधर, भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे का दावा है निकट भविष्य में मुख्यमंत्री की पत्नी गांडेय से विधानसभा चुनाव लड़ सकती हैं। गांडेय से चुनाव लड़ाने के लिए यह सीट खाली करायी गयी है।

गौरतलब है कि सरफराज अहमद अविभाजित बिहार के जमाने में कांग्रेस में थे। वह कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। वर्ष 2019 के चुनाव में कांग्रेस ने सरफराज को गांडेय से टिकट नहीं दिया था। इससे नाराज होकर उन्होंने कांग्रेस छोड़ कर झामुमो का दामन थाम लिया था। वह झामुमो के टिकट पर गांडेय से चुनाव लड़े और वहां से जीत कर विधायक बने थे। झामुमो में उन्हें पार्टी का उपाध्यक्ष भी बनाया गया। राज्य में तय समय के अनुसार विधानसभा चुनाव होने में अभी एक वर्ष का समय है। इससे ठीक पहले 31 दिसंबर को उन्होंने विधायकी छोड़ दी। विधानसभा अध्यक्ष ने उनका इस्तीफा मंजूर कर लिया। इतना ही नहीं, गांडेय विधानसभा सीट खाली होने की सूचना भी चुनाव आयोग को भेज दी गयी है।



### निशिकांत दुबे ने किया दावा, कल्पना सोरेन बनेंगी झारखंड की मुख्यमंत्री

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया है कि हेमंत मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देंगे, झारखंड की अगली मुख्यमंत्री उनकी पत्नी कल्पना सोरेन होंगी। निशिकांत ने गांडेय विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे के पीछे की पूरी कहानी को समझाते हुए एक के बाद एक कई पोस्ट किये हैं। उन्होंने लिखा कि गांडेय विधायक सरफराज अहमद ने विधानसभा से इस्तीफा दिया, इस्तीफा स्वीकार हुआ। हेमंत सोरेन जी मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देंगे, झारखंड की अगली मुख्यमंत्री उनकी पत्नी कल्पना सोरेन जी होंगी। इस घटनाक्रम की कड़ी इडी की सातवीं और आखिरी नोटस से जुड़ रही है, जिसका जवाब देने की मियाद खत्म हो चुकी है।

### सांसद ने कहा गवर्नर लें कानूनी सलाह

सोशल मीडिया पर एक अन्य पोस्ट में निशिकांत दुबे ने लिखा कि झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को कानूनी सलाह लेनी चाहिए।, झारखंड विधानसभा का गठन 27 दिसंबर 2019 को हुआ। सरफराज अहमद का इस्तीफा 31 दिसंबर को हुआ। एक साल से कम समय में उपचुनाव नहीं हो सकता। उन्होंने मुंबई हाइकोर्ट के काटोल विधानसभा के निर्णय का भी हवाला दिया है। वहां विधानसभा का कार्यकाल एक साल 50 दिन तक खाली था।

### सरफराज को भेजा जा सकता है राज्यसभा

राजनीतिक गलियारे में चर्चा है कि सरफराज अहमद ने भविष्य की रणनीति के तहत इस्तीफा दिया है। बाद में उन्हें राज्यसभा का सदस्य बनाया जा सकता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर प्रवर्तन निदेशालय (इडी) का दबाव बढ़ता जा रहा है। इसे देखते हुए भविष्य की रणनीति के तहत सरफराज अहमद ने इस्तीफा दिया है। बता दें कि गांडेय सीट सामान्य सीट है।

### इस्तीफे की जानकारी मिली है: विनोद पांडेय

झामुमो के नेता फिलहाल इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं कर रहे। केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे ने कहा कि इस्तीफे की जानकारी पार्टी को मिली है। इसके पीछे कारण क्या है और सरफराज अहमद ने किन परिस्थितियों में इस्तीफा दिया है, इस बारे में बेहतर सरफराज बता पायेंगे। उधर, सरफराज अहमद ने कहा है कि नाराजगी जैसी कोई बात नहीं है। मैंने निजी कारणों से इस्तीफा दिया है। मैं झामुमो के साथ हूं और अभी भी राज्य में पार्टी का उपाध्यक्ष हूं।

## सीएम ने खरसावां में शहीदों को श्रद्धांजलि दी

# हम शहीदों के सपनों का झारखंड बनाने की दिशा में बढ़ रहे : हेमंत

- आदिवासियों को आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक, बौद्धिक और राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है



आजाद सिपाही संवाददाता

**खरसावां।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि यह शहीद स्थल नहीं, आदिवासियों का प्रेरणास्थल है। यहीं से हमें आदिवासियों को एकजुट करने और आगे बढ़ाने की ताकत मिलती है। मुख्यमंत्री सोमवार को सरायकेला-खरसावां जिला में खरसावां गोलीकांड के अमर वीर शहीदों के सम्मान में आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने शहीद पार्क में शहीद स्मारक (शहीद बेदी) और वीर शहीद केरसे मुंडा चौक में शहीद स्मृति चिह्न पर माल्यार्पण कर इन वीर शहीदों को नमन किया।

**आदिवासियों का संघर्षो से पुराना रिश्ता :** मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर हम इतिहास के पन्नों को पलटेंगे, तो पता चलेगा कि आदिवासियों का संघर्षों से पुराना रिश्ता-नाता रहा है। जल-जंगल-जमीन से लेकर अंग्रेजों के खिलाफ आदिवासियों ने लगातार उलगुलान किया। झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में आदिवासियों ने अपना सब कुछ झोंक दिया। इन आंदोलनों और संघर्षों में अनगिनत आदिवासियों ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। आज हम उन्हीं शहीदों के सपनों का झारखंड बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

**आदिवासियों को दिला रहे उनकी पहचान :** हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड एक ऐसा राज्य है, जिसकी पहचान आदिवासियों से होती है। फिर भी, पिछले दो दशकों के दौरान आदिवासियों को हमेशा हाशिये पर रखने का कार्य होता रहा।

**मान-सम्मान और स्वाभिमान से खिलवाड़ नहीं होने देंगे :** मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज में कुछ ऐसे तत्व हैं, जो आदिवासी समाज को तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। कभी जल, जंगल और जमीन से आदिवासियों को उजाड़ने की कोशिश होती है, तो कभी सीएनटी और एसपीटी में छेड़छाड़ होती है। यह सरकार आपने बनायी है। ऐसे में हम आदिवासियों के मान-सम्मान से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ नहीं होने देंगे।

**आदिवासियों को दे रहे हैं हक और अधिकार :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार पूरे मान-सम्मान के साथ आदिवासियों को उनका हक और अधिकार दे रही है। इस बात से हम सभी वाकिफ हैं कि आदिवासी सबसे पिछड़े और गरीबों की श्रेणी में आते हैं। ऐसे में इन्हें सशक्त और मजबूत बनाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। देश और राज्य के लिए शहादत देनेवालों के परिजनों को हम नौकरी दे रहे हैं। आदिवासियों के हित में जो भी काम करने की जरूरत होगी, उसे प्राथमिकता के आधार पर निश्चित तौर पर पूरा करेंगे।

**आगे बढ़ने के लिए अच्छी शिक्षा जरूरी :** मुख्यमंत्री ने शिक्षा की अहमियत पर जोर देते हुए कहा कि आदिवासियों को आगे बढ़ना है, तो उन्हें हर हाल में अच्छी शिक्षा लेनी होगी। उन्होंने सरकार द्वारा स्कूली शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा, कोचिंग और विदेशों में शिक्षा योजना का जिक्र किया।

**गांव से चल रही सरकार :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार दिल्ली और रांची से नहीं, बल्कि गांव से चल रही है। हम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं। गांव को मजबूत बना कर ही हम राज्य को सशक्त बना सकते हैं। 'आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार' कार्यक्रम के जरिए आपके दरवाजे पर आकर आपकी समस्याओं का समाधान हो रहा है। हमारी सरकार जब से बनी है, झारखंड को आगे बढ़ाने की दिशा में निरंतर काम कर रहे हैं। वर्ष 2025 में झारखंड 25 वर्ष का युवा हो जायेगा। हम एक ऐसा झारखंड बनायेंगे, जो अपने पैरों पर खड़ा होगा। इस मौके पर मंत्री चंपाई सोरेन और जोबा मांझी, विधायक दशरथ गागराई, सुखराम उरांव, दीपक बिरुआ और सविता महतो समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## न्यूज रील्स

### जापान में भूकंप के बाद सुनामी



टोक्यो। जापान में सोमवार को 7.4 तीव्रता का भूकंप आया। इसके बाद यहां सुनामी आ गयी। वाजिमा शहर में करीब 4 फीट ऊंची लहरें उठी हैं। जापान के वक्त के मुताबिक, यह ऊंची लहरें शाम 4.21 बजे दिखीं। कोस्टल एरिया में रहने वाले लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाने के लिए कहा गया है। फिलहाल किसी के मारे जाने की खबर नहीं है। वहीं, वाजिमा शहर में एक बिल्डिंग ढहने की भी खबर है। इसके मलबे मे 6 लोग दबे हैं। इसी शहर के 35 हजार घरों में बिजली नहीं है।

### एक्स-रे पोलारिमीटर सैटेलाइट मिशन लांच

श्रीहरिकोटा। एक्स-रे पोलारिमीटर सैटेलाइट सोमवार को सुबह 09:10 बजे श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से लांच किया गया। एक्स-रे पोलारिमीटर सैटेलाइट में ब्लैक होल और न्यूट्रॉन स्टार्स की स्टडी के लिए दो पेलोड पोलिक्स और एक्सपेक्ट लगे हैं। 21 मिनट बाद इन्हें पृथ्वी की 650 किमी ऊपर की कक्षा में स्थापित किया गया। यह भारत का पहला और 2021 में लांच नासा के इमेजिंग एक्स-रे पोलरिमेट्री एक्सप्लोरर के बाद दुनिया का दूसरा पोलरिमेट्री मिशन भी है।

### गैंगस्टर गोल्डी बराड़ आतंकी घोषित

चंडीगढ़। भारत सरकार ने गैंगस्टर लॉरेंस के साथी और पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसवाला हत्याकांड के मास्टरमाइंड गोल्डी बराड़ को आतंकी घोषित कर दिया है। गोल्डी बराड़ पंजाब में टारगेट किलिंग, रंगदारी और बॉर्डर पार से हथियार व नशे की तस्करी में शामिल है। 29 मई 2022 को कनाडा में बैठे गोल्डी बराड़ में पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या करवा कर सोशल मीडिया पर उसकी जिम्मेदारी ली थी।

### जम्मू-कश्मीर सुरक्षा पर बैठक आज

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को दिल्ली में जम्मू-कश्मीर सुरक्षा मुद्दे को लेकर हाई लेवल बैठक करेंगे। मीटिंग में जम्मू-कश्मीर में कानून व्यवस्था की स्थिति, सिक्योरिटी ग्रिड, एरिया डोमिनेशन प्लान, यूएपीए से जुड़े मामले और जीरो टेरर प्लान पर चर्चा होगी। साथ ही यहां के डेवलपमेंट की भी समीक्षा की जायेगी।

# हिट एंड रन कानून के खिलाफ आठ राज्यों में बस-ट्रक ड्राइवर हड़ताल पर

- मध्यप्रदेश में ड्राइवरों ने ट्रक खड़े किये
- राजस्थान-छत्तीसगढ़ में प्राइवेट गाड़ियां भी नहीं चलीं



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** नये हिट एंड रन कानून के विरोध में सोमवार को देश के आठ राज्यों मध्यप्रदेश, राजस्थान, बिहार, छत्तीसगढ़, यूपी, उत्तराखंड, पंजाब और गुजरात में बस और ट्रक ड्राइवर हड़ताल पर हैं। भारतीय न्याय संहिता 2023 में हुए संशोधन के बाद हिट एंड रन के मामलों में दोषी ड्राइवर पर सात लाख रुपये तक का जुर्माना और दस साल तक कैद का प्रावधान है।

मध्यप्रदेश के भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर समेत अन्य शहरों में बसें नहीं चल रही हैं। राजस्थान में आधे दिन तक प्राइवेट गाड़ियां नहीं चलायी गयीं। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में ट्रक ड्राइवरों ने सड़क पर वाहन खड़े कर टायरों में आग लगा दी। इसी तरह बिहार, उत्तरप्रदेश समेत अन्य राज्यों में विरोध दर्ज कराया गया। राज्यों में ट्रक ड्राइवरों ने चक्का जाम किया।

**हिट एंड रन कानून पर विचार करे सरकार :** ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस ने हिट एंड रन कानून को सख्त बनाने का विरोध किया है। संगठन के आह्वान पर ही चक्का जाम और हड़ताल शुरू हुई है। संगठन की अगली बैठक 10 जनवरी को होगी। इसमें फैसला लिया जायेगा कि अगर सरकार उनकी मांगें नहीं मानती है, तो किस तरह से सरकार के सामने अपना पक्ष रखा जाये।

# आयेंगे तो मोदी ही! ब्रिटिश अखबार ने की भविष्यवाणी

- 2024 में भाजपा लगायेगी हैट्रिक




आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** चुनावी साल 2024 शुरू होते ही एक ब्रिटिश अखबार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरे कार्यकाल की भविष्यवाणी कर दी है। यूके स्थित अखबार द गार्जियन में प्रकाशित एक कॉलम के अनुसार, आगामी लोकसभा चुनावों में नरेंद्र मोदी और भाजपा के लिए लगातार तीसरा कार्यकाल 'लगभग अपरिहार्य' प्रतीत होता है। लेखिका हन्ना एलिस-पीटरसन ने अपने कॉलम में कहा कि तीन राज्यों के विधानसभा चुनावों में जीत की हैट-ट्रिक के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जबर्दस्त लोकप्रियता और अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन जैसे भावनात्मक मुद्दों ने केंद्र में भाजपा के लिए लगातार तीसरा कार्यकाल मिलना 'लगभग अपरिहार्य' बना दिया है।

लेख के अनुसार, भारत के मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य और राजनीतिक विश्लेषकों के बीच एक तरह की सहमति है कि पीएम मोदी और भाजपा की जीत होनी तय है।

कॉलम में आगे कहा गया है कि 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद से राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर देश की भावना भाजपा की ओर झुकी हुई है। मुख्य विपक्ष भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने इस महीने तेलंगाना में राज्य चुनाव जीता, लेकिन कुल मिला कर केवल तीन राज्यों में सत्ता में है और इसे अंदरूनी कलह से भरा हुआ माना जा रहा है।

लेख में कहा गया है कि तीन राज्यों में जीत के बाद पीएम मोदी खुद यह भविष्यवाणी करने से पीछे नहीं हटे कि इस हैट-ट्रिक ने 2024 में जीत की गारंटी दे दी है। 'एक राजनीतिक रूप से ताकतवर शख्स के रूप में प्रधानमंत्री की लोकप्रियता, भाजपा का हिंदू राष्ट्रवादी एजेंडा लगातार देश के विशाल हिंदू बहुसंख्यकों को आकर्षित कर रहा है। विशेष रूप से उत्तर के हिंदी भाषी क्षेत्र में।'

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 59,800 रु./10 ग्राम
चांदी 77,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 02 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in



# अब 'न्याय यात्रा' पर टिकी राहुल गांधी और कांग्रेस की उम्मीद

## 2024 के महाभारत से पहले कांग्रेस के युवराज ने उठाया आखिरी हथियार

## 'भारत जोड़ो यात्रा' का हश्र देख कर बहुत अधिक उम्मीद नहीं कर रहा विपक्ष

## बड़ा सवाल : कांग्रेस को कितना लाभ दे सकेगा राहुल की यात्रा का दूसरा चरण

आजाद सिपाही विशेष

पिछले करीब एक साल से भारत की राजनीति में उठे तमाम बड़े विवादों के केंद्र में रहनेवाले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बहुप्रचारित 'भारत जोड़ो यात्रा' के बाद एक और अभियान शुरू करने का एलान किया है, जिसका नाम उन्होंने 'भारत न्याय यात्रा' दिया है। उनका यह अभियान 14 जनवरी को मणिपुर से शुरू होगा और देश के 14 राज्यों के 85 जिलों से गुजर कर मार्च में मुंबई में पूरा होगा। 'भारत जोड़ो यात्रा' के बाद 'भारत न्याय यात्रा' 2024 के चुनाव से ठीक पहले देश के उस हिस्से में होगी, जहां से कांग्रेस का पूरी तरह सफाया हो चुका है। जिन करीब एक सौ संसदीय सीटों से होकर यह यात्रा गुजरेगी, उनमें से महज 14 पर कांग्रेस का कब्जा है, जबकि केवल झारखंड की सत्ता में कांग्रेस की भागीदारी है। इसलिए सियासी जानकारों को इस बात में संदेह है कि इस यात्रा से खुद राहुल, उनकी पार्टी कांग्रेस और पूरे विपक्षी गठबंधन को शायद ही कोई लाभ मिल सकेगा। इसके बावजूद अपने वक्तव्यों, बिना सोचे-समझे बयान देने और हाल के दिनों में ट्रक से यात्रा करने से लेकर अखाड़े में कुश्ती लड़ने और घर की रसोई में जैम बनाने जैसी हरकतों के कारण पूरी दुनिया में चर्चित होने और इन बालसुलभ हरकतों की मदद से देश की सत्ता हासिल करने का सपना देखनेवाले कांग्रेस के युवराज की इस नयी यात्रा पर देश भर की निगाहें तो हैं, लेकिन सबसे अहम सवाल यह है कि अपने 138 साल के इतिहास के सबसे बुरे दौर से गुजर रही कांग्रेस के लिए यह अभियान कितना कारगर होगा। राहुल गांधी की इस यात्रा के दूसरे चरण और इसके कारण राजनीति और 2024 के चुनाव पर पड़नेवाले इसके संभावित असर का आकलन कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

करीब एक साल पहले 30 जनवरी को कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी ने श्रीनगर 'भारत जोड़ो यात्रा' के समापन के बाद जो उम्मीद की थी, उसके पूरे नहीं होने के कारण राजनीतिक रूप से हाशिये पर पहुंच चुके इस विवादास्पद नेता के अगले कदम का इंतजार हो रहा था। अब राहुल ने 14 जनवरी से 'भारत न्याय यात्रा' शुरू करने की घोषणा की है, जो मणिपुर से शुरू होकर मुंबई में खत्म होगी। 2024 के आम चुनावों से ठीक पहले होनेवाली इस यात्रा का राजनीतिक असर तो होगा ही, लेकिन कितना होगा, यह एक बड़ा सवाल बना हुआ है। कांग्रेस द्वारा जारी कार्यक्रम के मुताबिक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इंफाल में हरी झंडी दिखा कर यात्रा को रवाना करायेंगे। 14 जनवरी से शुरू होनेवाली यह यात्रा 20 मार्च तक चलेगी।

राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' ठीक एक साल पहले खत्म हुई थी। इसके तहत उन्होंने तमिलनाडु में कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक की यात्रा की थी। 'भारत न्याय यात्रा' के दौरान राहुल गांधी 14 राज्यों के 85 जिलों से गुजरेंगे। यात्रा मणिपुर से शुरू होकर नगालैंड, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओड़िशा, छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान, गुजरात से गुजर कर महाराष्ट्र की मुंबई में समाप्त होगी। इस दौरान वह साढ़े छह हजार किलोमीटर की दूरी तय करेंगे, जबकि 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान राहुल गांधी ने चार हजार किलोमीटर की यात्रा की थी।

### क्या है 'भारत न्याय यात्रा'

कांग्रेस महासचिव और पार्टी के संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' ने लोगों को आर्थिक असमानता, सामाजिक ध्रुवीकरण और राजनीतिक तानाशाही के प्रति जागरूक किया है। वहीं 'भारत न्याय यात्रा' में जोर आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय पर होगा। देश में लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया जायेगा। ऐसा माना जाता है कि 'भारत जोड़ो यात्रा' ने राहुल गांधी की राजनीतिक छवि निखारने में अहम भूमिका निभायी थी। कई लोग मानते हैं कि शुरू में इस यात्रा को बहुत गंभीरता से नहीं लिया जा रहा था। राहुल गांधी ने इस यात्रा में बेरोजगारी, किसानों की दिक्कत, अर्थव्यवस्था की धीमी रफ्तार, भ्रष्टाचार और गवर्नेंस का मुद्दा उठाया था।



### 'भारत जोड़ो यात्रा' से राहुल और कांग्रेस को क्या मिला

राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान कर्नाटक और तेलंगाना में खासा समय बिताया था। तेलंगाना में यह यात्रा 15 दिन चली थी। कर्नाटक में राहुल ने 22 दिन बिताये थे। राजस्थान के छह जिलों में राहुल की 'भारत जोड़ो यात्रा' 16 दिनों तक चली थी। मध्यप्रदेश में 12 दिनों तक यह यात्रा चली थी। लेकिन राजस्थान और मध्यप्रदेश में कांग्रेस को इस यात्रा का चुनावी फायदा नहीं मिला। हालांकि कई लोग मानते हैं कि इस यात्रा से कांग्रेस के समर्थकों का उत्साह जरूर बढ़ा। इस बात में कोई संदेह नहीं कि 'भारत जोड़ो यात्रा' से कांग्रेस से ज्यादा राहुल को फायदा हुआ। इस यात्रा ने राहुल की छवि बदल दी थी और लोग उन्हें गंभीरता से सुनने लगे थे। लेकिन पिछले एक साल के दौरान यदि इस छवि को किसी ने सबसे अधिक नुकसान पहुंचाया, तो वह खुद राहुल गांधी हैं। वह यह नहीं समझ पाये कि भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश की सियासत में धान रोपने, ट्रैक्टर चलाने और ट्रक ड्राइवरों, मैकेनिक और पहलवानों के साथ बालसुलभ हरकतें करने से लोकप्रियता तो मिलती है, लेकिन गंभीरता खत्म हो जाती है। राहुल ने पिछले एक साल में यही सब किया और इसका परिणाम यह हुआ कि हिंदी पट्टी से कांग्रेस के पांव पूरी तरह उखड़ गये।

### भारत न्याय यात्रा से क्या मिलेगा

राहुल गांधी की 'भारत न्याय यात्रा' कांग्रेस और विपक्ष के दूसरे दलों के लिए भी बेहतर नतीजे दे सकती है, क्योंकि राहुल गांधी अलग तरह के राजनीतिक नेता हैं। वह एक स्टेट्समैन राजनीतिज्ञ की तरह दिखने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उनमें गंभीरता की कमी है। उन्होंने पार्टी पद छोड़ दिया है और वह प्रधानमंत्री बनेंगे या नहीं, यह भी पता नहीं। ऐसे में उनकी यात्रा से विपक्षी दलों को कितना लाभ होगा, इस पर विवाद हो सकता है। पिछले कुछ दिनों से राहुल जनहित के मामलों के मुद्दे उठाते हैं और काफी मुखर होकर बोलते हैं। लेकिन उनकी बालसुलभ हरकतों ने उनकी राजनीतिक जमीन को कमजोर ही किया है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि राहुल की 'भारत न्याय यात्रा' के दौरान कौन से मुद्दे उठते हैं, क्योंकि इस यात्रा की चुनावी सफलता इस दौरान उठाये गये मुद्दों पर निर्भर करेगी।

### लोकसभा चुनाव से ठीक पहले यात्रा शुरू करने का मतलब

'भारत न्याय यात्रा' की अवधि को लेकर भी सियासी हलकों में चर्चा है। 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान भी कई राज्यों में चुनाव हुए, लेकिन राहुल ने प्रचार अभियान में हिस्सा नहीं लिया। अब यह यात्रा भी लोकसभा चुनाव से ठीक पहले शुरू हो रही है, तो इसका कांग्रेस की संभावनाओं पर क्या असर होगा, यह बड़ा सवाल है। लेकिन 'भारत न्याय यात्रा' आम चुनाव से पहले खत्म हो जायेगी और राहुल को प्रचार का पर्याप्त समय मिलेगा, लेकिन इस यात्रा का चुनावी फायदा इस बात पर निर्भर करेगा कि मुद्दे कितने स्पष्ट तरीके से उठाये जाते हैं, क्योंकि 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान उठाये गये मुद्दों में स्पष्टता नहीं थी। इतना ही नहीं, यात्रा के दौरान ऐसे-ऐसे विवादास्पद चेहरे राहुल गांधी के साथ सेल्फी लेते देखे गये, जिसका जनता के मनो मस्तिष्क पर प्रतिकूल असर पड़ा। इसलिए यह बात साफ नजर आ रही है कि राहुल और कांग्रेस के लिए यह 'भारत न्याय यात्रा' आखिरी हथियार है। 2024 में यह कितना कारगर होता है, यह तो समय के गर्भ में है, लेकिन इतना तो कहा जा सकता है कि यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने अगर गंभीरता नहीं दिखायी, बालसुलभ हरकतों से बाज नहीं आये, तो का असर दमदार नहीं होगा।

# लालू के 'फतेह' को नीतीश की पार्टी बता रही 'कायर' पटना में दिखने लगा खरमास बाद वाला खेल?

## राजनीतिक हलचल



**22 जनवरी** को अयोध्या में भव्य राम मंदिर में भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा होने वाली है। जिसे लेकर पूरे देश में उत्साह का माहौल है। इसी बीच, राजद के विधायक फतेह बहादुर ने पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास के बाहर एक पोस्टर लगाया है, जिसमें विधायक ने सावित्रीबाई फुले की बातों को दोहराते हुए फिर से सनातन पर तंज कसा है। उन्होंने पोस्टर में लिखा है कि मंदिर का मतलब मानसिक गुलामी का मार्ग और स्कूल का मतलब होता है जीवन में प्रकाश का मार्ग। पोस्टर को लेकर महागठबंधन में राजद की सहयोगी पार्टी जदयू ने राजद विधायक को नसीहत दी है। वहीं, भाजपा भड़की नजर आ रही है।

### सासाराम की 'सियासी आग' पटना पहुंची

दरअसल, राजद सावित्री बाई फुले की जयंती मनाने वाली है। विधायक के पोस्टर में एक तरफ राजद प्रमुख लालू यादव, राबड़ी देवी तो दूसरी तरफ उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की तस्वीर है। पोस्टर के शीर्ष पर महात्मा बुद्ध, सम्राट अशोक, कबीर, सावित्री बाई फुले और अन्य लोगों की तस्वीर भी है।

पोस्टर में लिखा हुआ है, 'मंदिर का मतलब मानसिक गुलामी का मार्ग और स्कूल का मतलब होता है जीवन में प्रकाश का मार्ग। जब मंदिर की घंटी बजती है तो हमें संदेश देती है कि हम अंधविश्वास, पाखंड, मूर्खता और अज्ञानता की ओर बढ़ रहे हैं और जब स्कूल की घंटी बजती है तो हमें ये संदेश मिलता है कि हम तर्कपूर्ण ज्ञान और वैज्ञानिकता और प्रकाश की ओर बढ़ रहे हैं। अब तय करना कि आपको किस तरफ जाना चाहिए- सावित्री बाई फुले।'

### मां सरस्वती को लेकर दिया था विवादास्पद बयान

राजद विधायक फतेह बहादुर अपने विवादास्पद बयान के कारण चर्चा में बने रहते हैं। हाल ही में उन्होंने मां सरस्वती को लेकर विवादास्पद बयान दिया था। राजद विधायक फतेह बहादुर सिंह अपने क्षेत्र डेहरी में सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाने जा रहे हैं और उसी से संबंधित ये पोस्टर है। इस जयंती समारोह का उद्घाटन शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर करने वाले हैं।

इस पोस्टर की खबर मीडिया में आने पर नीतीश कुमार की पार्टी जदयू ने राजद विधायक को नसीहत दी है। जदयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि इनका नाम फतेह बहादुर सिंह नहीं बल्कि 'कायर' बहादुर सिंह होना चाहिए। हिंदू देवी-देवताओं पर इन्हें बोलने का हक किसने दिया है? दोहरा मापदंड नहीं चलेगा। वे घोषणा करेंगे कि जिनके यहां पूजा होती है, श्राद्ध कर्म होता है, मंत्रों का उच्चारण होता है, वहां पर ये कभी नहीं जायेंगे। ऐसी घोषणा करें 'कायर' बहादुर सिंह।

भाजपा के प्रवक्ता अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि राजद मानसिक गुलामी का शिकार है। इसे न सनातन पर विश्वास है न अपनी संस्कृति पर विश्वास है। राजद दोहरी राजनीति करती है। परिवारवाद को खुश करने और कुर्सी के लिए कभी-कभी महापुरुषों को भी राजनीति का शिकार बना देता है। उन्होंने राजद को राक्षसी प्रवृति वाला दल बताया।

# तवांग से लेकर कच्छ, कश्मीर से कन्याकुमारी तक जलेगी श्रीराम ज्योति, यह है बड़ी तैयारी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान के बाद देश में 22 जनवरी को एक बार फिर से 'दीपावली' की तैयारियां शुरू हो गयी हैं। इसके लिए बाकायदा देश के अलग-अलग धार्मिक संगठनों की संयुक्त संस्थाओं की ओर से 14 जनवरी से ही हर घर को रोशन करने की व्यवस्थाएं की जाने लगी हैं। धार्मिक संगठनों की संयुक्त संस्था अखिल भारतीय सनातन महासभा ने कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी और तवांग से लेकर कच्छ तक के मंदिरों और घरों में दीपावली मनाने की योजनाएं बना ली हैं। संगठन के संरक्षक के मुताबिक 22 तारीख की शाम को तो श्रीराम ज्योति जलेगी ही, लेकिन उससे पहले हर घर में कम से कम एक दीपक जलाने के लिए उनकी संस्था ने काम शुरू कर दिया है।




अखिल भारतीय सनातन महासभा के संरक्षक पंडित प्रदीप तिवारी कहते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान के साथ ही उनकी संस्था ने 11 हजार धर्माचार्यों के माध्यम से देश के सभी राज्यों में इस आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। वह कहते हैं कि सिर्फ उनकी संस्था ही नहीं, बल्कि सभी प्रमुख धार्मिक संगठनों के संयुक्त प्रयास के साथ इस महान दीपोत्सव की श्रृंखला को आगे बढ़ाया जाना है। पंडित प्रदीप तिवारी कहते हैं कि अरुणाचल प्रदेश के तवांग से लेकर गुजरात के कच्छ तक सभी प्रमुख धार्मिक संगठनों के साथ उनकी संस्था ने प्रथम चरण की वर्चुअल बैठक भी कर ली है। वह कहते हैं कि परशुराम कुंड से लेकर भुज के लक्ष्मी नारायण मंदिर और कश्मीर के शारदा पीठ से लेकर कन्याकुमारी के मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान करने वाले आचार्य के साथ इस अभियान और दीप ज्योति को हर घर तक पहुंचाने की तैयारी हुई है।

उनके संगठन से जुड़े ग्यारह हजार आचार्य अलग-अलग मंदिर, प्रतिष्ठानों और सामाजिक संगठन के सहयोग से हर घर में कम से कम एक दीप जलाने के लिए लोगों से संपर्क कर रहे हैं। उनका कहना है कि जिस तरीके से लोगों की प्रतिक्रिया मिल रही है, उससे अहसास हो रहा है कि 14 जनवरी के बाद से ही देश में अगले 10 दिनों तक दीपावली जैसा उत्सव होने वाला है। वह कहते हैं कि सूर्य के उत्तरायण में आने के साथ ही देश के अलग-अलग हिस्सों में दीपोत्सव की तैयारियां शुरू हो जायेंगी। आचार्य प्रदीप तिवारी बताते हैं कि उनकी संस्था सिर्फ उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि उन सभी राज्यों में मंदिरों की साफ सफाई भी करवा रही है, जिसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपील की है। वह कहते हैं कि सिर्फ उनकी संस्था ही नहीं देश के सभी प्रमुख संगठन इस कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

सूर्य के उत्तरायण होते ही दीपोत्सव की तैयारियों के साथ-साथ अयोध्या में भी इस तरह की यात्राएं लगातार पहुंच रही हैं। हाल में ही राजस्थान से श्रीराम ज्योति यात्रा अयोध्या पहुंची। जबकि देश के अलग-अलग हिस्सों में इस तरीके की यात्राएं लगातार निकली जा रही हैं। गुड़गांव में रविवार को निकाली गयी श्रीराम ज्योति यात्रा के समन्वयक कुलबीर यादव कहते हैं कि उनकी यात्रा पूरे हरियाणा में निकल रही है। इस यात्रा का मकसद लोगों को कम से कम 108 श्रीराम ज्योति अपने घर में 22 जनवरी को जलाने की अपील करना है। कुलबीर कहते हैं कि सिर्फ हरियाणा ही नहीं बल्कि राजस्थान में भी यह यात्रा निकाल रही है। उनका कहना है कि देश के सभी प्रमुख और सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर वह पूरे देश में श्रीराम ज्योति के प्रचार प्रसार के लिए चार जनवरी से निकल रहे हैं। वह कहते हैं कि उनके संगठन के सदस्य तमिलनाडु में पिछले एक सप्ताह से पदयात्रा करके लोगों को दीपोत्सव की तैयारियों के लिए जाग्रत कर रहे हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 22.5 °c | 10.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.14 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.30 बजे |



## राज्यपाल और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने किया किसान समागम का शुभारंभ

# केंद्र की योजनाओं से कृषि क्षेत्र में हो रहा क्रांतिकारी परिवर्तन : सीपी राधाकृष्णन

### मेले में किसानों को दिया गया प्रशिक्षण, स्टालों से भी लाभांन्वित हुए किसान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खरसावां।** विकसित गांव-विकसित भारत थीम पर गोंडपुर मैदान, खरसावां, झारखंड में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा आयोजित किसान समागम (कृषि मेला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम) का शुभारंभ झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन की अध्यक्षता और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आइसीएआर) की विभिन्न संस्थाओं, राष्ट्रीय बीज निगम, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, इफको, राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड, अटारी (पटना), कृषि विज्ञान केंद्रों, नेफेड, नाबार्ड व राज्य की विभिन्न संस्थाओं के साथ मिलकर यह वृहद आयोजन किया गया, जिसमें हजारों किसान शामिल हुए।

सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि केंद्रीय योजनाओं के जरिये क्रांतिकारी बदलाव करते हुए कृषि को बढ़ावा दिया जा रहा है। किसान देश के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, वे हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। इस परिप्रेक्ष्य में किसान हित में इस प्रकार के समागम अत्यंत सरहनीय है। प्रधानमंत्रीजी किसानों की आय में वृद्धि हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री मुंडा ने कहा कि गांवों-कस्बों-शहरों को विकसित बनाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार योजनाबद्ध ढंग से काम कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 तक देश को विकसित बनाने का संकल्प लिया है, जिसे हम सबको मिलकर पूरा करना है। श्री मुंडा ने किसानों से आग्रह किया कि सिर्फ एक फसल लेकर अपने खेतों को खाली नहीं रखें, बल्कि बहुफसली प्रणाली अपनाकर आय बढ़ाते हुए देश के विकास में योगदान दें। केंद्र ने खेतों की मिट्टी की जांच करने की सुविधा मुहैया करायी है, जिसका किसान लाभ उठायें, इसमें विभाग पूर्णतः सहयोग करेगा। उन्होंने झारखंड की माटी के वीर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि इन्हें सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब हम अपने खेतों को हरा-भरा बनायें। इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अनेक योजनाएं प्रारंभ की गयी है, जिनका सुचारू रूप से संचालन किया जा रहा है। खेती के लिए ड्रोन एवं नैनो यूरिया का उपयोग भी इसमें अहम है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से मातृ शक्ति गांवों को विकसित बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है, जिनमें हजारों पीएम ड्रोन दीदी शामिल हैं।

इस मौके पर राज्यपाल व केंद्रीय मंत्री ने प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया। 150 से अधिक स्टॉल लगाये गये थे, जहां बड़ी संख्या में किसानों ने जानकारी लेकर लाभ प्राप्त किया। किसानों के लिए केंद्र की योजनाओं का लघु फिल्म द्वारा प्रचार-प्रसार किया गया। किसानों को इफको द्वारा नैनो यूरिया किट, एचआइएल द्वारा सुरक्षा किट व पौधों का वितरण किया गया। चारा बीज उत्पादन पर प्रशिक्षण के साथ कृषि अवसंरचना कोष, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्राकृतिक खेती, ड्रोन का उपयोग, कृषि को उद्यम के रूप में विकसित करने, नैनो यूरिया सहित पीपीवीएफआरए गतिविधियों व अन्य योजनाओं के बारे में जागरूकता का प्रसार किया गया। माध्यमिक कृषि, मुर्गीपालन, एकीकृत कृषि प्रणाली आदि से अवगत कराया गया। मेले में सांसद संजय सेठ व बिद्युत बरन महतो सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कृषि वैज्ञानिक, वरिष्ठ अधिकारी आदि उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को सब मिलकर पूरा करें: अर्जुन मुंडा



### गरीबों को साथ लेकर आगे बढ़ना है : अर्जुन मुंडा

**श्री मुंडा ने कहा कि किसान हितैषी मोदी सरकार ने कृषि क्षेत्र को हमेशा प्राथमिकता पर रखा है। इसी क्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के बजट को वर्ष 2013-14 के करीब 22 हजार करोड़ रुपये के मुकाबले चालू वर्ष में लगभग सवा पांच गुना तक बढ़ाया गया है। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ की है, जिसके जरिये किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है। मोदीजी की गारंटी की गाड़ियां गांव-गांव घूम रही है। हमें गरीबों को साथ लेकर आगे बढ़ना है। श्री मुंडा ने कहा कि किसान हित में श्री अन्न को बढ़ावा देने के लिए केंद्र के प्रयास जोरों पर है। सूदरवर्ती क्षेत्रों के आदिवासियों के कल्याण के लिए जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा कई कार्यक्रमों के साथ 24 हजार करोड़ रु. की पीएम-जनमन योजना भी प्रारंभ की गयी है।**

# शहीद बेदी पर पहुंचने वाले पहले राज्यपाल बने सीपी राधाकृष्णन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खरसावां।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को खरसावां शहीद बेदी पहुंच कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कृषि, कल्याण और जनजाति मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा, रांची सांसद संजय सेठ, स्थानीय विधायक दशरथ गागराई, जेबी तुबिद, पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, मंगल सोय, विजय महतो भी मौजूद थे। राज्यपाल ने पहले शहीद बेदी पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की। फिर स्थानीय आदिवासी परंपरा के अनुसार शहीद बेदी पर तेल डाला तथा पुष्प चक्र चढ़ाये। साथ ही शहीद बेदी की परिक्रमा भी की। इस दौरान राज्यपाल ने शहीद बेदी के दिउरी (पुजारी) विजय बोदरा से भी बातचीत की। श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद राज्यपाल ने शहीद बेदी पर लगायी गयी शिला की परिक्रमा कर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद वह गोंदपुर में भारत सरकार के कृषि मंत्रालय की ओर से आयोजित किसान समागम (शहीद किसान मेला) में शामिल हुए। इससे पूर्व खरसावां पहुंचने पर जिला प्रशासन की ओर से आरसीडी गेस्ट हाउस में राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। सांसद-विधायकों के साथ-साथ जिला प्रशासन के पदाधिकारियों ने राज्यपाल को बुके भेंट कर स्वागत किया। झारखंड के राज्यपाल बनने के बाद सीपी राधाकृष्णन का खरसावां में यह पहला दौरा था। इसके साथ ही सीपी राधाकृष्णन खरसावां शहीद बेदी पर श्रद्धांजलि अर्पित करनेवाले पहले राज्यपाल बन गये हैं।

### अर्जुन मुंडा और सांसद संजय सेठ भी रहे मौजूद

### पहले दिउरी विजय सिंह बोदरा ने की पूजा-अर्चना

खरसावां शहीद स्थल पर सुबह करीब आठ बजे दिउरी विजय सिंह बोदरा ने विधिवत ढंग से पूजा अर्चना की। करीब एक घंटे तक पूजा अर्चना करने के पश्चात लोग श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचे। श्रद्धांजलि देने का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों के सदस्यों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। सुबह करीब 11 बजे के बाद श्रद्धांजलि देने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। श्रद्धांजलि देने के लिए कोल्हान के विभिन्न क्षेत्रों से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे थे। इसके अलावे ओड़िशा से भी लोग पहुंचे थे। हजारों की संख्या में लोगों ने अपने पूर्वजों को श्रद्धांजलि अर्पित की। शहीद बेदी पर तेल व फूल चढ़ाया।

### राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

**मेष** आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।

**वृष** समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।

**मिथुन** आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।

**कर्क** काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।

**सिंह** कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।

**कन्या** बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।

**तुला** कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।

**धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड़यंत्र विफल रहेगा।

**मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**कुंभ** रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।

**मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

### मजिस्ट्रेट को पुलिस रिपोर्ट के आधार पर दोबारा जांच का निर्देश देने की शक्ति नहीं : हाइकोर्ट

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा है कि किसी मजिस्ट्रेट के पास पुलिस रिपोर्ट के आधार पर शुरू किये गये मामले में दोबारा जांच या नये सिरे से जांच करने का निर्देश देने की कोई शक्ति नहीं है। दरअसल रांची एसीबी कोर्ट ने योगेंद्र प्रसाद के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। वारंट जारी किये जाने के आदेश को योगेंद्र प्रसाद ने हाइकोर्ट में चुनौती दी थी। उनकी याचिका पर हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 173(8) की भावना जांच जारी रखने की बात करती है, लेकिन यह दोबारा जांच पर रोक लगाती है।

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सौरभ शेखर ने बहस की राज्य सरकार की ओर से लोक अभियोजक प्रिया श्रेष्ठ ने बहस की। इस मामले में एसीबी कोर्ट के विशेष न्यायाधीश ने जांच अधिकारी द्वारा दायर साक्ष्य ज्ञापन के साथ एक पत्र में शामिल याचिका के आधार पर याचिकाकर्ता के खिलाफ गिरफ्तारी का गैर-जमानती वारंट जारी किया था। आदेश में यह कहा गया कि उसने सबूतों से छेड़छाड़ की थी या जघन्य अपराध के आरोप में गिरफ्तारी से बच रहा था, जबकि उपाधीक्षक द्वारा पहले ही अंतिम फॉर्म जमा कर दिया गया था। इसमें उसे दोषमुक्त कर दिया गया था, जिसे विशेष न्यायाधीश ने स्वीकार कर लिया था। हाइकोर्ट ने दोनों पक्षों के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि यह अच्छी तरह से स्थापित है कि किसी भी व्यक्ति की स्वतंत्रता को हल्के तरीके से नहीं छीना जा सकता है और ऐसे आदेश जारी करने के कुछ मानदंड हैं, जिनका पालन नहीं किया जाता है।

# पुलिस को वक्त-बेवक्त चुनौती दे जाते ये 39 बड़े नक्सली

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड के 39 बड़े नक्सली नेता पुलिस के लिए सिरदर्द बने हुए हैं। इनमें माओवादियों की संख्या ज्यादा है। ये पूरे राज्य में सक्रिय हैं। पुलिस लगातार इनके खिलाफ अभियान चलाती है। ऐसे में कभी पुलिस नक्सलियों पर तो कभी नक्सली पुलिस पर हावी होती है। इन बड़े नक्सलियों को लेकर सूचना मिलने पर जब पुलिस अभियान चलाती है, तो ये सरगना पड़ोसी राज्यों में छिप जाते हैं। झारखंड पुलिस ने 39 माओवादी सरगनाओं को चिह्नित किया है। सभी को अलग-अलग श्रेणियों में रखा गया है। पुलिस को विशेष तौर पर इनकी तलाश है। सभी झारखंड पुलिस के लिए लगातार चुनौती बने हुए हैं।

**ए प्लस श्रेणी :** प्रयाग मांझी, मिसिर बेसरा, पतिराम मांझी और असीम मंडल। मिसिर बेसरा को छोड़ कर सभी माओवादियों की सेंट्रल कमेटी के मेंबर हैं। मिसिर बेसरा पोलित ब्यूरो मेंबर है।

**ए श्रेणी :** अनुज, ब्रजेश गंझू, चमन उर्फ लंबू, लालचंद्र हेंब्रम, रघुनाथ हेंब्रम, अजय महतो और प्रकाश महतो। टीपीसी सुप्रीमो ब्रजेश गंझू को छोड़कर सभी भाकपा माओवादी संगठन के सैक सदस्य हैं।

**बी श्रेणी :** मेहनत, रणविजय महतो, छोटू खेरवार, मार्टिन केरकेट्टा, आक्रमण गंझू, रामप्रसाद मारडी, नितेश यादव, रविंद्र गंझू, अमित मुंडा, बेला सरकार, गणेश भारती, पूनम और मदन महतो। ये सभी नक्सली रिजनल कमिटी के मेंबर हैं।

# सीएम हेमंत ने झारखंड वासियों को नव वर्ष की शुभाकामनाएं दीं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। सीएम ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि नववर्ष 2024 के मौके पर आप सभी को अनेक-अनेक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। यह साल आप सभी के जीवन में खुशियां लाये। सभी स्वस्थ्य, सुखी और संपन्न रहें। यही कामना करता हूं। उन्होंने कहा कि झारखंड के अमर वीर शहीदों और महान आंदोलनकारियों के सपनों का राज्य निर्माण करने की ओर हम मिल कर आगे बढ़ते रहें। राज्य की जड़ों को सिंचित कर उसे और सशक्त बनायें। जय जोहार, जय झारखंड।



**मुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत पर दुख जताया**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जमशेदपुर में सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर में सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत की दुःखद खबर से मन आहत है। परमात्मा दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्घटना में घायल लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। उल्लेखनीय है कि सोमवार तड़के बिष्टुपुर थाना के साई मंदिर गोल चक्कर के समीप सड़क दुर्घटना में छह युवकों की मौत हो गयी, जबकि दो लोग घायल हैं, जिनका इलाज चल रहा है।

## संपादक को धमकाने का मामला

# आज होटवार जेलर से इडी करेगी पूछताछ




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रभात खबर के प्रधान संपादक को धमकाने के मामले में होटवार जेल के जेलर प्रमोद कुमार से इडी आज पूछताछ करेगी। पूरा मामला शराब घोटाला मामले में जेल में बंद योगेंद्र तिवारी के नाम से प्रधान संपादक को फोन पर धमकाने से संबंधित है। इडी ने जेल से अलग-अलग नंबरों से धमकी दिये जाने के मामले को गंभीरता से लिया था और बीते 30 दिसंबर 2023 को इडी ने जेलर को समन जारी कर पूछताछ के लिए उपस्थित होने को कहा है।

### सेल और टेलीफोन बूथ के आसपास का सीसीटीवी फुटेज मांगा

इडी ने जेलर से योगेंद्र तिवारी के सेल और टेलीफोन बूथ के आसपास का सीसीटीवी फुटेज भी मांगा है। बता दें कि होटवार जेल में जेल मैनुअल के उल्लंघन के मामले आते रहे हैं। मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जेल में बंद वीआइपी कैदियों को जेल मैनुअल का उल्लंघन कर प्रतिबंधित सुविधाएं देने के मामले भी उजागर हुए हैं। इडी ने छापेमारी में इसका खुलासा भी किया था।

## मौसम खुशनुमा होने से लोगों ने नये साल पर की जमकर मस्ती

# 2 जनवरी से मौसम में बदलाव के आसार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** 1 जनवरी की धूम के साथ ही मौसम भी सोमवार को खुशहाल रहा। राज्य में इस दौरान धूप निकली रही। हालांकि ठंडी हवाओं के कारण लोगों को ठंड का एहसास अधिक हुआ। मौसम खुशनुमा होने के कारण लोगों को पिकनिक और नये साल की खुशी मनाने में कहीं भी खलल नहीं पड़ी। लेकिन 2 जनवरी से राज्य के मौसम में असर देखा जायेगा। 2 जनवरी से राज्य में बारिश की संभावना है। इस दौरान हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होगी।

मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो 1 जनवरी से राज्य के उत्तर पश्चिमी, मध्य और निकटवर्ती दक्षिणी हिस्से में बारिश के आसार हैं। इसमें पलामू, लातेहार, गढ़वा, कोडरमा, चतरा, लोहरदगा, गुमला, रांची, खूटी, रामगढ़ बोकारो, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, सिमडेगा में बारिश में की संभावना जतायी गयी है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो पश्चिमी विक्षोभ के असर के कारण राज्य में बारिश होगी।मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद की मानें तो विक्षोभ कमजोर होने के कारण राज्य के कुछ हिस्सों में ही इसका असर देखा जायेगा। विक्षोभ का असर राज्य में 4 जनवरी तक देखा जोयगा। हालांकि 4 जनवरी की शाम से मौसम बारिश की संभावना कम है। इस दौरान राज्य में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। वहीं, राज्य के अन्य हिस्सों में इस दौरान बादल छाये रहेंगे। बारिश के बाद 5 से 7 जनवरी तक भी राज्य के कुछ हिस्सों में आंशिक बादल छाये रह सकते हैं। इस दौरान राज्य का औसतन न्यूनतम तापमान 12 डिग्री तक वहीं अधिकतम तापमान 22 डिग्री तक रहने की संभावना व्यक्त की गयी है। हालांकि आनेवाले पांच दिनों के बाद न्यूनतम तापमान में चार डिग्री तक की वृद्धि की जानकारी दी गयी है, जिससे लोगों को ठंड का एहसास कम होगा।

### झारखंड को मिलेंगे सात नये विश्वविद्यालय

**रांची। राज्य में 2024 में सात नये विश्वविद्यालय की स्थापना होनी है। इस दौरान चार अंगीभूत कॉलेजों को विश्वविद्यालय के रूप में अपग्रेड किया जायेगा, तो वहीं, तीन नये विश्वविद्यालय भी खोले जायेंगे। इससे भविष्य में झारखंड के शिक्षा के स्तर को सुधारा जा सकता है। राज्य में शिक्षा व्यवस्था को सुधारने की कवायद चल रही है। इसके तहत सात नये विश्वविद्यालय खोले जा रहे हैं। इनमें चार कॉलेजों को विश्वविद्यालय में अपग्रेड किया जायेगा और तीन नये विश्वविद्यालय खोले जायेंगे। देवघर कॉलेज, रांची महिला कॉलेज, केओ कॉलेज गुमला और जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज को विश्वविद्यालय में अपग्रेड किया जायेगा। इसके अलावा तीन नये विश्वविद्यालय स्थापित किये जायेंगे। इसके अलावा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय को एडवांस रिसर्च सेंटर ऑफ फिजिकल एंड नेचुरल साइंसेज और विनोबा भावे विश्वविद्यालय को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर साइबर सिक्योरिटी के रूप में विकसित करने की योजना है।**

# अरविंद उरांव को सम्मानित किया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने अरविंद उरांव को गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। अरविंद उरांव कुडुख भाषा की लिपि तोलग सिकी जो लुप्त हो रही थी इसके संरक्षण का कार्य किया। उनके काम से प्रभावित होकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में उनके कामों की सराहना की थी। यह झारखंड के लिए गौरव की बात है।

### एचइसी सप्लाईकर्मी कल मुख्यालय के समक्ष करेंगे प्रदर्शन

**रांची।** एचइसी सप्लाईकर्मी 3 जनवरी को मुख्यालय के समक्ष प्रदर्शन करेंगे। एचइसी बचाओ मजदूर जनसंघर्ष समिति के लालदेव सिंह ने सोमवार को बताया कि 2 जनवरी को समिति का एक प्रतिनिधिमंडल एचइसी के निदेशकों से मिल कर सप्लाई कामगारों के बोनस, उपस्थिति, इएसआइ, पे-स्लीप पर वार्ता करेगा। उन्होंने बताया कि निदेशक सप्लाई कामगारों की समस्याओं पर स्पष्ट जानकारी नहीं देंगे, तो आंदोलन होगा।

# नये वर्ष के स्वागत पर पिकनिक स्पॉट पर उमड़ी भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** नये साल के आगमन पर हजारीबाग के सभी पर्यटन स्थल और पिकनिक स्पॉट पर लोग परिवार और मित्रो संग पिकनिक मनाने पहुंचे। इस दौरान लोगों की भिड़ उमड़ पड़ी। लोग एक दूसरे को नव वर्ष की बधाई देते रहे। शहर के झील, स्वर्ण जयंती पार्क कैफेटेरिया, निर्मल महतो पार्क, कैनरी हिल, सिलवार पहाड़, छड़वा डैम के साथ नेशनल पार्क, सलपर्नी समेत अन्य स्थलों पर भी पिकनिक मनाने वालों की दिन भर भिड़ लगी रही। झील और कैनरी हिल लोगों का खास पसंदीदा जगह बन चुका है। यहां महिला पुरुष और बच्चे काफी खुश दिख रहे थे। इसके अलावा निर्मल महतो पार्क, कैफेटेरिया, सारले पार्क, जिला परिषद पार्क के अलावा अन्य पार्कों में भी भिड़ रही। कही लोग खाना बना रहे थे तो कही बना बनाया खाना खा रहे थे। साथ ही युवा डीजे की धुन पर थिरकने अपने घर लौटते दिखे।

**मुर्गा, खस्सी, मछली और शराब की बिक्री रही जोरों पर**

नये साल के अवसर पर मुर्गा, खस्सी, मछली और शराब की बिक्री जोरों पर रही। इन दुकानों पर खासा भिड़ देखने को मिली। खस्सी मिट 650 से 700 रुपये किलो मिल रहे थे वहीं मुर्गा मीट 200 से 220 रुपये किलो बेचा जा रहा था। मछली भी 180-200 रुपये किलो बिक्री हो रही थी।

### पुलिस प्रशासन दिखा मुस्तैद

पिकनिक स्पॉट के अलावे सड़को पर पुलिस मुस्तैद दिखी। सदर एसडीपीओ महेश प्रजापति, मुख्यालय डीएसपी राजीव कुमार, सदर थाना प्रभारी ललित कुमार, पेलावल थाना प्रभारी अभिषेक सिंह, कोर्रा प्रभारी निशी कुमारी, बड़ा बाजार प्रभारी घनश्याम सिंह, मुफ्फसिल प्रभारी बजरंग महतो, के अलावा इचाक थाना प्रभारी धनंजय सिंह, दारू प्रभारी अमित कुमार भी दल बल समेत सड़को पर सुरक्षा में लगे दिखे। इनके अलावा अन्य पुलिस पदाधिकारी और यातायात पुलिस सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद दिखे।

## ढिबरा लदा ट्रक जब्त, एक गिरफ्तार

कोडरमा। ढिबरा लदा शक्तिमान ट्रक जब्त कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि डोमचांच थाना क्षेत्र के सीमावर्ती थाना क्षेत्र ढाब के जंगल से कुछ व्यक्तियों के द्वारा अवैध रूप से ढिबरा उखन्न कर इसे एक शक्तिमान ट्रक में लोड कर ढाब बेहराडीह के रास्ते ग्राम बेलदरिया की ओर परिवहन कर बिक्री करने हेतु ले जाया जा रहा है। डोमचांच थाना प्रभारी पंचम तिग्गा के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। टीम ने बेलदरिया ग्रामीण सड़क पर उक्त वाहन को आता देख छापेमारी दल के द्वारा रोकने का संकेत दिया। छापेमारी दल द्वारा भाग रहे व्यक्तियों का पीछा किया गया और वाहन के चालक को पकड़ लिया गया साथ ही करीब तीन टन अवैध ढिबरा लदे शक्तिमान ट्रक को जब्त कर थाना लाया गया। मामले में सुरेश (ट्रक चालक) को गिरफ्तार किया गया। छापेमारी दल में सुबोध कुमार पाठक, मो दिलशाद अली व डोमचांच थाना सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

## टाटीझरिया में नव वर्ष का मनाया जा रहा जश्न



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में 2023की विदाई और 2024 के आगमन पर पूरे प्रखंड में जश्न मनाया जा रहा है लोगो में काफी उत्साह दिखाई दे रहा है नये वर्ष के आगमन में पूजा कर सुख समृद्धि की कामना किया है। प्रखंड के हर क्षेत्र में गाड़ी में बांधकर डीजे ले जाया जा रहा है। डीजे की धुन पर लोग थिरकते नजर आये यहां तक कि प्रखंड के विख्यात पिकनिक स्पॉट झरपो, भराजो के सिवाने नदी, अमनारी का, बौधाडेम, खैरा पंचायत का सिझुवा झरना झरपो का, कारीबद्दान धाम टाटीझरिया का चूना झरना, सहित अन्य स्थानों पर पिकनिक के लिए भीड़ उमड़ पड़ा है कोई अपने दोस्तों के साथ तो कोई अपने अपने परिवार के साथ पिकनिक में मौज मस्ती कर आनंद नव वर्ष का ले रहा है। चारों तरफ डीजे की धुन में धूम मचा है। एसपी के निर्देश पर प्रखंड के हर पिकनिक स्पॉट पर टाटीझरिया थाना प्रभारी आनंद आजाद ने गश्ती दल का पैनी नजर हुड़दूंगीयों पर रखा हुआ है, वाट्सएप और फोन के माध्यम से एक दूसरे को नव वर्ष के बधाई दिया जा रहा है समाचार लिखे जाने तक प्रखंड में शांति पूर्वक वर्ष का पहला दिन संपन्न हुआ।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर 35 लाख की परिसंपतियों का वितरण



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को लेकर चाराडीह और छतरबर में शिविर लगाकर केंद्र सरकार की 16 योजनाओं की जानकारी दी गयी। इस दौरान लगभग 35 लाख रुपये की परिसंपतियों का वितरण भी किया गया। मौके पर बीडीओ सुमन गुप्ता ने कहा कि केंद्र सरकार स्वच्छता अभियान के साथ साथ लोगों के रहने के लिए मकान के अलावा नल जल योजना उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि शौचालय का निर्माण घर घर में होने से घर की महिलाओं के साथ साथ अन्य लोगों बहार नहीं जाना पड़ता है और ना ही बारिश में अब जरूरतमंदों को किसी तरह की परेशानी नहीं उठानी पड़ती है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत प्रत्येक लोग बैंकों में बीमा की राशि कटायें ताकि जरूरत पर उन्हें लाभ मिल सके। एलडीएम निवास कुमार ने केंद्र प्रायोजित योजनाओं की जानकारी दी और ऋण जिस तरह ले रहे हैं उसे ससमय लौटाएं ताकि दूसरे को भी लाभ मिल सके। वहीं रांची से आये सेबी के डॉ. एस चटर्जी ने पैसे का उपयोग म्युचुअल फंड में करने की अपील की। मुखिया अनीता कुमारी ने कहा कि सरकार के द्वारा इस तरह का प्रयास सराहनीय है। मौके पर पंसस कृष्णा कुमार, चाराडीह बीओआई की शाखा प्रबंधक गीता सिंह, यूनियन बैंक झुमरीतिलैया के शाखा प्रबंधक के अलावा जिला, प्रखंड के पदाधिकारी आदि मौजूद थे। मंगलवार को भी शिविर का आयोजन किया जायेगा, जहां ग्रामीणों को पीएम आवास योजना, उज्वला योजना, घर घर नल योजना सहित केंद्र सरकार की सभी योजनाओं की जानकारी और परिसंपतियों का वितरण होगा।

## आवेदनों पर हुई कार्रवाई को लेकर बैठक

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान प्राप्त आवेदनों पर हुई कार्रवाई और उसके निस्पादन को लेकर सभी विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक किया। बैठक में उपायुक्त ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, अबुआ आवास योजना, गुरुजी स्टूडेंट्स क्रेडिट कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, केसीसी, जेएसएलपीएस से संबंधित योजना समेत कई योजनाओं से संबंधित आवेदनों की जानकारी ली। सभी पदाधिकारियों व प्रखंड विकास पदाधिकारी को प्राप्त आवेदनों का निस्तारण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के लाभ लेने हेतु जो आवेदन प्राप्त हुए हैं, उन आवेदनों का निस्पादन करते हुए लाभुकों को योजना का लाभ दें। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त ऋतुराज, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पुरेंदु, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा, जिला कल्याण पदाधिकारी नीली सरोज कुजुर, जिला शिक्षा पदाधिकारी नयन कुमार समेत पदाधिकारी व प्रखंड विकास पदाधिकारी व अन्य मौजूद रहे।

## `कोडरमा में डीसी ने तिलैयाडैम का भ्रमण कर व्यवस्था की जानकारी ली



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने चंदवारा प्रखंड के उरांव पंचायत अंतर्गत तिलैया डैम का भ्रमण किया। उपायुक्त ने तिलैया डैम में पिकनिक मनाने व घूमने आने वाले लोगों की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने तिलैया डैम में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि तिलैया डैम में पिकनिक मनाने व घूमने आने वाले लोगों को बेहतर सुरक्षा व्यवस्था देंगे। डैम में वोटिंग करने वाले को लाइफ जैकेट के साथ वोटिंग कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी नाविकों को आईडी कार्ड देने को कहा गया। साथ ही वोटिंग के समय तैराकों की भी नाव में रहने को कहा गया। उपायुक्त ने तिलैया डैम में बने टिकट काउंटर और अन्य भवनों के बारे में जानकारी ली। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने तिलैया डैम में रिसोर्ट बनाने से संबंधित प्रस्ताव को लेकर स्थल का निरीक्षण किया। इस मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदवारा, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार व अन्य मौजूद रहे।

## स्कार्पियों ने कमला फ्यूल्स के नोजल में मारी टक्कर, हुआ तेल का बहाव

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के होलंग में अवस्थित कमला फ्यूल्स में एक स्कार्पियों तेल लेने के लिए घुसा जो सीधे नोजल में टक्कर मार दिया। जिससे नोजल का बॉडी, उसके आगे का अवरोधक पाइप टूट गया और पिलर को भी छती पहुंचा है। नोजल मैन संजीत मुर्मू, मिथिलेश कुमार ने बताया कि गाड़ी की गति काफी तेज थी, गनीमत था कि नोजल मैन दूसरे साइड में खड़ा था और कोई अन्य वाहन वहां नहीं लगा था, अन्यथा बड़ी दुर्घटना घटित हो जाती। सबसे बड़ी बात स्कार्पियो चालक द्वारा नोजल को धक्का मारने के बाद तेजी से भागने लगा था, जिसे अन्य कर्मियों ने पीछा कर पकड़ा और थाने को गाड़ी सुपुर्द कर दिया गया है। फ्यूल्स के मालिक अमरेश सिंह ने बताया कि काफी नुकसान हुआ है, इसका अंदाजा, कंपनी के इंजीनियर आयेंगे तब ही लग सकेगा। गाड़ी टाटीझरिया के डोमन साव की बतायी जाती है।

# कोडरमा में अहिबरन जयंती और मिलन समारोह का आयोजन

**सांसद अन्नपूर्णा देवी और पूर्व जिप प्रधान शालिनी गुप्ता ने दी नये साल की बधाई**

आजाद सिपाही संवाददाता




**कोडरमा।** नये साल पर सोमवार को बरनवाल सेवा सदन में अहिबरन जयंती सह परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम और विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, पेंशनर समाज के अध्यक्ष नारायण मोदी, समाज के सचिव अजीत वर्णवाल, सतीश कुमार दीपू ने दीप प्रज्जवलित करके किया। इस दौरान अतिथियों ने महाराज अहिबरन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। अपने सम्बोधन में सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज आगे बढ़ता है और संगठन मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में यह समाज आगे बढ़ रहा है, यह हर्ष का विषय है। पूर्व जिप प्रधान शालिनी गुप्ता ने नये साल की शुभकामना देते हुए ऐसे आयोजनों की सराहना की और कहा कि इससे समाज की एकता को भी बल मिलता है। उन्होंने कहा कि समाज के साथ और हित में सदैव कार्य करती रहूंगी। पेंशनर समाज के अध्यक्ष नारायण मोदी, आरके बसन्त और अजीत वर्णवाल ने समाज की एकता पर बल देते हुए सकारात्मक कार्य करने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन अजीत वर्णवाल ने किया वहीं आयोजन समिति अध्यक्ष सतीश कुमार दीपू और शंभूलाल ने आयोजन में सहयोग देने के लिए समाज के लोगों के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नारायण मोदी, सच्चिदानंद प्रसाद, निरंजन लाल, सतीश कुमार, शंभू बरनवाल, भोला कुमार, अक्षय बरनवाल, सुबोध लाल, अतुल कुमार, दीपक कुमार, दीपक बरनवाल, उमेश लाल, अशोक बरनवाल, आशीष कुमार, संजय बरनवाल, चुन्नू लाल, दीपक कुमार, आनंद कुमार, अमन कुमार, आदर्श कुमार, शिवम कुमार, प्रदीप कुमार, सविता बरनवाल, सीमा बरनवाल, कंचन बरनवाल, राखी देवी, रीता देवी, आशा बरनवाल, ममता बसंत, पूनम बरनवाल, रूपा देवी, निकिता बरनवाल, पिंकी बरनवाल, अनीता बरनवाल, ललिता देवी समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे। इस दौरान बालक बालिकाओं और महिलाओं के लिए कुर्सी दौड, चम्मच दौड़ का भी आयोजन किया गया।

## बाजारों में पसरा रहा सन्नाटा और गुलजार रहे पिकनिक स्पॉट, बड़ा हादसा टला



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** नये साल के पहले दिन चौक चौराहों और बाजारों में कर्फ्यू सा नजारा दिखा। ज्यादातर दुकानें बंद रहीं। बस सन्नटा ही सन्नाटा पसरा रहा। गुलजार रहे तो पिकनिक स्पॉट्स। सुबह मटन, चिकेन और मछली विक्रय स्थलों पर भीड़ जरूर दिखी, मगर दिन के चढ़ाव के साथ बाजारों में आदमियों के टोटे पड़ने शुरू हो गये। लोगों ने नये साल का जश्न मनाने अपने अपने पसंददीदा जगहों की तरफ रुख कर लिया। दुकानें कम खुलीं। दुकानदार ग्राहकों की बाट जोहते रहे, पर ग्राहक नदारत रहे। विष्णुगढ़ का जमुनिया डैम और कोनार डैम पिकनिक मनाने वालों को खूब आकर्षित करता है। दोनों जगह नए साल का जश्न मना। जश्न में शराब भी पी जाती है। बगैर शराब जश्न नहीं मनता। इसीलिए आज के दिन दुर्घटना घटने की आशंका बलवती रहती है। नये साल के पहले दिन इन्ही आशंकाओं के कारण पुलिस स्टैंडबाई में रहती है। तमाम हादसों के पीछे की वजह शराब होती है। कोनार डैम में बड़ा हादसा टला-कोनार डैम में पिकनिक मनाने आये कुछ लोग आज दुर्घटना का शिकार होने से बाल बाल बच गये। मालूम हो कि कोनार डैम में नौकायन भी होता है। कुछ लोग नौका विहार का लुत्फ लेने नाव पर सवार होकर डैम का परिभ्रमण कर रहे थे। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। इनकी नाव पलटते पलटते बची। यह हादसा वहां हुआ जहां पानी कम था और उनके जानें बच गईं। कुछ लोगों की मोबाइल फोन भी भीग गया। नाविक से पैसे वापिस करने को लेकर भी नोकझोक हुई। बता दें कि कोनार डैम में नाव का संचालन करने वाले अप्रशिक्षित हैं इस बात को लेकर भी झड़प हुई।

# वृंदाहा वॉटरफॉल घूमने आये तीन दोस्तों में एक लापता

**मामला हत्या या घटना दोनों पहलुओं पर पुलिस कर रही है जांच**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** बिहार के समस्तीपुर ब्रह्मपुर गांव से कोडरमा के वृंदाहा वॉटरफॉल घूमने आये तीन दोस्तों में एक दोस्त की लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। घटना रविवार देर शाम की बतायी जा रही है। बताया जाता है की तीनों युवक रविवार की सुबह कोडरमा पहुंचे थे। जहां से वे तीनों कोडरमा स्टेशन के सुलभ शौचालय में कार्यरत अपने एक रिश्तेदार की मोटरसाइकिल लेकर पहले तिलैया डैम गये और वहां से गूगल के जरिये सर्च कर शाम करीब 4:30 बजे कोडरमा प्रखंड के जरगा पंचायत स्थित वृंदाहा फॉल पहुंचे थे। जहां तीनों ने जमकर शराब पी। शराब पीने के बाद तीन युवको में से एक युवक चंदन कुमार वृंदाहा के समीप ही सो गया। थोड़ी देर बाद उसके दो अन्य साथी विनीत कुमार और अभिषेक कुमार भी शराब के नशे में उसी जगह पर सो गये। रात 8 बजे जब उनकी नींद टूटी तो चंदन ने अभिषेक को उठाया और फिर विनीत की खोजबीन करने लगे, लेकिन विनीत का कुछ पता नहीं चल सका और वह दोनों देर रात तक विनीत की खोजबीन करते रहे। घटना के अगले दिन सोमवार वहां से लिफ्ट लेकर तिलैया थाना पहुंच और मामले की जानकारी अपने परिजनों और पुलिस को दी। फिलहाल मामला हत्या या घटना का है दोनों पहलुओं पर पुलिस जांच कर रही है।

## 15 जनवरी तक हर घर श्री राम जन्मभूमि पूजित अक्षत पहुंचाना है: अरविंद मेहता



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र श्री अयोध्या से आये श्री रामचंद्र जी की पूजित अक्षत निमंत्रण स्वरूप हर एक परिवार तक पहुंचाने तक की तैयारी विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने पूरी कर ली है। जिसकी जानकारी विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री अरविंद मेहता ने दिया। हजारीबाग जिले के भीतर 1246 गांव में रहने वाले हर एक राम भक्त तक कार्यकर्ता अक्षत लेकर निमंत्रण देने जायेंगे। यह कार्यक्रम 1 जनवरी से लेकर 15 जनवरी तक चलेगी और 22 जनवरी को मंदिर केंद्रित कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया है। जिसमें सामूहिक आरती भजन संकीर्तन पूजा पाठ इत्यादि बड़े धूमधाम से किये जायेंगे तथा संध्या बेला में घर-घर समेत मंदिरों तक दीप जलाकर दीपावली मनाये जायेंगे। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल समेत तमाम राम भक्त हिंदू समाज के लोग बड़े ही उत्साह पूर्वक लगे हुए हैं। विश्व हिंदू परिषद इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संकल्पित है और सभी से शांतिपूर्ण और भक्ति पूर्ण वातावरण में कार्यक्रम को सफल बनाने की आवाहन करती है।

# मरकच्चो में पिकनिक स्थलों पर उमड़ी भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता



**मरकच्चो।** नये साल का पहला दिन सोमवार को लोगों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया। रात 12 बजे के बाद से ही सोशल मीडिया व एस एम एस के माध्यम से लोगों ने एक-दूसरे को नये वर्ष की शुभकामना के संदेश दिये। सुबह होते ही लोगो ने मंदिरों में जाकर पूजा-अर्चना कर अपने और अपने परिवार की मंगल कामना की। सोमवार को सुबह 11 बजे तक कोहरे के बीच लोगों की दिनचर्या थमी रही। धूप निकलते ही युवाओं की टोली पिकनिक स्पाट पर निकलने लगी। प्रखंड का प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मरकच्चो के बेरहवा जंगल स्थित कर्मा धाम, कानीकेंद जंगल स्थित मां चंचालनीधाम, मरकच्चो प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचखेरो जलाशय में दिनभर सैलानियों की भीड़ लगी रही। क्षेत्र में पुलिस गश्ती तेज रही। हालांकि शराब पीकर तेज रफ्तार में वाहन चलाने वाले युवक से लोग थोड़ा परेशान रहे। अब तक कहीं से कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। पंचखेरो डैम में लोगों को लुभाने के लिए तीन मोटरबोट की व्यवस्था की गयी थी जिसपर लोग परिवार व दोस्तो के साथ नोका विहार का मजे ले रहे थे। साथ ही सेल्फी पॉइंट बनाया गया था जहां लोग सेल्फी लेते देखे गये।

### सतगावां में सुरक्षाबलों का पुख्ता इंतजाम



सतगावां। प्रखंड में सोमवार को पेट्रो जलप्रपात पिकनिक स्थल काफी रहा गुलजार रहा। लोगों ने नाच गाकर नया साल का जश्न शांतिपूर्ण तरीके से मनाया। लोगों ने पर्यटक क्षेत्र पेट्रो जलप्रपात, पचफेड़वा, मैसरवाधाम आदि स्थानों पर अपनी सुविधानुसार पिकनिक मना कर नया साल मनाया। प्रशासन की चौक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था थी। वही पेट्रो जलप्रपात में प्रशासनिक सुरक्षा में तैनात प्रखंड विकास पदाधिकारी ओमप्रकाश बड़ाईक, पुलिस बल से थाना प्रभारी आनंद कुमार शाह पूरे दलबल के साथ मुस्तैद दिखे। प्रशासन के द्वारा लोगों से गहरे पानी में ना जाने, साफ सफाई पर ध्यान रखने, गंदगी ना फैलाने ऐसे कई दिशा निर्देश सैलानियों को दिया गया। मौसम भी काफी सुहाना दिखा। सुबह से ही कोहरे की चादर से पूरा प्रखंड ढका हुआ था। पिकनिक स्थल पर लोगों का हुजूम थोड़ा कम रहा जिसके कारण पिकनिक स्थल पर कम भीड़ भाड़ देखा गया।

## बरकट्ठा में हर्षोल्लास के साथ मना नववर्ष



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के लोगों ने नववर्ष हर्षोल्लास के साथ मनाया। लोगों ने सोमवार के अहले सुबह एक दुसरे को नये साल की बधाई दी। बरकट्ठा के विभिन्न स्थानों में लोगों की भीड़ पिकनिक स्पॉट पर युवाओं कि टोली ने डीजे की धुन पर नाच गाकर नव वर्ष का जमकर जश्न मनाया। पर्यटक स्थल सुर्यकुंड में दुर दराज इलाकों से बडी संख्या में लोग पिकनिक मनाने जुटे। लोगों का सुर्यकुंड और अन्य पिकनिक स्पॉट पर आना शुरू हो गया था। सुर्यकुंड के अलावे पतालसुर नदी तट, बेलवा नदी घाट, बरसोती नदी घाट, निशनलगवा पहाड़ी झरना समेत अन्य स्थानों में लोगों की काफी भीड़ देखीं गयी। नव वर्ष पर बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, पूर्व जिप उपाध्यक्ष चंदन देवी, पूर्व प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव ने लोगों को शुभकामनाएं दी है। नववर्ष के मौके पर धार्मिक पर्यटक स्थल सूरजकुंड में दुर दराज क्षेत्रों से पहुंचे हजारों लोगों ने गर्मजल कुंड में स्नान कर प्राचीन मंदिर और सूर्य मंदिर में पूजा अर्चना की।

# अरविंद कुमार सिंह ने हजारीबाग के नये एसपी के रूप में लिया प्रभार


आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के नये एसपी के रूप में अरविंद कुमार सिंह ने सोमवार को प्रभार लिया। उन्होंने निवर्तमान एसपी मनोज रतन चौथे से प्रभार लिया। इससे पहले समाहरणालय में ही नए एसपी को गॉड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान जिले के पत्रकार से भी मुखातिव हुए। कहा की हजारीबाग जिले में पहले भी कार्य करने का मौका मिला था मगर उस वक्त मैं डीएसपी था, अब जिले के कप्तान की जिम्मेवारी मिली है। जनता के सहयोग से जिले को क्राइम फ्री बनाना पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही पत्रकारों से जिले की समस्या को भी जाना। जिले में अवैध कार्यों पर पूर्णतः विराम लगाने और नशा मुक्त जिला बनाने की भी बात कही। उन्होंने कहा की जिला चलाना एक व्यक्ति की बस की बात नहीं इसमें सबों का सहयोग आवश्यक है। मैने पहले भी यहां काम किया है उसका अनुभव भी आगे काम करने में मिलेगा। यहां की जनता से भी पूर्व में मिल चुका हूं हजारीबाग जिला मेरे लिए नया नही है इन सबों से मुझे सहयोग मिलेगा। हजारीबाग की जनता से अपील करते हुए कहा कोई भी समस्या हो तो निर्भीक रूप से संपर्क कर सकते है। विधि व्यवस्था को बरकरार रखना प्राथमिकता होगी। साथ ही कहा की अगर कोई थाना आपका केस नही लेता या कोई पुलिस पदाधिकारी आपकी बात नहीं सुनती तो हमसे संपर्क करें।

# सांसद ने सऊदी अरब में फंसे मजदूरों को भारत वापस लाने के लिए विदेश मंत्री से किया आग्रह

हर परिस्थिति में हजारीबाग के नागरिकों के साथ खड़ा हूं: जयंत सिन्हा





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** हजारीबाग सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा ने हजारीबाग लोकसभा वासियों के साथ हर सुख-दुख में खड़े रहते हैं। क्षेत्र का कोई नागरिक चाहे देश में हो या विदेश में वे उसकी सहायता करते हैं। सऊदी अरब में हजारीबाग के 25 मजदूरों समेत गिरिडीह जिले के 16 और बोकारो जिले के 4 मजदूर फंसे हुए हैं। यह सभी वहां रोजगार की तलाश में गये थे। हजारीबाग के मजदूरों के परिवारों ने जयंत सिन्हा से उन्हें भारत वापस लाने हेतु मदद मांगी। इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए उन्होंने विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर से आग्रह किया है और विदेश मंत्रालय से लगातार चर्चा कर रहे हैं। सांसद जयंत सिन्हा ने विदेश मंत्री से कहा कि हमें यह जानकारी दी गयी है कि इन सभी मजदूरों को एजेंट द्वारा सऊदी अरब के अल-हरिक शहर में कंपनी में काम करने के लिए मई 2023 में भेजा गया था। ये सभी मजदूर वहां फंस चुके हैं, इनका पासपोर्ट जब्त कर लिया गया है और पिछले 5 महीने से उन्हें वेतन भी नहीं दिया जा रहा है। इनको दिन में मात्र एक समय ही भोजन दिया जाता है। यह सभी भारत वापस आना चाहते हैं लेकिन पासपोर्ट के अभाव में यह मुमकिन नहीं हो पा रहा है। सांसद विदेश मंत्री से आग्रह किया है कि वे इस मामले की गंभीरता को देखते हुए शीघ्र ही ठोस कदम उठाने की कोशिश करें और सऊदी अरब स्थित भारतीय दूतावास को इन मजदूरों को जल्द से जल्द भारत भिजवाने का निर्देश दें। विदेश मंत्रालय ने बताया कि उन्होंने मजदूरों की सहायता के लिए सऊदी अरब स्थित भारतीय दूतावास को निर्देश दिया है। दूतावास के अधिकारीयों ने कंपनी, हितधारकों और मजदूरों से संपर्क कर लिया है। इस गंभीर मामले के शीघ्र समाधान के लिए वे साइट का दौरा कर रहे हैं। दूतावास ने मामले पर बारीकी से नजर बनाई हुई है और श्रमिकों को हर संभव सहायता मिले यह सुनिश्चित किया जा रहा है।

## नागरिकों की सेवा और सहायता के लिए 24 घंटे उपलब्ध हूं : जयंत सिन्हा

सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि मैं अपने क्षेत्र के नागरिकों की सेवा व सहायता में 24 घंटे उपलब्ध हूं और हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ा हूं। विदेश में आज हर भारतीय इस विश्वास से रह रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार उनकी सहायता के लिये सदैव उपलब्ध है। हमारे सभी श्रमिक सकुशल भारत वापस लौटें, मेरी यही कामना है। उन्होंने हर सहयोग उपलब्ध करवाने के लिए प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री का आभार व्यक्त किया।

# मांडू में पिकनिक स्पॉट रहे गुलजार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मांडू।** मांडू व आसपास के क्षेत्रों में रविवार को पिकनिक स्पॉट में लोगों की भीड़ रही। क्षेत्र के दूधी नदी, बोकारो नदी, सेमरा, चौथा नदी, रंगुबेड़ा, रंगमटिया, 42 नदी और कृषि विज्ञान केंद्र में पिकनिक मानने वालो की भीड़ देखी गयी। लोग अलग अलग टोली बना कर पिकनिक मनाने के लिए पहुँचे थे। वही मांडू के लाइन होटल भी गुलजार रहे। होटलों पर लोगों की खचाखच भीड़ देखी गयी। लोग अपने परिजनों के साथ होटलों में पिकनिक मानते दिन भर देखे गये।

## सनराइज एकेडमी के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण में बटोरी महत्वपूर्ण जानकारियां



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पटेलनगर स्थित सनराइज एकेडमी के विद्यार्थियों ने टाईपिंग शिक्षक रजनीश प्रसाद, कम्प्यूटर शिक्षिका नेहा कुमारी व कमलेश मेहता के नेतृत्व में शैक्षणिक भ्रमण के लिए पतरातू रवाना हुए। मौके पर छात्र-छात्राओं ने पतरातू के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर कई ज्ञानवर्द्धक जानकारियां बटोरी। साथ ही एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाते हुए जमकर मस्ती भी की। कम्प्यूटर शिक्षिका नेहा कुमारी ने कहा कि ऐसे भ्रमणों से तन व मन दोनों तरोताजा होता है। साथ ही इससे शरीर में नये ऊर्जा का भी संचार होता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से आपसी भाईचारगी तो बढ़ाती ही है साथ ही विद्यार्थियों को एक-दूसरे के बारे में जानने व आगे क्या बनना है या क्या करना है इसके बारे में भी जानने का अवसर देता है। वहीं कमलेश मेहता ने कहा कि बहुत कम ही ऐसे अवसर मिलते हैं जब सभी छात्र-छात्राएं एक साथ बैठ कर सामुहिक भोज का आनंद उठा सके। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के साथ बिताए पल मुझे तो जीवन भर याद ही रहेगा, बच्चे इस इस पल का कभी नहीं भूलंगे। श्री मेहता ने कहा कि वर्ष में एक बार तो इस तरह के कार्यक्रम मिल-जुलकर करनी ही चाहिए। शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां भी मिलती है।

# डीएवी में नये प्राचार्य आलोक ने दिया योगदान

विद्यालय में बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करना हमारी प्राथमिकता : आलोक कुमार



**अमरजीत कुमार**

**कुजू (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल आरा-कुजू में 11वें नये प्राचार्य के रूप में आलोक कुमार ने सोमवार को अपना योगदान दिया। इस दौरान प्रभारी प्राचार्य सीडी मेहता के नेतृत्व में शिक्षकों ने पुष्पगुच्छ देकर नववर्ष की शुभकामनाएं-बधाईयां और स्वागत करते हुए पदभार सौंपा। स्वागत पश्चात आलोक कुमार ने आजाद सिपाही संवाददाता से बातचीत के दौरान कहा कि डीएवी आरा अपनी शिक्षा प्राप्ति ख्याति को आगे भी बरकरार रखेगा। हमे डीएवी परिवार का सदस्य होने पर गर्व है। कहा कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास और विद्यालय में पहले से बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होने बताया कि इससे पूर्व, डीएवी स्कूल भरेचनगर में पीजीटी जीव विज्ञान के शिक्षक के रूप में 20 साल सेवा दिया हूं। वहीं, 2 साल डीएवी झींकपानी में भी सेवा देने का कार्य किया। साथ ही, विद्यालय का औचक निरीक्षण के दौरान सीडी मेहता समेत अन्य शिक्षकों से कई महत्वपूर्ण जानकारियां ली। नववर्ष की पहली तारीख पर नये प्राचार्य आलोक कुमार की आगमन के मौके पर शिक्षक चंदन कुमार और एके झा के नेतृत्व में विद्यालय परिवार द्वारा परिसर में परंपरागत यज्ञ हवन कार्यक्रम किया गया। हवन कार्यक्रम के बाद आलोक कुमार ने मौजूद विद्यालय परिवार के सदस्यों को नववर्ष की बधाई देते हुए मिलजुल कर द्वेषरहित होकर नई उमंग के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। विद्यालय को नये आयाम पर पहुंचाने के हर संभव प्रयास करने पर बल दिया। इस अवसर पर आलोक कुमार की पत्नी रगिनी कुमारी, सुपुत्री अर्पिता, अर्चिता, शिक्षक डी पांडेय, एसए बरियार, आरएस शर्मा, आरपी सिन्हा, नीलेंदु झा, रवि शंकर मिश्रा, एमके वर्मा, एके तिवारी, केपी गुप्ता, विजय मिश्रा समेत कई सदस्य मौजूद रहे।

## जयनगर में पिकनिक स्पॉट पर उमड़ी भीड़

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के विभिन्न पिकनिक स्थलों पर नव वर्ष मानने को लेकर लोगों की भारी भीड़ देखी गयी। बराकर नदी के किनारे तथा अन्य जगह पर प्रखंड के विभिन्न गांव से लोग नव वर्ष को सेलिब्रेट करने व पिकनिक मनाते देखा गया। इस दौरान छोटे-छोटे टुकड़ों में अपने-अपने दोस्तों तथा परिवार के साथ पिकनिक का आनंद लोगों ने उठाया। इस दौरान पिकनिक मनाने वाले लोगों ने जमकर विभिन्न व्यंजनों का आनंद उठाया। आदर्श शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय बाघमारा के प्राचार्य प्रोफेसर दशरथ प्रसाद राणा ने कहा कि नये वर्ष के अवसर पर लोग धूमधाम से अपने परिवार के साथ इन स्थलों पर आकर के पिकनिक मनाते हैं और प्रकृति के मनोरंजन दृश्य का आनंद लेते हैं। यही एक अवसर होता है जब अपने सपरिवार के साथ मिल बैठकर दुख दर्द को बयां करते हुए नव वर्ष को मानते हैं। मौके पर दशरथ प्र राणा, मेघलाल राणा, किशोर राणा, राजेंद्र राणा, अजय राणा, सकलदेव राणा, दीपक राणा, विजय राणा, रंजीत राणा, विशाल राणा, रियांश राणा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## अक्षत वितरण अभियान का रामगढ़ में शुभारंभ



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** विश्व हिंदू परिषद रामगढ़ नगर इकाई के द्वारा अयोध्या से आये पूजित अक्षत वितरण का प्रारंभ रामगढ़ नगर के सेवा बस्ती लेप्रोसी कॉलोनी रामगढ़ में किया गया। जिसमें मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश मंत्री सह प्रांत के आमंत्रण पत्र अभियान प्रमुख मनोज पोद्दार और विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री सह आमंत्रण पत्र अभियान प्रमुख मंत्री छोटू वर्मा उपस्थित थे। सभी ने घर-घर जाकर अयोध्या से आये हुए पूजित अक्षत और आमंत्रण पत्र को देते हुए 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में होने वाली पूर्ण कार्यक्रम के बारे में विस्तृत रूप बताया। मनोज पोद्दार ने कहा कि आगामी 22 जनवरी को हम सभी लोगों का अपने घर के पास अयोध्या रूपी माहौल बनाना है। अपने ही घर, मोहल्ला, पड़ोसी में मिलकर भव्य रूप से दीपावली से भी बढ़कर इस बार दिवाली मनानी है। मौके पर नगर के आमंत्रण अभियान प्रमुख अवधेश कुमार, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सह मंत्रीगौतम कुमार महतो, विद्यार्थी परिषद के कॉलेज अध्यक्ष नितेश कुमार, प्रवेश शर्मा बिरजू गोयंका, संतोष सिंह, सुनिल कुमार ठाकुर, राहुल मोदी, राजा कुमार, चंदन कुमार आदि उपस्थित थे।

## असहाय लोगों के बीच बांटे गये कंबल



**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** हंटरगंज प्रखंड के दंतार पंचायत के लेढ़ो गांव में पंचायत समिति सदस्य संतोष भारती ने सोमवार को गरीब असहाय एवं जरूरत मंद लोगों के बीच 150 कंबल वितरण किया। यह कंबल उन्होंने अपने निजी खर्च से खरीदकर किया। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य ने बताया कि सरकार पंचायत समिति सदस्यों के साथ भेदभाव कर रही है। जनप्रतिनिधियों को एक समान अधिकार नहीं दे रही है। सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये कंबल वितरण में भी पंचायत समिति सदस्यों की उपेक्षा की गयी है। संतोष भारती ने कहा कि कड़कड़ाती ठंड में लाचार, असहाय व गरीबों को बचाने के लिए अपने निजी मद से कंबल खरीद कर सभी धर्म और समुदाय के जरूरतमंदों को कंबल दिया गया है। जिन्हें वास्तविक में कंबल की जरूरत थी उन्हें ढूंढ कर दिया गया। धर्म और जाति बंधन से दूर हटकर ठंड के मौसम कंबल का वितरण किया गया। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य के अलावे वार्ड सदस्य सुमन देवी, राजेश भारती, राम अवतार भारती, विजय यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# भुरकुंडा कोयलांचल सहित पतरातू डैम में पिकनिक मनाने के लिए उमड़ा जन-सैलाब

भुरकुंडा, बसल क्षेत्र के लोगों ने नववर्ष 2024 का जमकर उठाया लुत्फ



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुरकुंडा।** नववर्ष 2024 के आगमन को लेकर भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार को पिकनिक की धूम रही। पिकनिक में लोगों ने एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजनों के साथ मनोहारी नृत्य और संगीत का जमकर आनंद लिया। मालूम हो कि पतरातू डैम की पहचान एक प्रसिद्ध पिकनिक स्पॉट के रूप में की जाती है। यहां जलाशय बाहें फैलाए सैलानियों का इंतजार करते रहती है। प्रत्येक नये वर्ष के अवसर पर इस जलाशय पर पिकनिक मनाने के लिए सैंकड़ों लोग आया करते हैं। छुट्टियों और नये वर्ष के अवसर पर हजारों की संख्या में सैलानी पतरातू डैम पहुंचकर अपनी थकावट को दूर करने के साथ-साथ हसीन वादियों के बीच पिकनिक मानने का लुत्फ उठाते हैं। इधर सोमवार पहली जनवरी को भी पतरातू डैम में रामगढ़, रांची, भुरकुंडा, गिद्दी, रेलीगढ़ा, उरीमारी, सेंट्रल सौंदा, सौंदा डी, रीवर साईड, चिकोर, पाली, निम्मी, सुद्दी, देवरिया, मतकमा, जवाहर नगर, पगला आश्रम, लपंगा, चैनगडा, बरकाकाना, भुरकुंडा, भदानीनगर व बासल सहित विभिन्न क्षेत्रों के हजारों लोग नववर्ष 2024 के आगमन के अवसर पिकनिक में लजीज व्यंजनो का जमकर लुत्फ उठाया। साथ ही एक-दूसरे के गले मिल नववर्ष की शुभकामनाएं दी। वहीं आईएजी डैम, दोमुहानी, बलकुदरा पोखरिया, रीवर साईड दामोदर नदी तट सहित अन्य क्षेत्रों के नदी और तालाबों में लोगों ने नववर्ष का जमकर लुत्फ उठाया।

**पिकनिक मौज-मस्ती करने व बेहतरिंग यादों को संजोने अवसर देता है : पिन्कू सिन्हा**

जवाहरनगर भुरकुंडा निवासी सह सीसीएल खनन विभाग के राजीव रंजन सिन्हा उर्फ पिन्कू सिन्हा कहते हैं कि पिकनिक मौज-मस्ती करने का बेहतर जरिया होता है। उन्होंने कहा कि पिकनिक के दौरान लोग एक दूसरे के साथ सुख और दुख साझा करते हैं साथ ही एक अलग ही दुनिया में चले जाते हैं, जहां सिर्फ मौज-मस्ती व खाने-खिलाने का दौर चलता है। इससे मन आनंदित और प्रफुल्लित होकर आत्मसंतुष्टि से ओत-प्रोत हो जाता है। सिन्हा ने कहा कि पिकनिक दोस्तों के साथ अधिक से अधिक समय बिताने का अवसर भी देता है। पिकनिक के जरिए आपसी भाईचारगी तो प्रगाढ़ होती ही है मन आनंदित और फ्रेसटेशन कम हाने के साथ-साथ कई बेहतरिंग यादों को संजोने का भी मौका मिलता है।

## उरीमारी में आदिवासी छात्रसंघ कार्यालय में विस्थापित समिति की बैठक



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** सिदो-कान्हू चौक चेक पोस्ट समीप आदिवासी छात्रसंघ कार्यालय में विस्थापित समिति उरीमारी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता कार्तिक मांझी ने की। बैठक में विस्थापित समिति ने विचार विमर्श करते हुए एक स्वर में कहा कि बिरसा परियोजना कार्यक्षेत्र में किसी भी अन्य समिति की हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं करेगी। समिति के लोगों ने कहा कि उरीमारी सेल समिति व विस्थापित संघर्ष मोर्चा के द्वारा पिछले दिनों बिरसा परियोजना उरीमारी के रेलवे साइडिंग में रोजगार के नाम पर प्रदर्शन किया गया था। इससे यह प्रतीत हो रहा है कि ग्रामीणों को रोजगार के नाम पर छला जा रहा है। यदि बिरसा परियोजना कार्यक्षेत्र के अंदर चल रहे व्यवस्था को खराब किया गया तो विस्थापित समिति उसका विरोध करेगी। समिति के लोगों ने कहा कि पूर्व से ही उरीमारी, बिरसा और न्यू बिरसा समिति अपने-अपने कार्यक्षेत्र में सेल संचालन कर रही है। कभी भी किसी समिति ने एक दूसरे के कार्यक्षेत्र पर हस्तक्षेप नहीं किया है। यह पहली बार दुसरे के कार्यक्षेत्र में प्रदर्शन किया गया है। समिति के बैठक में दसई मांझी, दिनेश करमाली, रैना टुडू, खेपन मांझी, भवानी शंकर प्रसाद, जुगल करमाली, भादो करमाली, तालो हांसदा, शिकारी टुडू, मनोज सिंह, सतनारायण बेदिया, सुवित राम किस्कू, धनलाल बेदिया, विनोद सोरेन, लालजी पावरिया, सहदेव टुडू, रामलाल बेदिया, गणेश मुर्मू, सोमरा पावरिया, सुखदेव किस्कू, अनिल मुर्मू, संजय मांझी, राजू टुडू, मनोज टुडू, दीपक मरांडी, सहित कई विस्थापित मौजूद थे।

## नव वर्ष के पहले दिन लोगों ने की पूजा

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** नव वर्ष के पहला दिन सोमवार को शहर के मंदिरों में लोगों ने पूजा-अर्चना की। सभी मंदिरों में प्रातः से ही लोगों की भीड़ लगी रही। माता वैष्णो देवी मंदिर में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। मंदिर में सुबह से लेकर संध्या आरती तक लोगों की भीड़ लगी रही। मंदिर में लोगों ने पूजा कर नव वर्ष मंगलमय के लिए कामना की। मंदिर में पुजारी लीलाधर शर्मा, किशोर शर्मा व आशीष शर्मा ने लोगों को पूजा करायी। वही, दूसरी ओर प्राचीन महावीर मंदिर में पुजारी विजय पाठक, मनोज पाठक ने भी लोगों को पूजा करायी। मेन रोड के माता विघ्नहरणेश्वरी मंदिर में पुजारी संजय इंद्र गुरु, कांकेबार के पहाड़ी मंदिर महामाया देवी दरबार में पुजारी दिनेश पाठक, गोला रोड के श्रीसत्यनारायण मंदिर में पुजारी मदन मोहन शर्मा, थाना चौक के श्रीसंकट मोचन मंदिर में पुजारी धीरज पराशर ने पूजा करायी। वहीं, शहर के सभी मंदिरों में नव वर्ष पर वैदिक मंत्रोच्चार गूंजायमान होता रहा। वहीं, शिवालय मंदिर में हर हर महादेव के जयकारे लगते रहे।

# गोला के गौतम महतो बने विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सह मंत्री

## छात्र जीवन से ही विद्यार्थी परिषद से रहा है गहरा लगाव: गौतम महतो



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 69वें राष्ट्रीय अधिवेशन देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित हुई। इसमें देश भर से दस हजार से भी ज्यादा की संख्या में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्र सरकार के गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा किया गया था। सभी प्रांतों के दायित्व की घोषणा हुई। जिसमें झारखंड प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दीपनारायण जायसवाल, प्रदेश मंत्री सौरव झा, प्रदेश सह मंत्री गौतम कुमार महतो को बनाया गया।

**हर क्षेत्र में गौतम का रहा है सराहनीय योगदान:** छात्र जीवन से अलग हटकर भी गौतम ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी है। उन्होंने अब तक दस यूनिट रक्तदान किया है। छात्रहित, सामाज हित और राष्ट्रीय हित के मुद्दे को लेकर के कई बार आंदोलनरत रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर का रामगढ़ जिले के कार्यकर्ता को दायित्व मिलने से कार्यकर्ताओं में काफी हर्ष और उल्लास है। इसके लिए परिषद के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय नेतृत्व को धन्यवाद भी दिया है।

### गौतम महतो का परिचय

वर्ष 2012 से छात्र राजनीति की शुरूआत करने वाले गौतम कुमार महतो मूलतः रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड के सेरेंगातु के निवासी हैं। अपने दस वर्ष के कार्यकाल में गौतम कुमार महतो ने कॉलेज मंत्री, कॉलेज अध्यक्ष, नगर सह मंत्री, नगर मंत्री, जिला संयोजक, विभग सह संयोजक, प्रदेश सदस्यता अभियान प्रमुख 2023, 69वें राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली के प्रदेश अधिवेशन प्रमुख, प्रदेश एसएफडी प्रमुख जैसे विभिन्न दायित्व का सफलतापूर्वक जिम्मेवारी निर्वाहन किया है।

## चतरा में सड़क दुर्घटना में चालक घायल

**हंटरगंज / चतरा।** एन एच 99 चतरा-गया मुख्य मार्ग स्थित डुमरी गांव के समीप सोमवार को एक चलती टेंपो मैं पीछे से मोटरसाइकिल से जोरदार टक्कर मारकर मोटरसाइकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के जोरी काली मंदिर गांव निवासी चरित्र भुईया का 20 वर्षीय पुत्र सीताराम भुईया है। ग्रामीणों के सहयोग से 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां प्राथमिक उपचार किया गया तथा गंभीर चोट रहने के कारण गया मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घायल युवक मोटरसाइकिल से अपने बहन के घर डोभी जा रहा था। इसी दौरान उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर जा रहे ऑटो के पीछे टक्कर मार दी।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 02 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in


# सराहनीय पहल

किसी मरीज को आइसीयू में भर्ती करने के लिए गाइडलाइंस लाने का केंद्र सरकार का फैसला वक्त की जरूरतों के अनुरूप है। यह पहला मौका है, जब सरकार ने ऐसा कोई गाइडलाइन जारी किया है। कई वजहों से इसकी जरूरत महसूस की जाने लगी थी। इस कदम के साथ जुड़ी आश्वस्त करने वाली पहली बात यह है कि गाइडलाइन क्रिटिकल केयर मेडिसिन के एक्सपर्ट माने जाने वाले देश के 24 डॉक्टरों की समिति ने तैयार की है। दूसरी बात यह कि इसे अनिवार्य नहीं बनाया गया है। इसे सलाह या मार्गदर्शन के ही रूप में रखा गया है। ऐसा करना जरूरी इसलिए था, क्योंकि मरीज की स्थिति के बारे में हमेशा पहले से तय खांचे में नहीं सोचा जा सकता। निजी पूंजी के आने से पिछले कुछ वर्षों में देश में हेल्थकेयर स्ट्रक्चर का तेजी से विकास हुआ है। प्राइवेट हॉस्पिटलों की संख्या बढ़ने से लोगों की चिकित्सा सुविधाओं तक पहुंच बढ़ी है। लेकिन इन अस्पतालों में आइसीयू बेड का खर्च जनरल वार्ड के मुकाबले पांच से दस गुना ज्यादा होता है। ऐसी शिकायतें रही हैं कि मरीज को जरूरत न होने पर भी आइसीयू में भर्ती कर लिया गया या यह कि आइसीयू में भी आवश्यक चिकित्सा सेवा समय पर उपलब्ध नहीं हुई। जाहिर है, इस गाइडलाइन की जरूरत थी। हालांकि कुछ हलकों से यह आवाज भी आयी है कि देश में खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं की पहुंच नाकाफी है और इसलिए सरकार को अपनी प्राथमिकता क्ऊव सुविधाओं को सीमित करने के बजाय इसे सब तक पहुंचाने की होनी चाहिए। लेकिन आइसीयू संसाधन हर देश में सीमित ही होते हैं। इसलिए यह जरूरी हो जाता है कि इसका गैरजरूरी इस्तेमाल न हो ताकि यह सभी जरूरतमंदों को उपलब्ध हो सके। विकसित देशों में भी ऐसे प्रोटोकॉल रखे जाते हैं। जहां तक इन गाइडलाइंस के सुझावात्मक होने का सवाल है तो इससे इसकी उपयोगिता कम नहीं हो जाती। चूंकि गाइडलाइन डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ हेल्थ सर्विसेज (डीजीएचएस) द्वारा सार्वजनिक कर दिया गया है, इसलिए यह सबके लिए उपलब्ध है। ऐसे में हेल्थ मिनिस्ट्री के अंतर्गत आने वाली तमाम टेक्निकल एडवाइजरी और रेग्युलेटरी बॉडी का काम आसान होगा। अब वे आसानी से तय कर पाएंगे कि किसी खास केस में आइसीयू में एडमिशन जरूरी था या नहीं। हालांकि ये चीजें समाज में जागरूकता के स्तर और पेशागत जिम्मेदारियों के अहसास से जुड़ी हैं। मेडिकल फील्ड में बड़ी पूंजी का प्रवेश सुविधाएं बढ़ाने के साथ-साथ अगर अनप्रफेशनल प्रवृत्तियों को भी बढ़ावा दे रहा है तो अपने पेशे की इस बुराई से निपटने की जिम्मेदारी प्राथमिक तौर पर मेडिकल प्रफेशनल्स की ही बनती है। पेशंट और डॉक्टर के बीच जो रिश्ता है, उसकी बेहतरी सबसे ज्यादा इन्हीं दोनों पर निर्भर है।

**मेडिकल फील्ड में बड़ी पूंजी का प्रवेश सुविधाएं बढ़ाने के साथ-साथ अगर अनप्रफेशनल प्रवृत्तियों को भी बढ़ावा दे रहा है तो अपने पेशे की इस बुराई से निपटने की जिम्मेदारी प्राथमिक तौर पर मेडिकल प्रफेशनल्स की ही बनती है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत में किसी अविवाहित महिला का जीवन जीना आसान नहीं होता। उस पर समाज और परिवार का भारी दबाव रहता है कि वह समय रहते शादी करे। चूंकि आजकल शहरों की लड़कियां काफी पढ़-लिख रही हैं और अच्छी आमदनी वाली नौकरियां भी कर रही हैं। इसलिए प्रायः ऐसी महिलाएं केवल माता-पिता के सुझाव को मान कर पुराने ढर्रे पर शादी नहीं करना चाहतीं। वे अपने कार्य क्षेत्र में या फिर सोशल मीडिया पर अपनी पसंद का जीवन साथी ढूंढती रहती हैं।**

# ऑनलाइन शादी के बढ़ते खतरे

विनीत नारायण

जब से सोशल मीडिया का नेटवर्क पूरी दुनिया में बढ़ा है, तब से इसका प्रयोग करने वालों की संख्या भी करोड़ों में पहुंच गयी है। इसका एक लाभ तो यह है कि दुनिया के किसी भी कोने में बैठा व्यक्ति दूसरे छोर पर बैठे व्यक्ति से 24 घंटे संपर्क में रह सकता है। फिर वह चाहे आपसी चित्रों का आदान-प्रदान हो, टेलीफोन वार्ता हो या कई लोगों की मिल कर ऑनलाइन मीटिंग हो। इसका एक लाभ उन लोगों को भी हुआ है, जो जीवन साथी की तलाश में रहते हैं, फिर वह चाहे पुरुष हों या महिलाएं।

हम सबकी जानकारी में ऐसे बहुत से लोग होंगे, जिन्होंने इस माध्यम का लाभ उठा कर अपना जीवन साथी चुना है और सुखी वैवाहिक जीवन बिता रहे हैं। पर हर सिक्के के दो पहलू होते हैं। अगर एक पहलू यह है, तो दूसरा पहलू यह भी है, जहां सोशल मीडिया का दुरुपयोग करके बहुत सारे लोगों को धोखा मिला है और आर्थिक एवं मानसिक यातना भी झेलनी पड़ी है।



**इस सीरीज की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि यह करोड़ों भारतीय महिलाओं को बहुत गहराई से ये समझाने में सफल रही है कि शादी के मामले में सोशल मीडिया की सूचनाओं को और इसके माध्यम से संपर्क में आने वाले व्यक्तियों को तब तक सही न मानें जब तक उनकी और उनके परिवार की पृष्ठभूमि की किसी समानांतर प्रक्रिया से जांच न करवा लें।**

भारत में किसी अविवाहित महिला का जीवन जीना आसान नहीं होता। उस पर समाज और परिवार का भारी दबाव रहता है कि वह समय रहते शादी करे। चूंकि आजकल शहरों की लड़कियां काफी पढ़-लिख रही हैं और अच्छी आमदनी वाली नौकरियां भी कर रही हैं। इसलिए प्रायः ऐसी महिलाएं केवल माता-पिता के सुझाव को मान कर पुराने ढर्रे पर शादी नहीं करना चाहतीं। वे अपने कार्य क्षेत्र में या फिर सोशल मीडिया पर अपनी पसंद का जीवन साथी ढूंढती रहती हैं।

**शादी के बाद भी अपने धन और बैंक अकाउंट को अपने ही नियंत्रण में रखें, उसे नये रिश्ते के व्यक्ति के हाथों में न सौंप दें, वरना जीवन भर पछताना पड़ेगा।**

इसके साथ ही ऐसी महिलाओं की संख्या कम नहीं है, जो कम उम्र में तलाकशुदा हो गयीं या विधवा हो गयीं। इन महिलाओं के पास भी अपने गुजारे के लिए आर्थिक सुरक्षा तो जरूर होती है, परंतु भावनात्मक असुरक्षा के कारण इन्हें भी फिर से जीवन साथी की तलाश रहती है। इन दोनों ही किस्म की महिलाओं को दुनिया भर में बैठे ठग अक्सर मूर्ख बना कर मोटी रकम ऐंठ लेते हैं। बिना शादी किये ही इनकी जिंदगी बर्बाद कर देते हैं।

ऐसी ही कुछ सत्य घटनाओं पर आधारित बीबीसी की एक वेब सीरीज वैडिंग कॉन इसी हफ्ते ओटीटी प्लेटफार्म एमजॉन प्राइम पर जारी हुई है। यह सीरीज इतनी प्रभावशाली है कि इसे हर उस महिला को देखना चाहिए, जो सोशल मीडिया पर जीवन साथी की तलाश में जुटी हैं। बॉलीवुड की मशहूर निर्माता-निदेशक तनुजा चंद्रा ने बड़े अनुभवी और योग्य फिल्मकारों की मदद से इसे बनाया है। इस सीरीज में जिन महिलाओं के साथ हुए हादसे दिखाये गये हैं, उनमें से एक विधवा महिला तो अपनी मेहनत की कमाई का लगभग डेढ़ करोड़ रुपया उस व्यक्ति पर लुटा बैठी, जिसे उसने कभी देखा तक न था।

इसी तरह एक दूसरी महिला ने 50 लाख रुपये गंवाये तो तीसरी महिला ने 22 लाख रुपये। चिंता की बात यह है कि ये सभी महिलाएं खूब पढ़ी-लिखी, संपन्न परिवारों से और प्रोफेशनल नौकरियों में जमी हुई थीं। शादी की चाहत में सोशल मीडिया पर ये ऐसे लोगों के जाल में फंस गयीं, जिन्होंने अपनी असलियत छिपा कर शादी की वेब साइटों पर नकली प्रोफाइल बना रखे थे। ये ठग इस हुनर में इतने माहिर थे कि उनकी भाषा और बातचीत से इन महिलाओं को रत्ती भर भी शक नहीं हुआ। वे बिना मिले ही उनके जाल में फंसती गयीं और उनकी भावुक कहानियां सुन कर अपने खून-पसीने की कमाई उनके खातों में ट्रांसफर करती चली गयीं।

इन महिलाओं को कभी यह लगा ही नहीं कि सामने वाला व्यक्ति कोई बहुरूपिया या ठग है और वह बनावटी प्यार जता कर इन्हें अपने जाल में फंसा रहा है। इनमें से 2 व्यक्ति तो ऐसे निकले, जो तीस से लेकर 50 महिलाओं को धोखा दे चुके थे, तब कहीं जाकर पुलिस उन्हें पकड़ पायी। आश्चर्य की बात यह है कि संभ्रांत परिवार की यह पढ़ी-लिखी महिलाएं इस तरह ठगों के झांसे में आ गयीं कि पूरी तरह लुट जाने के पहले उन्होंने कभी अपने माता-पिता तक से इस विषय में सलाह नहीं ली और न ही उन्हें अपने आर्थिक लेन-देन के बारे में कभी कुछ बताया। जब इन्हें यह अहसास हुआ कि वे किसी आधुनिक ठग के जाल में फंस चुकी हैं, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। अब पछताए होत क्या जब चिड़िया चुग गयी खेत। इस अप्रत्याशित परिस्थिति ने उन्हें ऐसा सदमा दिया कि कुछ तो अपने होशोहवास ही गंवा बैठीं। उनके माता-पिता को जो आघात लगा, वह तो बयान ही नहीं किया जा सकता।

फिर भी इनमें से कुछ महिलाओं ने हिम्मत जुटाई और पुलिस में शिकायत लिखवाने का साहस दिखाया। फिर भी ये ज्यादातर ठगों को पकड़वा नहीं सकीं। साइबर क्राइम से जुड़े पुलिस के बड़े अधिकारी और साइबर क्राइम के विशेषज्ञ वकील ये कहते हैं कि मौजूदा कानून और संसाधन ऐसे ठगों से निपटने के लिए नाकाफी हैं। इनमें से भी जो ठग विदेशों में रहते हैं, उन तक पहुंचना तो नामुमकिन है। क्योंकि ऐसे ठगों का प्रत्यर्पण करवाने के लिए भारत की दूसरे देशों से द्विपक्षीय प्रत्यर्पण संधि नहीं है। देसी ठगों को भी पकड़ना इतना आसान नहीं होता क्योंकि वह फर्जी पहचान, फर्जी आधार कार्ड, फर्जी पैन कार्ड, फर्जी टेलीफोन नंबर का प्रयोग करते हैं और अपने मकसद को हासिल करने के बाद इन सबको नष्ट कर देते हैं।

इस सीरीज की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि यह करोड़ों भारतीय महिलाओं को बहुत गहराई से ये समझाने में सफल रही है कि शादी के मामले में सोशल मीडिया की सूचनाओं को और इसके माध्यम से संपर्क में आने वाले व्यक्तियों को तब तक सही न मानें जब तक उनकी और उनके परिवार की पृष्ठभूमि की किसी समानांतर प्रक्रिया से जांच न करवा लें। कोई कितना भी प्रेम क्यों न प्रदर्शित करे, अपने वैभव का कितना भी प्रदर्शन क्यों न करे उसे एक पैसा भी शादी से पहले किसी कीमत पर न दें। शादी के बाद भी अपने धन और बैंक अकाउंट को अपने ही नियंत्रण में रखें, उसे नये रिश्ते के व्यक्ति के हाथों में न सौंप दें, वरना जीवन भर पछताना पड़ेगा। जिन महिलाओं के पास ओटीटी प्लेटफार्म की सुविधा नहीं है अपने मित्रों या रिश्तेदारों के घर जा कर इस सीरीज को अवश्य देखें और अपने साथियों को इसके बारे में बतायें, ताकि भविष्य में कोई महिला इन ठगों के जाल में न फंसे।


## जमशेदपुर की खबरें

# नये साल में विधायक ने धर्मपत्नी संग बाबा मुक्तेश्वर धाम में माथा टेका

**क्षेत्र की जनता के सर्वांगीण विकास के लिए किया कामना**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पोटका।** नये वर्ष के पहले दिन पोटका विधायक संजीव सरदार ने अपने धर्मपत्नी साथ कोल्हान के प्रसिद्ध मंदिर बाबा मुक्तेश्वर धाम पहुचे। सोमवार को नये वर्ष के उपलक्ष में विधायक ने पोटका के सुदूरवर्ती क्षेत्र में पहाड़ों के बीच बाबा मुक्तेश्वर धाम में अपने क्षेत्र की जनता के परिवार में सुख, समृद्धि व उनके सर्वांगीण विकास के लिए माथा टेका।





इस अवसर पर विधायक के साथ सामाजिक कार्यकर्ता उज्जवल कुमार मंडल, पोटका के वरिष्ठ राजनीतिज्ञ व समाजसेवी रजनी रजनी सारंगी सहित अन्य सहयोगी शामिल रहे। वही विधायक संजीव सरदार ने कहा चार साल के कार्यकाल में क्षेत्र के ग्रामीण जनता की मांग पर लगातार विकास के कार्य से जुड़े समस्याओं का समाधान की जारही है। उन्होंने कहा चुनाव के दौरान जनता से किये गये वादों को पूरा किया गया है और आगे भी जन समस्याओं का समाधान निष्ठा पूर्वक करते रहेंगे। विधायक श्री सरदार ने कहा पोटका विधान सभा क्षेत्र मे हेमंत सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं से जनता को सीधा लाभ मिल रही है। आपकी सरकार आपके अधिकार आपके द्वारा शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं का पदाधिकारी गांव में ही समाधान कर रहे हैं।

उन्होंने कहा हेमंत सोरेन ही राज्य के पहली मुख्यमंत्री है, जिनके कार्यकाल में सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के जनता को मुख्यालय व अंचल कार्यालय की चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है।अधिकारी गांव में जाकर ही समस्या सुन रहे हैं। साथ ही शिविर के माध्यम से सरकार के कई जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीण जनता तक पहुंच रही है।

# नये साल में जरूरतमंद बुजुर्गों के बीच कंबल वितरण कर लिया आशीर्वाद



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर में एक तरफ पुरे शहर वासी नए वर्ष का खुशियां माना रही है वही दूसरे तरह हर हर महादेव सेवा संघ कड़ाके की ठंड से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से जरूरतमंद बुजुर्गों के बीच कंबल का वितरण किया। सोमवार को संघ के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले व उनके सहयोगियों ने साकची स्थित मुंशा सिंह बागान में सैकड़ो कंबल का वितरण कर बुर्जुगों से आशीर्वाद प्राप्त किया। मौके पर अमरप्रीत सिंह काले ने कहा जरूरतमंदों की दुआओं में परमात्मा बसे है। उन्होंने कहा नये साल के दिन स्वयसेवी संस्थाएँ यथा संभव सेवा का प्रयास कर रही है। इसके लिए हर हर महादेव सेवा संघ परिवार सभी सहयोगियों का आभार प्रकट करती है। इस अवसर पर सुखविंदर सिंह निक्कू, नींदी सिंह, अखिलेश पांडेय, गोपी कुमार, मन्नु ढोके सहित स्थानीय सहयोगियों में रोहित मंडल, टॉबी सिंह, लखी कौर, ममता पृष्टि, अमन सिंह, रानी कोर, ममता दास, रेनू दास सहित अन्य मौजूद रहे।

# मां दुर्गा की महाआरती कर मनाया नया साल

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** नए साल में बागबेड़ा कॉलोनी माई दरबार सेवा संघ ने रोड नंबर 4 स्थित दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा की महाआरती का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि जुगसलाई यातायात थाना प्रभारी संगीता कुमारी उपस्थित रही। इस दौरान संघ के द्वारा यातायात प्रभारी संगीता कुमारी को चुनरी,अंग वस्त्र व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। वही मंदिर के पंडित द्वारा मंत्रों उच्चारण व विधि विधान से मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर महाआरती का शुभारंभ किया गया। मौके पर स्थानीय सैकड़ो महिलाएं, पुरुष, बच्चे संयुक्त रूप से महाआरती में शामिल हुए। वही नए साल के उपलक्ष्य में मिठाइयां बाटकर खुशी मनाया गया।



प्रभारी संगीता कुमारी ने कहा नव वर्ष के उपलक्ष्य में स्थानीय लोग पिकनिक व अन्य जगह जाते हैं। लेकिन बागबेड़ा कॉलोनी माई दरबार में महाआरती कर नव वर्ष का शुभारंभ करना सरानीय पहल है। अन्य लोगो को भी नये वर्ष के उपलक्ष्य में पूजा अर्चना कर नव वर्ष का शुभारंभ करना चाहिए। मौके पर समाजसेवी शशि आचार्या, अनामिका सरकार, रानी कालुनडिया, वार्ड सदस्य सीमा पांडे, गीता देवी, प्रतिनिधि राजकुमार सिंह, राकेश सिंह,माई दरबार सेवा संघ के पदाधिकारी धनंजय सिंह, संदीप सिंह ,राहुल, विनीत मिश्रा, गौरव सिंह, प्रशांत पांडे, पार्थ पांडे, धीरज मिश्रा, चंदन सिंह, अविनाश सिंह, सिद्धार्थ सिंह, रंजन सिंह, मृत्युंजय सहित कई लोगों उपस्थित रहे।

## जमशेदपुर में नये साल के पहले दिन भीषण सड़क हादसा

# पिकनिक मनाने जा रहे आदित्यपुर के छह युवकों की दर्दनाक मौत, दो गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** एक तरफ लोग नए साल के जश्न की तैयारी में डूबे हुए है वहीं दूसरी तरफ नए साल की शुरूआत जमशेदपुर के लिए दर्दनाक रहा। जहां सोमवार अहले सुबह भीषण सड़क हादसे में सरायकेला के आदित्यपुर बाबा कुटी के छः युवकों की दर्दनाक मौत हो गयी है। घटना बिष्टुपुर थाना अंतर्गत साइ मंदिर जाने वाला रास्ता सर्किट हाउस के नीचे गोल चक्कर के समीप की है। जहां एक इंडिगो कर पर सवार आठ युवक मरीन ड्राइव की ओर जा रहे थे, इसी दौरान अनियंत्रित चालक ने वाहन को पोल में टक्कर मार दी, जिससे गाड़ी में सवार आठों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये।



हादसा इतना जबरदस्त था कि कार के चिथड़े उड़ गये। उनमें से पांच की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि एक युवक की एमजीएम में ईलाज के दौरान मौत हुई। दो युवकों में हर्ष कुमार झा और रवि झा शामिल है, जिन्हें टीएमएच और स्टील सिटी रेफर किया गया है। मृतकों में छोटू यादव, सूरज, मोनू सहित अन्य शामिल हैं।

घटना की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गयी। वहीं सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। बताया जाता है कि सभी युवक पिकनिक जा रहे थे।

## बोलेरो ने बाइक को मारी टक्कर बाइक सवार गंभीर



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के मुरकुंडा पंचायत के तिर्रा गांव निवासी 50 वर्षीय शंकर प्रसाद को घर के समीप अज्ञात बोलेरो टक्कर मारकर घटना स्थल से फरार हो गया। घटना में शंकर के सर सहित शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोट लगी। तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से उसे सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार व्यक्ति पूरे परिवार के साथ सरना टोली गुमला में रहता है। वहीं उसका पैतृक घर तिर्रा है जहां वह सोमवार को गया था। शाम 4 बजे जैसे ही घर से गुमला आने के लिए बाइक से निकला तभी एक अज्ञात बोलेरो उसे टक्कर मारते हुए घटना स्थल से फरार हो गया।

# सतबहिनी झरना में पिकनिक मनाने दूर-दूर से आये सैलानी

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड के प्रसिद्ध झरना तीर्थ में नववर्ष मनाने वालों की काफी भीड़ देखी गयी। सुबह से मौसम खराब होने के कारण सैलानियों की संख्या में कमी थी। लेकिन दोपहर 12 बजे के बाद मौसम कुछ ठीक होने के बाद पिकनिक मनाने वाले सैलानियों की भीड़ सतबहिनी आने लगे। दोपहिया, चार पहिया और जिसके पास जो साधन उपलब्ध था। लोग अपने ईस्ट मित्र के साथ व अपने परिवार के साथ पिकनिक मनाने सतबहिनी झरना तीर्थ पहुंचे। सतबहिनी झरना तीर्थ के निश्चित चहारदीवारी के अंदर भी सैकड़ो की संख्या में पिकनिक मनाने वालों की टोली देखी गयी। सतबहिनी झरना तीर्थ के एरिया के बाहर भी सैकड़ो की संख्या पिकनिक टोली पिकनिक जा आनंद लिया। सतबहिनी झरना तीर्थ स्थित सभी मंदिरों में पूजा अर्चना करने वालो की काफी भीड़ थी। लेकिन मौसम में ठंडा पन होने के कारण झरणा में स्नान करने वालो की संख्या काफी कम देखी गयी। लोगों ने शाकाहारी व मांसाहारी दिनों तरह के व्यंजनों का लुत्फ उठाया।सुरक्षा को लेकर पुलिस मुस्तैद दिखी। एसआई सुधीर दास पुलिस बल के साथ तैनात थे। विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह ने लोगों के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था की थी। बड़ी संख्या में लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किये। समाचार लिखे जाने तक कही से कोई अप्रिय घटना की सूचना नही थी।



# फेतल सिंह खरवार की प्रतिमा पर एमएन खान ने माल्यार्पण किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** रंका अनुमंडल के बाहाहारा गांव स्थित फेतल सिंह खरवार की प्रतिमा पर एआईएमआईएम पार्टी के गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी सह गढ़वा जिला प्रभारी डॉ एमएनखान ने माल्यार्पण किया। इस अवसर पर डॉ एमएन खान ने कहा कि स्वर्गीय फेतल सिंह जी ने अपने देश और समाज के लिए हंसते हंसते अपने प्राणों की आहुति दे दी। लेकिन अपने देश और समाज पर आंच नहीं आने दिया। अतः आज समय की मांग है कि हम सभी लोग एक जुट हो कर फेतल सिंह के द्वारा बताये गये मार्ग पर चलें और अपने हक, अधिकार के लिए मिलकर संघर्ष करें। इस अवसर पर खरवार एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद सिंह खरवार, गढ़वा रंका का विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डा एमएन खान, एआइएमआइएम के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार रजक, रंका प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष इबरान अंसारी, कामेश रवि, सुदामा रवि, आमिर बक्श अंसारी, मोहम्मद जहांगीर, रियाज अंसारी, खुश्दिल अंसारी सोशल मीडिया प्रभारी मजहर हुसैन, मासूम अंसारी, पवन सिंह, नंदलाल सोनी, आदिवासी खरवार एकता मंच के गढ़वा जिला अध्यक्ष लव कुमार सिंह खरवार, तपन सिंह खरवार, संजय सिंह खरवार, अयोध्या सिंह खरवार, अरुण सिंह खरवार, मुनेश्वर सिंह खरवार, तपेश्वर सिंह खरवार आदि उपस्थित थे।




# अनिश्चितकालीन हतड़ताल पर गये टंडवा पीडीएस दुकानदार

आजाद सिपाही संवाददाता

**टंडवा।** डीलर एसोसिएशन प्रखंड इकाई टंडवा के तत्वाधान में बीडीओ देवलाल उरांव को देश व्यापी राशन बंद के समर्थन में अनिश्चितकालीन के लिए दुकान बंद करने की सूचना सौपी गयी। सूचना पत्र में बताया गया है कि 1 जनवरी से केंद्रीय संगठन और चतरा जिला इकाई के आवाह्न पर देशव्यापी राशन दुकान बंद रखने की सूचना पर टंडन प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली राशन दुकान 1 जनवरी 2024 से देशव्यापी राशन बंद के समर्थन में अनिश्चितकालीन के लिए दुकान बंद रखने की सूचना दी गयी,एवं हड़ताल पर रहेंगे। दुकानदारों की हड़ताल पर जा जाने को लेकर इसकी जानकारी प्रदेश संगठन ने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, सचिव, चतरा जिला इकाई ने उपायुक्त एवं जिला पूर्ति पदाधिकारी को समर्पित कर दिया है।जैसे ही हड़ताल की वापसी की घोषणा होगी समस्त दुकानदार पुनः दुकान खोलेंगे और विधिवत वितरण भी जारी कर दिया जायेगा बताया गया । इस मौके पर डीलर एसोसिएशन प्रखंड इकाई के अध्यक्ष परमानंद पांडेय,पीडीएस दुकानदारो में कृष्णा भगत,राजेन्द्र राम,राजपाल टाना भगत समेत दर्जनों दुकानदार उपस्तिथ थे।



## आम और खास ने उठाया नववर्ष का आनंद

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** नव वर्ष 2024 के उमंग में लोग सरोबार रहे। नववर्ष के पहले दिन को यादगार बनाने के लिए भी लोगों ने कई तरह की तैयारियां की थी। वहीं वर्ष 2023 के अंतिम दिन की विदाई भी लोग पूरे उत्साह के साथ दिया। आधी रात के बाद नए वर्ष का जश्न शुरू हो गया। कड़ाके के ठंड में भी लोग सड़कों पर उतर कर जश्न मनाते देखे गए। साथ ही हैप्पी न्यू इयर का दौर भी शुरू हो गया। हालांकि पूर्व के वर्षों की अपेक्षा इस बार साल के अंतिम दिन जिले के किसी भी जगह किसी तरह के सांस्कृतिक संध्या का आयोजन नहीं होने से लोगों में निराशा देखी गई। इधर, नववर्ष को लेकर पिकनीक स्पॉट गुलजार रहे। यहाँ सभी आम और खास ने अपने-अपने तरीके से नववर्ष का आनन्द उठाया। खास तौर पर कोडरमा, तिलैया डैम, वृंदाहा वाटरफॉल, मरकच्चो के पंचखेरो, सतगांवां के पेट्रो जलप्रपात, डोमचांच के परतंगो जंगल में भारी भीड़ जुटी। इस दौरान पुलिस सतर्क रही। डीसी और एसपी ने आदेश जारी कर तिलैया डैम सहित जिले के कई पिकनिक स्पॉट, होटलों, ढाबों आदि जगहों में पुलिस अधिकारियों व दर्जनों पुलिस के जवानों की तैनाती की थी। साथ ही थाना प्रभारियों को भी चौकसी बरतने का निर्देश दिया था किसी भी स्थिति में विधि-व्यवस्था की समस्या ना हो।



# बीपीडीएवी ने निकेतन को हराकर क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** 22वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में स्कूल ब्राइट बीपीडीएवी ने जिला शिक्षा निकेतन को 41 रनों से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मैच से पूर्व गढ़वा जिला के पूर्व खिलाड़ी अनूप कुमार तिवारी, पूर्व खिलाड़ी सह अधिवक्ता सच्चिदानंद धर दुबे, प्रतियोगिता के उपाध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। बीपीडीएवी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए तरुण के शानदार अर्धशतक 52 रन और पीयूष के 36 रनों के सहयोग से तीन विकेट खोकर 135 रन बनायें। 136 रनों के लक्ष्य को लेकर खेलने उतरी जिला शिक्षा निकेतन की टीम 94 रन ही बना पायी। टीम की और से शशिकांत ने सबसे ज्यादा 39 रन बनाये। बीपीडीएवी के तरुण को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार पूर्व खिलाड़ी अनूप कुमार तिवारी, अधिवक्ता सच्चिदानंद धर दुबे और धनंजय कुमार सिंह, पंचम सोनी ने प्रदान किया। इस मौके पर सचिव आनंद सिन्हा, नवनीत दुबे, अभय दुबे, अभिषेक द्विवेदी, मनोज तिवारी, विशाल, सुमित मिश्रा, धीरज, मनीष उपाध्याय, मनीष पाठक, आलोक कुमार, दिव्य रंजन, प्रिंस दुबे, शहजाद खान शामिल थे।




# गुरुद्वारा कलगीधर में शबद-कीर्तन और लंगर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**झुमरीतिलैया।** शहर के डॉक्टर गली स्थित गुरुद्वारा कल्गीधर सिंह सभा के तत्वावधान में शबद-कीर्तन और लंगर का आयोजन सोमवार को किया गया। इस मौके पर ग्रंथी भाई निरंजन सिंह ने कहा कि जगत में जो कुछ होता है वह ईश्वर की इच्छा से होता है। हमें बिना अरदास के कोई काम शुरू नहीं करना चाहिए। अरदास भक्तों के लिए ईश्वर का उपहार है। परमपिता परमेश्वर ही सबसे बड़ा दानी है और वह समस्त जीवों का पालनहार है। मौके पर पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता और आनंद गुप्ता सहित कई लोगों ने गुरुग्रंथ के सामने माथा टेका और अपने जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। पूर्व जिप अध्यक्ष शानिली गुप्ता ने कहा कि नया वर्ष लोगों के लिए सुख, समृद्धि लाए। कहा कि भक्ति में ही शक्ति समाहित है। कार्यक्रम स्थल जो बोले सो निहाल, सतश्री अकाल से गूंजता रहा। मौके पर सचिव संजू लांबा, कोषाध्यक्ष अवतार सिंह, अशोक आरोड़ा, सेठी आरोड़ा, यशपाल सिंह गोल्डन, शशि सलूजा, विक्की सलूजा, सन्नी सिंह, मंटू बेदी, भूपेंद्र छाबड़ा, प्रिंस भाटिया, किशोर भाटिया, नरेंद्र कौर, नीलम छाबड़ा, हरमीत कौर, कंवलजीत कौर, शालू सलूजा, पूजा भाटिया आदि मौजूद थे। इसके अलावा रांची-पटना रोड स्थित गुरूनानकपुरा स्थित गुरुद्वारा में नए साल को लेकर बीती रात्र 10 बजे से विशेष दिवान सजाया गया। शबद-कीर्तन का आयोजन व रात्रि 12.15 बजे तक कार्यक्रम चला, ग्रंथी कुलदीप सिंह ने सबद-कीर्तन प्रस्तुत किया। वहीं नए साल को लेकर विभिन्न मंदिरों में भी पूजा-अर्चना के लिए श्रद्वालु पहुंचे और नव वर्ष मंगलमय होने की कामना की।



# सुप्रसिद्ध पर्यटक स्थल सुखलदरी झरना पिकनिक मनाने पहुंचे शौकत खान



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** राष्ट्रीय तिरंगा सम्मान समारोह के आयोजक सह अनेक निःशुल्क बैंक के संस्थापक शौकत खान अपने पुरे परिवार के साथ पिकनिक मनाने पहुंचे। गढ़वा जिले के सुप्रसिद्ध पर्यटक स्थल धुरकी प्रखंड के सुखलदरी झरना वहां एक खुशनुमा माहौल और स्वच्छ वातावरण में हम सभी ने भोजन बनाया और खाया। वहीं गढ़वा पुलिस कप्तान के द्वारा सुरक्षा कि अच्छी इंतजाम भी देखने को मिली। वहां तैनात खुद धुरकी थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि ने अपनी पुरी टीम के साथ सराहनीय योगदान देते दिखे, साथ ही सभी आम और खास लोगों का ख्याल रख रहे थे, और सबसे अच्छी पहल ये की सुखलदरी झरना जाने वाले सड़कें कहीं-कहीं खराब थी। मैंने देखा कि थाना प्रभारी ने खुद खड़े होकर उसे ठीक करा रहे थे। ये देखकर शौकत खान ने वहां रुककर अपने जिले के एक जिम्मेदार और जांबाज थाना प्रभारी और उनकी टीम की सराहना कर सैल्यूट किया।

# लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र की जमीनी हकीकत

- पांच सौ की आबादी वाले आदिवासी गांव में 75 साल बाद भी नहीं बनी पक्की सड़क
- ग्रामीणों ने कहा रोड नहीं तो इस बार वोट नहीं
- एक भी आदिवासी को नहीं मिली अब तक पक्की आवास योजना का लाभ

कार्तिक कुमार



**पाकुड़।** कहते हैं सड़क विकास का आईना होता है। सड़क नहीं होगी तो विकास वहां कैसे पहुंचेगी। हम बात कर रहे हैं लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र का बड़ा वास्को संथाली गांव की यहां आजादी के 75 साल बाद भी आज भी यहां के लोग पथरीली और नुकीली सड़क पर चलकर गांव से बाजार, हाट, स्कूल अस्पताल और ब्लॉक कार्यालय तक पहुंचने के लिए मजबूर है। पाकुड़ जिला मुख्यालय से महज 62 किलोमीटर दूरी पर दुर्गम पहाड़ी इलाके में बसा यह गांव अमलापाड़ा ब्लॉक के डूमार्चिर पंचायत में स्थित है। गांव के लोग खुली झरना का पानी पीकर अपनी प्यास बुझाने को मजबूर हैं। कहने को एक दो चापाकल तो गांव में लगी है लेकिन चापाकल से पानी उगलने के बजाय घपले उगले जा रहे हैं। लगभग 500 आदिवासी आबादी बहुल वाला इस गांव के लोगों के चेहरे पर ठगापन की लकीरें उनके चेहरे पर साफ तौर पर दिखती है। अमरपारा ब्लॉक मुख्यालय से सिंगारसी वायुसेना कैंप जाने वाली पक्की में रोड सड़क पर मलीपाड़ा मोर से जाने वाली जर्जर सड़क 2 किलोमीटर के बाद पथरीली सड़क का रूप धारण अब तक दिखती है। बड़े-बड़े पत्थरों के बीच चलकर यहां के लोग आने-जाने को मजबूर हैं। करीब ढाई सौ मतदाता इस गांव में है जो सिर्फ वोट देने के वक्त इन्हें इस्तेमाल किया जाता है। वोट देने भी इन्हें इसी पथरीली और नुकीली सड़क पर चलकर पाल मंडरू में स्थित बूथ पर पहुंचना पड़ता है। गांव के प्रधान प्रधान टुडू के साथ गांव के ग्रामीण कहते हैं कि गांव की विकास की जमीनी हकीकत जानने आज तक यहां ना तो कोई सांसद पहुंचा और ना ही कोई विधायक और ना कोई प्रखंड या जिला के अधिकारी। कहने को तो इस इलाके के विधायक करीब 50 साल से एक ही परिवार के लोग बनते रहे हैं और वर्तमान में हैं भी। लेकिन किसी ने इस बेबस आदिवासी गरीब आदिवासियों की इन तक पहुंच कर उनकी खबर नहीं ली। सिर्फ वोट के वक्त इनके चट्टे बट्टे चुनावी झांसा देकर वोट लेकर इन्हें ठगते रहे। 500 आबादी वाली इस गांव में ना तो सड़क है ना स्कूल ना स्वास्थ्य केंद्र आंगनवाड़ी या फिर शुद्ध पेयजल। बिजली पहुंची है लेकिन कई दिनों से ट्रांसफार्मर खराब रहने के कारण बिजली गुम है। अब तो यहां के लोग बेबाकी से कहने लगे हैं रोड नहीं तो वोट नहीं। लोगों का कहना है कि अगर चुनाव से पूर्व गांव की सड़क पक्की नहीं हुई तो इस बार हम लोग साफ तौर पर वोट का बहिष्कार करेंगे।

पशुधन गांव के लोगों का आय का यहां मुख्य स्त्रोत है। पहाड़ी और पथरीली इलाका होने के कारण यहां के लोग खेती नहीं कर पाते। मजबूरन पशुपालन कर अपना आय का स्त्रोत के जरिए लोग यहां भरण पोषण करते हैं। आपको जानकर यह आश्चर्य होगा कि इतनी बड़ी आबादी वाली गांव में एक भी पक्का मकान नहीं है। पक्की सड़क की बात तो दूर-दूर तक दिखता नहीं है। लेकिन हाल के दिनों में हेमंत सोरेन के लिए गए भरोसे पर यहां के लोगों ने अब वह आवास के लिए आवेदन सरकार आपके द्वारा शिविर में जाकर सौपा देखिए आगे क्या होता है। कुल मिलाकर कहे तो इतनी बड़ी आबादी वाले इस आदिवासी गांव के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ न मिलाना कहीं ना कहीं शासन शासन और प्रशासन में बैठे लोग इन बेबस आदिवासियों के साथ नाइंसाफी की बात कही जा सकती है। यहां के लोगों ने गत सप्ताह 22 दिसंबर को उपाय इसके दरबार में पहुंचकर गां। पाकुड़। कहते हैं सड़क विकास का आईना होता है। सड़क नहीं होगी तो विकास वहां कैसे पहुंचेगी। हम बात कर रहे हैं लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र का बड़ा वास्को संथाली गांव की। यहां आजादी के 75 साल बाद भी आज भी यहां के लोग पथरीली और नुकीली सड़क पर चलकर गांव से बाजार, हाट, स्कूल अस्पताल और ब्लॉक कार्यालय तक पहुँचने के लिए मजबूर है। गांव के प्रधान प्रधान टुडू के साथ गांव के ग्रामीण कहते हैं कि गांव की विकास की जमीनी हकीकत जानने आज तक यहां ना तो कोई सांसद पहुंचा और ना ही कोई विधायक और ना कोई प्रखंड या जिला के अधिकारी। कहने को तो इस इलाके के विधायक करीब 50 साल से एक ही परिवार के लोग बनते रहे हैं और वर्तमान में हैं भी। लेकिन किसी ने इस बेबस आदिवासी गरीब आदिवासियों की इन तक पहुंच कर उनकी खबर नहीं ली। 500 आबादी वाली इस गांव में ना तो सड़क है ना स्कूल ना स्वास्थ्य केंद्र आंगनवाड़ी या फिर शुद्ध पेयजल। बिजली पहुंची है लेकिन कई दिनों से ट्रांसफार्मर खराब रहने के कारण बिजली गुम है। अब तो यहां के लोग बेबाकी से कहने लगे हैं रोड नहीं तो वोट नहीं। लोगों का कहना है कि अगर चुनाव से पूर्व गांव की सड़क पक्की नहीं हुई तो इस बार हम लोग साफ तौर पर वोट का बहिष्कार करेंगे।

कुल मिलाकर कहे तो इतनी बड़ी आबादी वाले इस आदिवासी गांव के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ न मिलाना कहीं ना कहीं शासन शासन और प्रशासन में बैठे लोग इन बेबस आदिवासियों के साथ नाइंसाफी की बात कही जा सकती है। यहां के लोगों ने गत सप्ताह 22 दिसंबर को उपाय इसके दरबार में पहुंचकर गांव में पक्की सड़क बनाने की फरियाद लेकर आवेदन दिया है अब देखना है कि जिले के उपयुक्त यहां के बेबस आदिवासियों के समस्याओं पर कितनी गंभीरता से संज्ञान लेते हैं।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा**
**E-Mail Id – eerdsdkoderma@gmail.com**

**अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/KODERMA/07/EE/RE/2023-24 (2nd call)

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| ग्रुप सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कोडरमा जिला के मरकच्चो प्रखंड में बबलू यादव के घर के सामने से फुलवारी आहर मेंढ होते हुए जयलाल साव के घर तक पी0 सी0 सी0 रोड निर्माण। | 14,30,700.00 | 28700.00 | 2500.00 | 03 (तीन माह) |
| 2 | कोडरमा जिला के मरकच्चो प्रखंड में रामसहाय यादव के घर से आर0 ई0 ओ0 रोड (800 फीट) तक पी0 सी0 सी0 रोड निर्माण। | 16,11,400.00 | 32300.00 | 5000.00 | 03 (तीन माह) |
| 3 | झुमरी तिलैया कॉमर्स कॉलेज करमा का चाहरदिवारी निर्माण। | 40,05,500.00 | 80200.00 | 5000.00 | 03 (तीन माह) |
| 4 | इण्डोर स्टेडियम कोडरमा कैम्पस में बास्केटबॉल, वॉलीवाल, Open Gym आदि निर्माण | 24,95,500.00 | 50000.00 | 5000.00 | 03 (तीन माह) |
| 5 | सतगांवा प्रखण्ड के पंचायत नावाडीह के ग्राम बाद में देवी मंदिर से रविदास टोला होते हुए श्मसान घाट तक पी0सी0सी0 एवं गार्डवाल निर्माण। | 40,72,100.00 | 81500.00 | 5000.00 | 03 (तीन माह) |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 04.01.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – दिनांक 09.01.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 10.01.2024 अपराह्न 03:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 6534358004 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
7. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगें।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–श्शुल्क भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते से अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा

PR 314861 Rural Work Department (23-24)_D

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 02 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in


# लोगों ने जोश और उत्साह के साथ किया नववर्ष का स्वागत

**लोहरदगा में उल्लास के साथ मना नववर्ष, प्रशासन रहा मुस्तैद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** नए साल का स्वागत करने के लिए शहर पूरे जोश और उल्लास से भरा रहा। बाजारों में एक दिन पहले ही पूरे दिन जहां खरीदारी के लिए भीड़ रही। वहीं घरों और होटलों में भी न्यू ईयर की पार्टी की धूम रही। युवा नए साल का स्वागत करने के लिए सुबह से ही तैयारी करने में जुटे रहे। बाजार में दुकानों गिफ्ट तथा अन्य सामान खरीदने के लिए लोगों की भारी भीड़ रही। लोगों ने होटल और अपने घरों पर अलग-अलग डीजे की धुनों पर डांस करते हुए नए साल का जोरदार स्वागत किया।

वहीं आतिशबाजी कर जमकर जश्न मनाते हुए फूल तथा उपहार देकर दोस्त तथा परिजनों को नववर्ष की बधाई दी। युवाओं ने 2024 की बनी मोमबत्ती जलाकर अपने-अपने तरीके से नए साल का स्वागत किया। नए साल पर अपनों को फूल देकर साल की शुरूआत करना भले ही पुरानी बात हो लेकिन लोग अपनों को नए साल पर गुलाब का फूल देकर अपनेपन का एहसास कराते हुए उनको नए साल की शुभकामना देते है। फूलों का उपहार देते हुए अपनों के लिए साल के लिए खुशियों दुआ करना एक अलग ही अहसास होता है। फूलों की दुकानों से युवाओं ने जमकर बुके और गुलाब के फूलों की जमकर खरीदारी की। शहर में फूलों की स्थाई और अस्थाई दुकानों पर फूलों की भरमार रही।

गुदरी बाजार, मिशन चौक आदि स्थानों पर फूलों की दुकान करने वाले दुकानदार ने बताया कि नए साल पर सभी प्रकार के फूलों की मांग रहती है। लाल गुलाब की डिमांड ज्यादा ही रहती है। वहीं लोग बुके भी तैयार करवाते है। वही कुडु प्रखंड के नामुदाग के मगरदहा नदी पर बने 27 नंबर रेलवे ब्रिज व आस-पास के वादियो को छोड़ अन्य पिकनिक स्पॉटों पर अन्य वर्षो से ज्यादा इस साल लोगो की भीड़ काफी रही। सुबह से ही आसमान पर बादल छाए रहे, फिर भी लोगो का उत्साह कम नहीं हुआ। ठंड से साल के पहले दिन अधिकतर लोग अपने घरों में बोरसी व अलाव जलाकर तापते नजर आए।

नामुदाग रेलवे ब्रिज व आसपास पिकनिक मनाने लोग पहुचे। अधिकतर लोग कुछ देर रहकर ठंड के कारण जल्द ही निकल गए। वही उमरी कोयल नदी, जोजरो, टीको, दुलडुलिया पतरा, चिरी पतरा आदि पिकनिक स्पॉटों में इस साल इक्के-दुक्के पिकनिक मनाने लोग पहुचे। अलबत्ता सुबह की शुरूआत अधिकतर लोग मंदिरों में पूजा अर्चना के साथ किया।

कुड़ू के टीको शिव मंदिर, बड़कीचापी के महादेव मंडा धाम, दुर्गा मंदिर, शिव मंदिर आदि मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। सुबह पूजा- पाठ के साथ नए वर्ष का स्वागत किया । नामुदाग रेलवे ब्रिज 27 नंबर में पर्यटको की सुरक्षा व्यवस्था के लिए वन समिति के कई लोग अपने कर्तव्य में लगे रहे।

**साल के पहले दिन हुई मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना:** नए साल के पहले दिन सोमवार को मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना हुई। शहर के विभिन्न मंदिरों पर लोग भगवान का आशीर्वाद लेने के लिए आएं। शहर के स्वयंभू महादेव, बुढ़वा महादेव, ठाकुरबाड़ी मंदिर, हनुमान मंदिर, शिव मंदिर, काली मंदिर, जगन्नाथ मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों में भीड़ देखी गई। वही जिले के विभिन्न प्रखण्डो में स्थित विभिन्न मंदिरों में भी लोगो की भीड़ उमड़ी।

## सेन्हा के विभिन्न पिकनिक स्पॉट पर रही भीड़

**सेन्हा/ लोहरदगा।** सोमवार को नव वर्ष 2024 प्रखण्ड क्षेत्र में लोगों ने धूमधाम से मनाया। 31 दिसम्बर की रात को जैसे ही 12 बजा लोगों में खुशी की लहर दौड़ गया। एक-दूसरे को सभी ने नव वर्ष का बधाई देना शुरू कर दिये साथी पटाखा फोड़ कर नववर्ष का आगाज शुरू किया। युवकों ने दिन भर डीजे की धुन में मस्ती से न नाचते थिरकते नजर आये। ठंड के बावजूद लोग अहले सुबह से ही पूजा-पाठ में जुट गए थे। इसके बाद पिकनिक स्पाटों का रुख किया सुबह से शाम तक पिकनिक स्पॉट गुलजार रहा। वही कुछ लोगों ने घर में रहकर ही नव वर्ष का आनंद लिया अपने अपने



सुविधानुसार लोग पिकनिक मनाते हुए नदी झरने एवं खेत खलियान में देखे गये। पहाड़ी क्षेत्र के कुछ लोग भी पिकनिक मनाने जंगल की ओर जाने से बचते देखे गये। ग्रामीण लोगों का भी कहना है कि इन दिनों जंगलो में उग्रवादियों की मौजूदगी बढ़ गई है। आये दिन ही कई जगह विस्फोट के कारण लोगों की जान गये हैं । जिस कारण लोग डर भी से इस वर्ष पहाड़ों में पिकनिक मनाना नहीं चाहे हालांकि कही पर किसी तरह का कोई अप्रिय घटना न हो इस इसलिये पुलिस द्वारा जगह-जगह पर सुरक्षा व्यवस्था के लिये मुश्तैद देखा गया। सेन्हा प्रखण्ड क्षेत्र के धरधरिया जल प्रपात, सीठीयो, चितरी कोयल नदी, नन्दगाँव फॉर्म में लोग पिकनिक के दौरान खाने पीने का लुफ्त उठाया। पिकनिक स्थल से लेकर सड़को पर पुलिस के जवानो का पहरा देखा गया। नव वर्ष के कारण प्रखंड मुख्यालय एवं अन्य जगहों पर लगने वाले सप्ताहिक बाजार में भीड़ व चहल पहल बहुत कम देखने को मिला। प्रखंड मुख्यालय खुला रहने के बावजूद सन्नाटा पसरा रहा।

# अयोध्या से आया अक्षत कलश भैंसमुंदो पंहुचा, हुआ स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा ।** अयोध्या में श्री राम जी के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए सोमवार को प्रखंड के भैंसमुंदो मे विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं एवं गांव की महिलाओं के द्वारा घर-घर जाकर न्यौता दिया गया। अक्षत चावल के माध्यम से निमंत्रण पत्र दिया गया और आमंत्रित किया गया कि 22 जनवरी को सभी अपने गांव के देवालय में जाकर 11:00 बजे से पूजन, कीर्तन, भजन करना है। तत्पश्चात 2:00 बजे अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की आरती गांव गांव के लोगों को भी आरती में सम्मिलित होना है। इसके लिए न्यौता घर-घर अक्षत एवं पत्रक के साथ-साथ चित्र दिया गया। घर घर नेवता देने कार्यक्रम में आनंद सिंह, विवेक सिंह, अभिषेक सिंह, कांति देवी, गीता देवी, जूली देवी, सूरज यादव, करमचंद यादव, संध्या कुमारी, रूपेश सिंह, पुष्पा देवी, सावित्री देवी, अंजू देवी, निर्मला देवी सहित भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री बालकृष्ण सिंह घर-घर जाकर न्यौता देने के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

# श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का अक्षत कलश वितरण प्रारंभ



**उपायुक्त, एसडीओ, डीजे वन, थाना प्रभारी व प्रांत संघचालक को निमंत्रण पत्र दिया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** श्री रघुवर जी के अवधपुरी में प्राण प्रतिष्ठा होना है निमंत्रण को स्वीकार करो अब सबको अयोध्या चलना है। इसी के साथ 1 जनवरी 2024 से 15 जनवरी 2024 तक सभी राम भक्तों के घर तक अक्षत और निमंत्रण पत्र पहुंचना है। इसी के निमित्त सोमवार को लोहरदगा जिला उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण को अक्षत व निमंत्रण पत्र देकर कार्य शुभारंभ किया गया। इसके अलावा लोहरदगा डीजे प्रथम जज साहब, एसडीओ अमित कुमार, लोहरदगा सीओ आशुतोष, लोहरदगा थाना प्रभारी अनिल उरांव, प्रांत संघ चालक सच्चिदानंद अग्रवाल की धर्मपत्नी को भी निमंत्रण पत्र दिया गया।

# बिरसा किसान रथ को हरी झंडी दिखा कर किया गया रवाना

कुतुबुद्दीन

**बारियातू।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर से सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सोमवार को राजयसभा सांसद प्रतिनिधि रिगन कुमार, प्रमुख उर्मिला देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी, एटीएम मो शमीम ने संयुक्त रूप से बिरसा किसान रथ को हरी झंडी दिखाकर सभी पंचायत के लिए रवाना किया।



इस दौरान विरसा किसान रथ के परिचालन के संबंध में जानकारी देते हुए बीडीओ कुमारी ने बताया कि झारखंड सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के द्वारा बिरसा किसान रथ का परिचालन कृषि प्रोद्यौगिकी के माध्यम से प्रारंभ की गयी है। इस का मुख्य उद्देश्य हैं कि सरकार द्वारा द्वारा चलाई जा रही सभी कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ मृदा स्वास्थ्य, जैविक खेती, जल प्रबंधन, बीज उपचार,यांत्रिकरण, किसान क्रेडिट कार्ड, मछली पालन, पशुओं का टीकाकरण, स्वास्थ्य कार्ड आदि की जानकारी बिरसा किसान रथ के माध्यम से किसानों को दी जायेगी। इसके लिए आज सोमवार को प्रखण्ड के डाढा, फुलसु, बालुभांग, गोनिया, शिबला, टोंटी, साल्वे व अमरवाडीह पंचायत के सभी गांवों में मुख्यमंत्री, कृषि विभाग द्वारा विगत चार वर्षों में किये गये कार्यों का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। साथ ही विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी बिरसा किसान रथ के द्वारा दी जायेगी।मौके पर युवा कांग्रेस नेता लाल आशीष नाथ शहादेव, शशि कुजुर, संदीप ठाकुर, आशेश्वर प्रजापति, राजेश प्रसाद, राजेश उरांव, आरिफ अंसारी, सहित कई लोग मौजूद रहे ।

# पूर्व मंत्री ने दौरे के क्रम में हुटाप हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का लिया जायजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड के हुटाप पंचायत में झारखंड के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी अपने दौर के क्रम में सचिवालय में जाकर मुखिया सुख नारायण सिंह से गांव की समस्या के बारे में जानकारी प्राप्त किया। इसी क्रम में उपस्थित हुटाप पंचायत के हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के बारे में केएन त्रिपाठी को उपस्थित ग्रामीणों ने बतलाया सेंटर हल के दिनों में ही उसे मरामाती की गई थी।




परंतु 1 वर्ष के बाद ही हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के अंदर पानी का रिसाव होने लगा। जिससे केंद्र में आने वाली को और एएनएम की परेशानी ग्रामीणों ने नजदीकी से देखा है। ग्रामीणों ने कहा की सरकार कार्य तो करती है, परंतु ठेकेदारी होने के कारण सरकारी भवन कुछ ही दिनों में चूने लगती है। छत गिरने लगता है जिससे क्षेत्र के मैरिज हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में प्रसव कराने आते हैं । तो उन्हें भी और यहां रहने वाले सरकारी कर्मचारियों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जानकारी मिलने के बाद केएन त्रिपाठी ने तुरंत लातेहार के सिविल सर्जन अवधेश कुमार सिंह को दूरभाष पर इसे ठीक करने का निर्देश दिया।

त्रिपाठी जी ने कहा कि क्षेत्र की अगर कोई भी समस्या है तो हमें बताएं हम हर संभव प्रयास करेंगे और उसे करने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर कई ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

# नववर्ष के पहले दिन सैलानियों से गुलजार रहे कई पर्यटन स्थल

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** आंग्ल नव वर्ष के पहले दिन सोमवार को खूंटी जिले के सभी पर्यटन स्थल सैलानियों से गुलजार रहे, जबकि धार्मिक स्थलों पर भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हिंदुओं ने जहां मंदिरों, देवी मंडपों और अन्य धार्मिक स्थलों में पूजा-अर्चना कर अंग्रेजी नव वर्ष की शुरूआत की, वहीं मसीही विश्वासियों ने गिरजा घरों में प्रार्थना कर अपनी दिनचर्या की शुरूआत की। जिले के प्रसिद्ध पेरवांघाघ जलप्रपात, पंचघाघ जलप्रपात, सप्तधारा, पाडॅपुड़िंग, उलूंग, पेमघाघ जलप्रपात, लटरजंग डैम, लतरातू जलाशय, पंगुरा जलप्रपात सहित अन्य पर्यटन स्थलों पर नववर्ष का उत्सव मनानें के लिए सैलानियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पेरवांघाघ, पंचघाध जैसे पिकनिक



स्थलों पर तो भीड़ इस कदर उमड़ पड़ी कि लोगों को खाना बनाने और बैठने के लिए जगह तलाशने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। कहीं लोग डीजे की धुन पर थिरक रहे थे, तो वहीं पकवानों की सुगंध आ रही थी। लोगों ने परिवार और मित्रों के संग नववर्ष का जमकर लुत्फ अठाया।

बाबा आम्रेश्वर धाम सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं की भींड़

अंग्रेजी नववर्ष के मौके पर रविवार को राज्य के पसिद्ध बाबा आम्रेश्वर धाम, नकटी मंदिर, बाबा नागेश्वर धाम, बुढ़वा महादेव, नामकुम महादेव मंदिर, सोनमेर माता मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने मंदिरों में पूजा-अर्चना कर अपने और परिवार की समृद्धि की कामना की।

# कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों का प्रशिक्षण 04 को

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारी से संबंधित सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों को दिनांक 04.01.2024 को 11.30 बजे पूर्वाहन से दिया जाएगा। जिसमें कार्मिक कोषांग, सामान्य प्रशिक्षण कोषांग, सामग्री कोषांग, वाहन कोषांग, ईवीएम कोषांग, कम्प्यूटराइजेशन, साइबर सिक्योरिटी व आइटी कोषांग, स्वीप कोषांग, विधि-व्यवस्था-सह-आचार संहिता-रूट चार्ट कोषांग, ईवीएम एवं वीवीपैट कोषांग, आदर्श आचार संहिता कोषांग, निर्वाचन व्यय लेखा कोषांग, बैलेट पेपर, पोस्टल बैलेट व इटीपीबीएस कोषांग, मीडिया कोषांग, कम्युनिकेशन, मतदाता सूची विखंडिकरण कोषांग, कंप्लेंट्स रीड्रेसल एवं वोटर हेल्पलाईन, प्रेक्षक कोषांग आदि के वरीय पदाधिकारी शामिल हैं। यह प्रशिक्षण राज्य स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा।

## मगध परियोजना ने वीपीआर कंसोर्टियम के प्रांगण में मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का कराया आयोजन

# वीपीआर कंसोर्टियम 151 रनों से मैच को जीत कर विजेता बना

संतोष सिन्हा

**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** मगध परियोजना ने वीपीआर कंसोर्टियम के प्रांगण में स्थित क्रिकेट मैदान में मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन कर वीपीआर कंसोर्टियम के साथ एक दोस्ताना क्रिकेट मैच खेला। मगध-संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक श्री नृपेंद्र नाथ ने मगध परियोजना की टीम का नेतृत्व किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए वीपीआर की टीम ने पूरा 16 ओवर खेलते हुए 3 विकेट खोकर 269 बनाई। जवाबी पारी खेलते हुए मगध




परियोजना की टीम 270 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 118 पर आल आउट हो गई। परिणामस्वरूप वीपीआर कंसोर्टियम ने 151 रनो से मैच को जीत कर विजेता का खिताब जीता। वीपीआर की टीम से गुदीवाड़ा नायडू ने विस्फोटक बल्लेबाजी का प्रदर्शन दिखते हुए 30 गेंदों पर 95 रन की पारी खेली जिसमे उन्होने 12 छक्के लगाए और सबसे ज्यादा छक्के लगाने का खिताब भी अपने नाम किया। पवन रेड्डी ने भी अपनी टीम के लिए 23 गेंदों पर 68 रन की पारी खेली एवं गेंदबाजी करते हुए चार विकेट भी लिए। प्लेयर आफ द मैच का खिताब पवन रेड्डी बने। मगध परियोजना की टीम से नन्द किशोर भोगता ने सर्वाधिक 36 रन बनाए। अभिषेक आनंद, उप प्रबंधक (कार्मिक), सत्यनारायन प्रसाद, प्रबन्धक(खनन) और अन्य कर्मी मगध परियोजना के क्रिकेट टीम का हिस्सा थे। मगध परियोजना के परियोजना पदाधिकारी एस. सत्यनारायणा, खान प्रबंधक मो. अकरम, वीपीआर के मैनेजर जी. श्रीनिवास रेड्डी सहित वरिष्ठ अधिकारीयों ने विजेता टीम को ट्राफियां प्रदान की। मैच के अंपायर साजिद अख्तर और बी. नायडू रहे। मौके पर परियोजना के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी, वीपीआर के अधिकारी एवं कर्मी, आस-पास के ग्रामीण, रैयत एवं अन्य उपस्थित थे।

# अंजुमन चुनाव के लिए कैरो प्रखंड के उम्मीदवारों ने किया नामांकन

आजाद सिपाही संवाददाता

**कैरो।** कैरो प्रखंड अंजुमन इस्लामिया चुनाव के लिए नामांकन के अंतिम दिन तक कुल प्रत्याशियों ने नामांकन किया। चुनाव कमिटी के संयोजक अलीरजा अंसारी ने बताया कि सदर पद के लिए जमील अख्तर, मकसूद खान, सेक्रेटरी के लिए समीद अंसारी,मुर्शीद खान, खजांची के लिए रसीद अंसारी, सरफराज अंसारी, सनाउल्लाह अंसारी, नायब सदर मोजेबुल अंसारी, मजूल अंसारी, नायब सेक्रेटरी अख्तर अंसारी, अनवर



अंसारी, महबूब आलम अंसारी ने नामांकन दाखिल किया है। उन्होंने कहा कि सोमवार को 3 बजे दिन तक नाम वापसी के लिए समय दिया गया है। उसके बाद उसी दिन शाम 5 बजे तक चुनाव चिन्ह का वितरण कर दिया जाएगा। सदर पद के लिए हरा रंग, सेक्रेटरी पीला रंग, नायब सदर आसमानी, नायब सेक्रेटरी गुलाबी और खजांची के लिए सफेद रंग के बैलेट पेपर में 7 जनवरी को न्याटोली कैरो (मकतब) वोट डाले जाएंगे।

# गुमला में शानदार तरीके से किया गया न्यू ईयर सेलिब्रेशन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** वर्ष का पहला दिन यानी पहली जनवरी। इस नव वर्ष में अधिकतर गुमला वासियों का दिन नदी, नाले, झरने पहाड़ और हसीन वादियों में रहकर गुजरा। जिला मुख्यालय में टोंगरी पहाड़, बरिसा पहाड़, बिरसा एग्रो पार्क और सारू पहाड़ में अच्छी खासी भीड़ दिखाई दी। वही बहुत सारे लोगों ने नागफेनी स्थित कोयल नदी के तट पर जाकर पिकनिक मनाई। बहुत सारे युवाओं ने पिकनिक के लिए दूर दराज का स्थान भी चुनाव किया। लेकिन अधिकतर लोग अपने परिवार के साथ शहर के आसपास स्थित प्राकृतिक





वादियों में ही नए साल का मजा लेना मुनासिब समझा। हालांकि सुबह 7:00 बजे से ही लोग अपने-अपने घरों से निकालकर अपने वांछित पिकनिक स्पॉट पर पहुंचने लगे थे। लेकिन 10 से 11:00 बजे तक कई पिकनिक स्पॉट में खचाखच भीड़ भरी हुई थी। गुमला में पहली जनवरी को मौसम साफ रहा। गुनगुनाती धूप और चलती ठंडी हवाओं ने पहली जनवरी को और भी हसीन बना दिया। पहाड़ों पर जाना, वहां जाकर घूमना, फिरना, भोजन करना, खेलना, गाने सुनना और गानों की धुनों पर थिरकना, यह सब कुछ काफी आनंददायक था। लोगों ने व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम और मैसेंजर पर एक दूसरे को नव वर्ष की बधाई का संदेश देकर भी न्यू ईयर को सेलिब्रेट किया। जिला मुख्यालय के अलावा गुमला जिले में जितने भी पिकनिक स्पॉट थे हर पिकनिक स्पॉट पर लोग भरे नजर आए। लोगों ने एक दूसरे को हैप्पी न्यू ईयर कहते हुए बधाई दी।

# भाजपाइयों ने मनाया ललित उरांव का 89वां जन्मोत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** सिसई व पुसो मंडल भाजपा के द्वारा सोमवार को एकीकृत बिहार के पुर्व विधायक, लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के सांसद, सर्वमान्य लोकप्रिय नेता मृदुभाषी व क्षेत्र में ललित बाबा के नाम से मशहूर स्व ललित उरांव का 89 वां जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर भाजपाईयों ने प्रखंड कार्यालय परिसर में स्थित स्व ललित बाबा की प्रतिमा पर स्व ललित उरांव के सुपुत्र मंगलाचरण उरांव व पौत्र अभिषेक चन्द्र उरांव सहित पुर्व स्पीकर डॉ दिनेश उरांव, जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा, प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा सोशल मीडिया प्रभारी अमन यादव, सिसई मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण यादव, पुसो मंडल अध्यक्ष सुमित महली, सांसद प्रतिनिधि निरंजन सिंह, राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि अनिल कुमार साहु, वरिष्ठ भाजपाई लालमोहन साहु, रविन्द्र साहु, भैरो सिंह खेरवार, नंदकिशोर सिंह, अरकितानंद




देवघरिया, सत्यनारायण भगत, दीपक गुप्ता, संजय महतो, दीपक सिंह सहित कई भाजपाईयों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया गया।

**उपलब्धियां:** क्षेत्र के लोकप्रिय जननायक सह पुर्व सिसई विधायक- मंत्री सह पुर्व लोहरदगा सांसद स्व ललित उरांव राजनैतिक जीवन से पुर्व शिक्षक रहे। उन्होंने अपने राजनैतिक जीवन की शुरूआत कांग्रेस से की। कांग्रेस छोड़ उन्होंने सन् 1966-77 तक जनसंघ के सदस्य बनें। वहीं सन 1969-71 बिहार विधानसभा के सदस्य बने, 1977-80 में जनता पार्टी के बिहार विधानसभा सदस्य सह बिहार कैबिनेट मंत्री सह वन एवं आदिवासी कल्याण मंत्री के पद पर रहें। उनकी लोकप्रियता व सर्वजन लोकप्रिय-मृदुभाषी नेता होने और भाजपा गठन के पश्चात सन 1981-84 में एकीकृत बिहार प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष बनाए गए। 1989-91 सदस्य बिहार विधानसभा सह सार्वजनिक लेखा समिति बिहार विधानसभा सदस्य, 1991 दसवीं लोकसभा व 1996 ग्यारह लोकसभा में लोहरदगा संसदीय सीट से सांसद रहे।

# दुकान से 35 पेटी सरसों तेल की चोरी




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला ।** गुमला में चोरी की घटना थमने का नाम नहीं ले रही है। गुमला बाजार टांड़ स्थित गायत्री टेड्रस में चोरी हुई है। दुकानदार युगेश्वर साव ने बताया कि रविवार की शाम दुकान बंद कर घर चला गया था। सोमवार की सुबह सामने पानी टंकी के कर्मी ने उसे फोन कर बताया कि उसके दुकान के शटर का एक ताला टूटा हुआ है। दुकानदार के अनुसार 35 पेटी सरसों का तेल (लगभग 80 हजार रुपये) की चोरी हुई है। उसका कहना था कि एक साल पहले नौ लाख रुपये बैंक आफ इंडिया से लोन लेकर दुकान किया है। इससे पहले भी उसके दुकान में तीन बार चोरी हुई है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने दुकान का मुआयना किया। पुलिस के अनुसार चोरी की घटना हुई है लेकिन दुकान छोटा है। दुकानदार चोरी की मात्रा गलत बता रहा है। प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस चोर की पहचान करने व गिरफ्तार करने के दिशा में काम कर रही है।

# नव वर्ष के मौके पर मेले में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**कामडारा ।** कामडारा प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत पंचायत सालेगुटू गांव बकसपुर में आज सोमवार को नववर्ष के मौके पर आयोजित मेले पर रंगारंग नागपुरी ऑर्केस्ट्रा कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष किरणमाला बाड़ा, जिप सदस्य दीपक कंडूलना, थाना प्रभारी कौशलेंद्र कुमार और प्रमुख सुनील सुरीन ने विधिवत फीता काटकर की। वहीं बतौर मुख्य अतिथि के रुप मे संबोधित करते हुये जिला परिषद अध्यक्ष किरणमाला बाड़ा ने उपस्थित सभी लोगों को नववर्ष की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। कहा कि यह नववर्ष क्षेत्र के लोगों को एक नई मुकाम मिले। इसके बाद देर शाम तक नागुपरी कलाकारों और गायकों के द्वारा एक से बढ़कर एक जबरदस्त नागपुरी गीत प्रस्तुत की गई। जिसमे गायक चंदन दास, क्यूम अब्बास, केशो देवी, आरती देवी, चिंता देवी, मांदर वादक हुलास महतो और डांसर काजल व काब्या के द्वारा अपनी धमाकेदार कला प्रस्तुत की गई। जिसके कारण देर शाम तक ग्रामीण महिला -पुरुष एक स्थान पर जमे रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुआ बाइक चालक

**गुमला (आजाद सिपाही) ।** जशपुर रोड स्थित काली मंदिर के समीप अज्ञात वाहन के टक्कर से चेटर निवासी विकास कुमार बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में उसके चेहरा व शरीर के अन्य हिस्से में काफी चोट लगी। वहीं घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। वहीं से गुजर रहे चेटर के दो युवक भीड़ देखकर घटनास्थल पर रुके और देखा कि वह तो जान पहचान वाला है जिसके बाद दोनों युवकों ने विकास को सदर अस्पताल पहुंचाया जहां उसका इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि विकास सीलम की ओर से शहर की ओर लौट रहा था वही शहर की ओर से सीलम की ओर जाते हुए एक अज्ञात वाहन टक्कर मारकर घटना स्थल से फरार हो गया। लोंगो की सूचना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ता की ।

# सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुई युवती




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला ।** पालकोट के काली मंदिर के समीप सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल युवती को सड़क किनारे से उठा कर पालकोट थाना प्रभारी अनिल लिंडा ने सदर असपताल गुमला पहुंचाया और उपचार कराया। युवती सुमन कुमारी उम्र 22 वर्ष अपने स्कूटी से गुमला से अपना गांव बसिया के कुरुम गांव जा रही थी। पालकोट के काली मंदिर के समीप अचानक सामने से आ रही एक कार से टकरा गई। जिससे सुमन घायल हो गई। घटना की जानकारी थाना प्रभारी अनिल लिंडा को मिलते ही घटना स्थल पहुच कर लड़की को बिना देर किए ही घायल अवस्था मे अपने वाहन से ही इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल ले गए। पालकोट स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर के नदारत रहने से वहां सही ढंग से इलाज नहीं हो पाता है। थाना प्रभारी के इस कार्य को देख आस पास के लोगों ने काफी सराहा।

# अवैध निर्माण को रोकने और हटाने की मांग को लेकर दिया आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** थाना अंतर्गत बोंगोलोया निवासी सुदामा सिंह जो कि वर्तमान में गिंडरा थाना गुमला में रहते है ने बसिया थाना में एक आवेदन देकर रैयती कयमी भूमि में दबंग व्यक्तियों द्वारा जबरन धमकी देकर कब्जा करने एवम अवैध निर्माण को रोकने और हटाने की मांग की है।

इस संबंध में सुदामा सिंह ने बताया कि बसिया अनुमंडल पदाधिकारी सह अनुमंडल दंडाधिकारी के परिवाद पत्र संख्या 50/2021 खाता संख्या 27 प्लॉट संख्या 335 रकबा 0.89 एकड़ पर मेरे विपक्षी झालो देवी पति महली गोप ग्राम बोंगोलोया निवासी





से चल रहा था जिसके विरुद्ध में 10/08/2022 को अंतिम निर्णय प्रतिवेदन अनुमंडल न्यायालय द्वारा मेरे पक्ष में दिया गया। किन्तु विपक्ष झालो देवी पति महली गोप द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी के निर्णय को दर किनार करते हुए चोरी छिपे रात के अंधेरे में मेरे भूमि पर अवैध कब्जा करते हुए प्रधानमंत्री आवास बनाने में लगा है।ग्रामीणों द्वारा इसकी जानकारी मुझे दी गई तो मैने गांव आकर मना किया तो 30/06/2022 को मुझे गाली गलौज देते हए धमकी दिया कि तुम गिंडरा भाग जाओ नही तो इस घर के नीव में खोद कर दफना देंगे किसी को कुछ भी पता नही चलेगा। हम एसडीओ और थाना को कुछ भी नही समझते है।मेरा सरकारी आवास को कोई गिरा नही सकता। उन्होंने कहा कि जान माल की सुरक्षा और दबंग ब्यक्ति द्वारा दिये गए धमकी से मानसिक रूप से पीड़ित हूं। मैं गुमला रहकर अपना जीवन गुजार रहा हूं। डर से मैं गांव नही जा पा रहा हूं। उन्होंने झालो देवी पति महली गोप पर कानूनी कार्यवाही करते हुए अवैध निर्माण पर रोक लगाते हुए उसे हटाने की मांग की है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया नया साल

आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** प्रखंड में नव वर्ष धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रखंड के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल बाघमुंडा, जोलो पुल, घनसिंग टोली डैम आदि में हजारों की संख्या में लोगो ने जाकर पिकनिक बनाकर नववर्ष की खुशियां मनायी। वही दूसरी ओर नए साल के पहले दिन लोगो ने मंदिरों और चर्चो में भी जाकर ईश्वर की से सुख समृद्धि शांति और उत्तम स्वास्थ्य के लिये प्रार्थना किये। नववर्ष के दिन मीट मुर्गे की दुकानों में भी भीड़ देखने को मिली। लोग सुबह से ही खस्सी और मुर्गे की मीट और शराब के लिए खरीदारी करते



दिखे। नववर्ष पर लाखों रुपया का व्यवसाय मटन चिकन ओर शराब में हुआ।इस दौरान शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन सभी पिकनिक ओर रमणीक स्थलों पर नजर बनाए हुए थी और पुलिस जवान को तैनात रखा गया था।

# डॉ स्वामी निर्मलानंद जी महाराज को मिली विद्यासागर की मानद उपाधि

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** महर्षि मेंही आश्रम मलियादा, शांतिपुरी मुरहू के प्रधान सन्यासी डॉ स्वामी निर्मलानंद जी महाराज को विद्यासागर की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। स्वामी निर्मलानंद जी यह उपाधि थावे विद्यापीठ, बलिवन सागर, गोपालगंज बिहार द्वारा प्रदान किया गया। यह पुरस्कार स्वामी जी की हिंदी सेवा, कला-साहित्य व साधना के लिए दिया गया।

इस उपलब्धि पर आश्रम के स्वामी लक्ष्मण जी महाराज, स्वामी वैष्णोवानंद जी महाराज और खूंटी जिला संतमत सत्संग समिति के डॉं डीएन तिवारी,



संजय कुमार, जुरन मुंडा, कृष्णा प्रसाद, सूरजमल प्रसाद, सुबोध कुमार, सनातन कुमार बीरु, रामहरि साव, राजकुमार, संतोष गुप्ता आदि ने बधाई दी और थावे विद्यापीठ का आभार व्यक्त किया।

# वर्षा का राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में हुआ चयन

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** सिसई कबड्डी डे बोर्डिंग सेंटर के खिलाड़ी वर्षा कुमारी का राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में चयन होने सिसई के खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है। खेलो झारखंड अंतर्गत स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के द्वारा 11 से 31 दिसम्बर तक राज्य सरकार के द्वारा रांची के खेलगांव में आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी प्रशिक्षण शिविर में वर्षा कुमारी का चयन हुआ है। वर्षा कुमारी 3 जनवरी से 8 जनवरी 2024 को राजस्थान के जयपुर में आयोजित राष्ट्रीय



कबड्डी प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेगी। इसकी जानकारी डे बोर्डिंग सेंटर के शारीरिक शिक्षक बीरबल लोहरा ने देते हुए वर्षा कुमारी की उज्वल भविष्य की कामना किया है।

# गुमला में जिला प्रशासन ने वर्ष 2023 को रखा शिक्षा पर केंद्रित

### युवाओं के भविष्य को सही दिशा देने के लिए जिले में आयी पुस्तकालय क्रांति

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** यूं तो वर्ष 2023 गुजर गया। इस गुजरे वर्ष में अगर जिला प्रशासन ने कोई ठोस काम किया तो वह है पंचायत से लेकर जिला मुख्यालय तक पुस्तकालय की व्यवस्था। इस वर्ष जिला प्रशासन का पूरा फोकस युवाओं पर केंद्रित रहा है। युवाओं को सही दिशा प्रदान करके उनके भविष्य को मंजिल तक पहुंचाने के लिए जिले में को पुस्तकालय क्रांति आई है इसे आने वाली पीढ़ियां याद रखेगी। जिला प्रशासन के द्वारा लाई गई यह क्रांति छात्र जीवन को



कितना लाभ पहुंचा रही हैं यह तो समय ही बताएगा लेकिन पुस्तकालय से जुड़ कर प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारियां करने वालों के लिए जो सहूलियत यहां पर मिल रही है वो अन्य जगहों पर शायद ही नसीब हो। कहते हैं कि जिस जिले में जैसे पदाधिकारी होते हैं। जिले का रंग भी उसी प्रकार बदलता रहता है।

दो पदाधिकारी जिनका सीधा वास्ता पढ़ाई लिखाई से है, उन दोनों की अच्छी सोच रंग लाई। जिसका परिणाम यह हुआ कि पंचायत स्तर से लेकर प्रखंड व जिला मुख्यालयों में पुस्तकालय खोले गये। इस मील के पत्थर को गाड़ने का काम किया है पूर्व उपायुक्त सुशांत गौरव व अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता ने। दोनों अधिकारियों की कल्पना धरातल पर साकार हुई और युवाओं के उत्थान के लिए कई पुस्तकालय की नींव रखी गई । जहां हर प्रकार के पुस्तक के साथ प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी को लेकर किताबें उपलब्ध करायी गई। पुस्तकालयों में युवक-युवतियों की उपस्थित यह दशार्ती है कि जिला प्रशासन का फोकस सही मायने में कारगर साबित हुई है। युवक-युवती पुस्तकालय का सही उपयोग कर अपने जीवन को उंचाईयों तक ले जा सकते हैं और अपने हौसलें के पंखों से उंची उड़ान भर सकते हैं। जिसके लिए युवाओं को संयम व धैर्य रखना जरूरी है।

पुस्तकालय में समय व्यतीत कर युवा अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। जिला प्रशासन लगातार पुस्तकालय को आधुनिक व बेहतरीन पुस्तकों से सुसज्जीत करने में जुटी है। गरीब से गरीब युवा पुस्तकालय में जाकर अपने जीवन को उंचाईयां प्रदान कर सकता है। जिले के अभिभावक अपने बच्चों के प्रतिभा को विकसित करने के लिए उन्हें पुस्तकालय भेजकर उनके कैरियर को आगे बढ़ा सकते हैं। सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहर मुख्यालय तक के युवा पुस्तकालय का लाभ उठा सकते हैं। वर्तमान में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी भी इस एजुकेशनल मिशन को गति प्रदान करने में काफी दिलचस्पी ले रहे हैं। जो यहां के छात्रों के लिए खुशखबरी है। आए दिन शिक्षा और विद्या से जुड़े कार्यक्रमों में शरीक रहने वाले उपायुक्त से भी वर्ष 2024 में युवाओं की उम्मीदें जुड़ी हैं।

## बीडीओ ने नये साल पर 111 पेंशनधारियों को दी स्वीकृति

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिले के हरिहरगंज प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय में सोमवार को अधिकारियों ने कार्य किया। नए साल के प्रथम दिन 111 पेंशनधारियों की पेंशन स्वीकृति की गई। बीडीओ सह अंचल अधिकारी यामुन रविदास के साथ प्रखण्ड प्रधान सहायक सरयू बैगा, उर्दू अनुवादक अलीम अंसारी, निर्वाचन कंप्यूटर ऑप्रेटर सोनू कुमार, सर्वजन पेंशन ऑप्रेटर राहुल कुमार द्वारा समयावधि तक पेंशन के अलावे कई कार्यों को निपटारा किया गया। बीडीओ ने बताया कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों से सर्वजन पेंशन योजना के तहत 334 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें अब तक 111 पेंशनधारियों की पेंशन की स्वीकृ कर दी गई है। बाकि लोगों का दो चार दिनों में आवेदन का जांच कर स्वीकृत कर दिया जाएगा।

## आरएसएस एवं बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने अयोध्या में पूजन दर्शन के लिए किया आमंत्रित



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज राष्ट्रिय स्वम संघ, बजरंगदल सहित विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश के साथ घर-घर जाकर भक्तों को श्रीराम मंदिर और प्रतिमा का दर्शन पूजन के लिए आमंत्रण दिया। श्री राम भक्तों को पूजित अक्षत के साथ मंदिर का चित्र तथा पत्रक भी दिया गया। आरएसएस के खंड कार्यवाह मोहन ठाकुर ने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम के अपने दिव्य धाम में विराजमान होने को लेकर भक्तों में असीम उत्साह है। प्राण प्रतिष्ठा के दिन लोग अपने आसपास के मंदिरों में भजन कीर्तन करें। प्रत्येक घरों में दीपोत्सव मनाएं। मौके राजेश रंजन मिश्रा, रॉबर्ट गुप्ता, बजरंग दल सह संयोजक रिशु गुप्ता, संजय जायसवाल, विजय प्रजापति, आनंद कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम आदि उपस्थित थे।

### पांकी के पचफेड़ी में विधायक ने आदिवासियों के साथ किया वनभोज

# आदिवासी अपने बच्चों को शिक्षित बनायें: डॉ शशिभूषण

**कहा- केंद्र की भाजपा सरकार आदिवासियों के विकास को लेकर संकल्पित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** पांकी प्रखंड अंतर्गत माड़न पंचायत के पचपेड़ी गांव में नववर्ष के अवसर पर विधायक सोमवार को डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने आदिवासियों के साथ वनभोज किया। साथ ही आदिवासी महिलाओं के बीच वस्त्र वितरित किया। विधायक ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार आदिवासियों के विकास को लेकर संकल्पित है। जबकि झारखंड सरकार केवल मुस्लिम वर्ग को संतुष्ट करने में लगी है। कब्रिस्तान की घेराबंदी में सरकारी राशि की बंदरबांट की जा रही है। कल्याण विभाग की योजनाएं आदिवासियों के विकास के लिए आयोजित होने चाहिए। वनभोज में शामिल लोगों से उन्होंने घर के बच्चों को पढ़ाने और शिक्षित बनाने की अपील की है। विधायक ने कहा कि ग्राम सभा में शामिल होकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करना चाहिए। महिला समूहों को सिलाई मशीन देकर आजीविका संवर्द्धन का प्रयास किया है। इसके तहत पहले चरण में मनातू और तरहसी की समूहों की बहनों के बीच सिलाई मशीन और उपहार दिये गये हैं। शेष पांकी, नीलांबर पीताम्बरपुर और सतबरवा की बहनों के बीच भी वितरित किये जाएंगे। मौके पर योगेंद्र उरांव, सुंदरलाल उरांव, रामावतार उरांव, राजेश उरांव, कमल उरांव, प्रो बच्चन ठाकुर, रंजय ठाकुर, संजय चंद्रवंशी, सतबरवा जिला परिसद सुधा कुमारी, राजेन्द्र सिंह चेरो आदि थे।




सिलाई मशीन व उपहार वितरित करते पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण।

## सेवा गारंटी अधिनियम का पालन करना सुनिश्चित करें : शशि रंजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** डीसी शशि रंजन ने पलामू के सभी कार्यालय प्रधान से झारखंड राज्य सेवा देने की गारंटी अधिनियम 2011 का पालन अनिवार्य रूप से करने का निर्देश दिया है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आप सभी अवगत हैं कि झारखंड राज्य सेवा देने की गारंटी अधिनियम 2011 के तहत विभिन्न सेवाओं को निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत निष्पादित करने का प्रावधान है। पर अक्सर ऐसा देखा जा रहा है कि अधिकारियों की ओर से कुछ सेवाओं को निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित नहीं किया जा रहा है, जिस कारण लंबित आवेदनों की संख्या बढ़ती जा रही है। इसे लेकर उन्होंने सभी संबंधितों को सेवा देने की गारंटी अधिनियम का अनिवार्य रूप से पालन करने को लेकर निर्देशित किया है। इसके अलावे उन्होंने आमजनों की सुविधा के लिए सेवाओं से संबंधित सभी प्रासंगिक सूचना कार्यालय के नोटिस बोर्ड में प्रदर्शन करने को लेकर भी निर्देशित किया है।

## 'हमारा संकल्प भारत' कार्यक्रम का आयोजन




**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** हमारा संकल्प भारत कार्यक्रम के तहत बारी पंचायत सचिवालय में मुखिया निरोतमा कुमारी की अध्यक्षता में सोमवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं के बारे में चर्चा की गई। सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की, राणा प्रताप, विजय कुमार, पंसस जुबेर खान, स्वयं सहायता समूह की कांति देवी, ललिता देवी, आशा देवी आदि ने बताया कि भारत सरकार द्वारा गरीब, जरूरतमंद भारतवासियों के लिए खाद्य सुरक्षा के तहत 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दे रही है। तीन करोड़ से अधिक गरीब ग्रामीणों को आवास की सुविधा सुनिश्चित कराई जा रही है। जनजातीय लोगों के सर्वांगीण विकास के लिए भारत सरकार द्वारा 11 सूत्री योजनाएं चला रही है। हर घर में नल जल योजना के तहत पीने की पानी की सुविधा मुहैया कराई जा रही है। इस अवसर पर विकसित भारत के लिए तन मन धन से सहयोग करने का संकल्प लिया।

## नववर्ष पर हुसैनाबाद के पिकनिक स्पॉट रहे गुलजार, जमकर मना जश्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** नववर्ष पर हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न पिकनिक स्पॉटों पर युवाओं की काफी भीड़ देखी गई। जगह-जगह युवा थिरकते नजर आए। सर्वाधिक भीड़ देवरी सोननदी तट, दंगवार सूर्य मंदिर के समीप सोननदी तट, मोहम्मदगंज के भीम चुल्हा पर दिखी। देवरी स्थित सोन नदी के बीचोबीच डीला पर जपला शहर के सैकड़ों युवाओं ने अपनी-अपनी टोली बनाकर नये साल का आनंद लिया। देर शाम तक अच्छे-अच्छे पकवान खाने साथ जमकर मशती करते देखे गए। लंगरकोट पहाड़ स्थित शिव मंदिर प्रांगण के अलावा महुडंड सहित हुसैनाबाद के पहाड़ी भाग में भी ग्रामीण क्षेत्र के लोग पिकनिक का आनंद लेते नजर आए। वहीं महिला व बुजुर्ग अहले सुबह से ही विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना कर नव वर्ष की शुरूआत की। इससे पूर्व रविवार की मध्य रात से ही 2024 के आगाज के साथ एक-दूसरे को बधाइयां देने का सिलसिला शुरू हो गया। निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार भी मित्र मंडली के साथ पिकनिक का आनंद लिए। हुसैनाबाद के प्रशिक्षु आईएएस सह एसडीओ आशीष गंगवार के निर्देश पर सभी पिकनिक स्पॉट पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल के जवान मुस्तैद रहे। अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी व ओपी प्रभारी पेट्रोलिंग करते दिखे। सड़क सुरक्षा को लेकर भी कई जगहों पर वाहन जांच किया गया।

## मुख्य संरक्षक ने श्रीराम दरबार के प्रचार रथ को किया रवाना

### ठाकुरबाड़ी में 22 को श्रीराम दरबार की होगी प्राण प्रतिष्ठा

आजाद सिपाही संवाददाता



**नीलांबर पितांबरपुर/पलामू।** प्रखंड मुख्यालय के कोटखास स्थित स्थित ठाकुरवाड़ी मंदिर प्रांगण से श्री राम दरबार प्रचार रथ को मुख्य संरक्षक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने श्रीराम ध्वज दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह ठाकुरबाड़ी मंदिर लगभग 200 वर्ष पुराना है। यह सभी के लिए सौभाग्य का क्षण है कि जिस दिन 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम लला विराजमान होंगे उसी दिन और उसी समय पर ठाकुरवाड़ी में भी श्री राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया है। इसके लिए यहां के सभी ग्रामीण और समिति के पदाधिकारी साधुवाद के पात्र हैं जिनके प्रयास से इतना बड़ा आयोजन होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि 18 से 23 जनवरी तक नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड मुख्यालय में विभिन्न धार्मिक आयोजन होना है। ऐसे में यहां का माहौल पूरी तरह धार्मिक होगा। इस दौरान यज्ञ समिति की ओर से मुख्य संरक्षक को पगड़ी बांध कर एवं श्रीराम पटटा देकर सम्मानित किया गया। साथ ही लेस्लीगंज थाना के सहायक अवर निरीक्षक अभय त्रिपाठी समाजसेवी एवं यज्ञ समिति के मुख्य संयोजक राजन सिंह को भी सम्मानित किया गया। प्रचार रथ के साथ मुख्य संरक्षक एवं यज्ञ समिति सदस्य और ग्रामीणों ने प्रखंड मुख्यालय के संकट मोचन हनुमान मंदिर, थानेश्वर धाम और काली मंदिर में पूजा अर्चना भी की। कार्यक्रम में हरतुआ पंचायत के मुखिया अरविंद शुक्ला, सुरेंद्र शुक्ला, नगीना सिंह, विनोद तिवारी,राजू सिंह, अमित पाठक, जयराम तिवारी, बलराम मिश्रा, वशिष्ठ पासवान, अशोक मिश्रा, अनिल सिंह, जगत नारायण सिंह, रघुवीर राय, विजय सिंह, सत्येंद्र सिंह, मनी साव, रामराज प्रसाद, नीरज प्रसाद, ओमप्रकाश सोनिक, संदीप सोंडिक, अनिल सिंह, गौतम सिंह, बबलू सिंह, अमित सिंह, काकू सिंह, संतु ठाकुर, संदीप विश्वकर्मा, ज्ञानू राय, वशिष्ठ पासवान आदि उपस्थित थे।

### 19 को निकलेगी भव्य कलश जल यात्रा

सनातन धर्म सभा केंद्रीय समिति एवं यज्ञ समिति अध्यक्ष अजीत तिवारी ने कहा कि श्री राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। इसके लिए 18 जनवरी को दीप ज्योति यात्रा, हनुमत पूजन, अखंड कीर्तन के साथ ही 19 जनवरी को भव्य कलश जल यात्रा का आयोजन होगा। इसके साथ विधिवत रूप से यज्ञ प्रारंभ हो जाएगा । 19, 20 और 21 जनवरी को विभिन्न अनुष्ठान होंगे। वहीं संध्या में संगीत के साथ झांकी युक्त राम कथा होगा। 21 जनवरी को प्रतिमा का नगर भ्रमण कराया जाएगा और 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के साथ विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है। इसके साथ ही 23 जनवरी को थानेश्वर महादेव में वार्षिकोत्सव मनाया जाएगा और संध्याकालीन कार्यक्रम के तहत भव्य भक्ति जागरण और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें मशहूर भजन गायिका इशरत जहां की टीम प्रस्तुति देगी।

## प्रगतिशील पत्रकार मंच ने नवपदस्थापित एसडीएम के साथ की शिष्टाचार मुलाकात



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अनुमण्डल के प्रगतिशील पत्रकार मंच के सदस्यों ने हुसैनाबाद के प्रशिक्षु आइएएस सह एसडीओ आशीष गंगवार से सोमवार को शिष्टाचार मुलाकात की। उन्हें बुके देकर नव वर्ष का बधाई दी। इस मौके पर पत्रकारों ने एसडीएम को कई जन समस्याओं से भी अवगत कराया। इस पर एसडीओ ने नववर्ष पर अनुमंडल वासियों को बधाई दी और कहा कि मेरा प्रयास रहेगा कि हुसैनाबाद की विधि व्यवस्था के साथ-साथ विकाश कार्यो में तेजी आए। उन्होंने कहा कि पत्रकारों से अपेक्षा हैं कि आप लोग इस प्रशासन के सकारात्मक कार्य में बेहतर सहयोग करेंगे। मौके पर पत्रकार मंच के अध्यक्ष नौशाद खान उर्फ गुड्डू खान, जितेंद्र प्रसाद, संजय ओझा, कमलेश विश्वकर्मा, धनजंय कुमार, गौतम पटेल, विकास कुमार, अखिलेश पासवान, सतेंद्र चंदेल, दीपक कुमार आदि मौजूद थे।

## विहिप बजरंग दल के कुंदरी पंचायत अध्यक्ष बने दीपक

आजाद सिपाही संवाददाता




**नीलांबर पितांबरपुर/पलामू।** प्रखंड अंतर्गत पंचायत कुंदरी में मां अष्टभुजी देवी मंदिर झण्डा चौक प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड समिति द्वारा रविवार को बैठक की गई। जिसमें विहिप बजरंग दल पंचायत कुंदरी के अध्यक्ष दीपक मेहता, उपाध्यक्ष बाबूलाल एवं सुरेंद्र पाल, मंत्री राजदीप मेहता, सह मंत्री रोहित मेहता, संयोजक संजीव मेहता, सह संयोजक नागेंद्र मेहता को बनाया गया है। कुंदरी के सभी ग्रामीणों के सर्वसमिति से कुंदरी पंचायत के विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का दायित्व प्रखंड समिति द्वारा दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राजीव सिंह और संचालन प्रखंड उपाध्यक्ष सौरभ कुमार वर्मा ने किया। मौके पर श्री राम मंदिर अयोध्या से आये हुए पूजित पीले अक्षत से भरे कलश एवं आमंत्रण पत्रिका पंचायत अध्यक्ष दीपक मेहता को दिया गया। पंचायत कुंदरी के अध्यक्ष दीपक मेहता ने कहा श्रीराम जी की नगरी अयोध्या राम मंदिर से आए पूजित पीले अक्षत एवं पत्रिका साज बाज के साथ कुंदरी पंचायत में सभी के घर जा जाकर आमंत्रण दिया जाएगा।

# स्पोर्ट्स




ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वार्नर ने टेस्ट के साथ ही वनडे क्रिकेट से भी सन्यास की घोषणा कर दी है। वह तीन जनवरी से पाकिस्तान के खिलआफ सिडनी में अपने करियर का आखिरी टेस्ट मैच खेलेंगें। सोमवार को सन्यास की घोषणा की।

### बोले- जरूरत पड़ी तो चैंपियंस ट्रॉफी में मौजूद रहूंगा, 3 जनवरी को पाकिस्तान के खिलाफ आखिरी टेस्ट

# ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वॉर्नर का टेस्ट-वनडे से संन्यास

एजेंसी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने टेस्ट के साथ ही वनडे से भी संन्यास लेने की भी घोषणा की है। वह तीन जनवरी से पाकिस्तान के खिलाफ सिडनी में अपने करियर का आखिरी टेस्ट मैच खेलेंगे। वॉर्नर के वनडे से संन्यास लेने की पुष्टि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने भी अपनी ऑफिशियल अकाउंट से की। वॉर्नर ने सोमवार को सिडनी में हुए संवाददाता सम्मेलन में भावुक होते हुए कहा कि मैं निश्चित रूप से वनडे क्रिकेट से भी संन्यास ले रहा हूं। यह कुछ ऐसा था, जो मैंने वनडे कप के दौरान कहा था। वनडे वर्ल्ड कप भारत में जीतना बड़ी उपलब्धि है। 'मैं आज उस फॉर्मेट से संन्यास लेने का फैसला लूंगा, जो मुझे दुनियाभर में अन्य लीगों में खेलने की अनुमति देता है और वनडे टीम को थोड़ा आगे बढ़ने में मदद करता है। मुझे पता है कि चैंपियंस ट्रॉफी आ रही है। अगर मैं दो साल के समय में अच्छा क्रिकेट खेल रहा हूं और उन्हें मेरी जरूरत है तो मैं मौजूद रहूंगा।'



डेविड वार्नर।

### डेविड वॉर्नर हैं ऑस्ट्रेलिया के छठे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी

**वॉर्नर वनडे में ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में छठे स्थान पर हैं। वहीं, वनडे में ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में रिकी पोंटिंग के बाद दूसरे स्थान पर हैं।**

### टी-20 पर करेंगे फोकस

वॉर्नर ने वनडे और टेस्ट से संन्यास की घोषणा टी-20 पर ध्यान लगाने के लिए की है। जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप में वह ऑस्ट्रेलिया टीम का हिस्सा हो सकते हैं। वहीं, वह पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज खत्म होने के बाद बिग बैश में सिडनी थंडर के लिए कम से कम चार मैच खेलेंगे। इसके बाद वह आइएलटी-20 में दुबई कैपिटल्स के लिए खेल सकते हैं। आइएलटी-20 लीग में खेलने के लिए उन्होंने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से एनओसी के लिए अनुरोध किया है। दुबई टीम का पहला मैच 21 जनवरी को खेला जाएगा। गौरतलब हो कि भारत में पिछले साल खेले गए वनडे वर्ल्ड कप में डेविड वॉर्नर ऑस्ट्रेलिया के टॉप स्कोरर थे। उन्होंने वनडे वर्ल्ड कप के खेले 11 मैचों में 48.63 की औसत से 535 रन बनाए। उनका स्ट्राइक रेट 108.29 रहा। उन्होंने दो शतक और दो अर्धशतक भी लगाए।

### 2011 में की थी टेस्ट करियर की शुरूआत

डेविड वॉर्नर ने अपने टेस्ट करियर की शुरूआत 2011 में न्यूजीलैंड के खिलाफ ब्रिस्बेन में की था। उन्होंने अब तक खेले 111 टेस्ट मैचों में 44.58 की औसत से 8695 रन बनाए। इसमें 26 शतक और 36 अर्धशतक शामिल हैं। वॉर्नर ने वनडे में अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरूआत साउथ अफ्रीका के खिलाफ होबार्ट में 2009 में की थी। उन्होंने वनडे में आखिरी मैच वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में 19 नवंबर को अहमदाबाद में भारत के खिलाफ खेला था। अब तक खेले 161 वनडे मैचों में 45.30 की औसत से 6932 रन बनाए हैं।

## मेसी की 10 नंबर जर्सी होगी रिटायर

**वर्ल्ड चैंपियन कप्तान को अर्जेंटीना देगा सम्मान, माराडोना भी पहनते थे इसी नंबर की जर्सी**

एजेंसी



**अर्जेंटीना।** लियोनेल मेसी के संन्यास लेने के बाद उनकी 10 नंबर जर्सी को भी अर्जेंटीना की नेशनल फुटबॉल टीम से रिटायर कर दिया जाएगा। अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन ने यह फैसला मेसी को सम्मान देने के लिए किया है। मेसी अभी अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास नहीं लिया है। अर्जेंटीना ने पिछले साल कतर में मेसी की कप्तानी में फुटबॉल वर्ल्ड कप का खिताब जीता था। टीम 36 साल बाद वर्ल्ड चैंपियन बनी थी। अर्जेंटीना ने फाइनल में फ्रांस को पेनल्टी शूटआउट में हराया था। स्पेन के अखबार मार्का ने अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष क्लाउडियो तापिया के हवाले से लिखा है कि जब मेसी इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास लेंगे तो उनके बाद किसी और को उनकी 10 नंबर की जर्सी पहनने की इजाजत नहीं होगी। 10 नंबर की जर्सी को मेसी के सम्मान में रिटायर कर दिया जाएगा। हम उनके लिए इतना तो कर ही सकते हैं।

### मेसी से पहले माराडोना भी पहनते थे यह जर्सी

**मेसी से पहले डिएगो माराडोना भी अर्जेंटीना से खेलते हुए 10 नंबर की जर्सी पहनते थे। अर्जेंटीना ने माराडोना के सम्मान में इस जर्सी को 2002 में रिटायर करने का प्रयास किया था, मगर इंटरनेशनल फुटबॉल फेडरेशन के सख्त नियमों की वजह से ऐसा नहीं हो सका। फीफा के नियमों के अनुसार टीमों को 1 से 23 नंबरों का उपयोग करना ही होगा। ऐसे में भविष्य में इस नंबर की जर्सी मजबूरन किसी को लेनी पड़ सकती है।**

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 02 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in
11

# नव वर्ष के जश्न में डूबा धनबाद कोयलांचल, पिनिक से लेकर धार्मिक स्थलों पर उमड़ी भारी भीड़









आजाद सिपाही टीम

**धनबाद।** नव वर्ष 2024 का स्वागत सोमवार को कोयलांचल वासियों ने अपने-अपने तरीके अंजाद में किया। कहीं रंगारंग कार्यक्रम आयोजित हुआ, तो कहीं धार्मिक अनुष्ठान आयोजित कर लोगों ने मंगलमय जीवन की कामना की। जिले के सभी पिकनिक स्पॉट सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों पर सुबह से ही लोगों की भारी भीड़ जुटी रही। यह सिलसिला देर शाम तक चला। इस दौरान सुरक्षा के लिहाज से जिला प्रशासन की मुस्तैदी भी दिखी।

## मैथन, भटिंडा, तोपचांची आदि पिकनिक स्पॉट पर जुटी लोगों की भीड़

कहीं परिवार के सदस्यों के साथ बैडमिंटन आदि खेलों का लुत्फ उठाते दिखे, तो कहीं संगीत की धुन पर थिरकते कदम तो कहीं लजीज व्यंजन पकाने में व्यस्त टोली। कुछ ऐसा ही दृश्य जिले के सभी पिकनिक स्थलों पर दिखा। जिले के प्रमुख पिकनिक स्पॉट मैथन डैम, भटिंडा फॉल, तोपचांची झील, बिरसा मुंडा पार्क सहित पंचेत डैम में हजारों की संख्या में सैलानी नव वर्ष का जश्न मनाने पहुंच थे। हर कोई नए साल के जश्न में सराबोर दिखा। मैथन डैम में नौका विहार सैलानियों की पहली पसंद रही। जबकि बिरसा मुंडा पार्क में परिवार के साथ मस्ती करते दिखे। वहीं भटिंडा फॉल पहुंचने के लिए रास्ते मे लगी जाम से लोगों को जूझना पड़ा।

## पूजा को लेकर धार्मिक स्थलों पर उमड़ी भीड़

जिले के प्रमुख धार्मिक स्थानों में नव वर्ष की अहले सुबह से ही दर्शन को लेकर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। शक्ति मंदिर, भुइंफोड़ मंदिर, खड़ेश्वरी मंदिर, रेलवे कॉलोनी स्थित चर्च, मटकुरिया स्थित बड़ा गुरुद्वारा आदि स्थानों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गयी। इसके अलावे कतरास स्थित लिलोरी स्थान मंदिर व पार्क में नव वर्ष पर लोगों की भीड़ जुटी। झरिया के दुखहरणी मंदिर, पुराना राजागढ़ मंदिर, चार नंम्बर काली मंदिर, साईं मंदिर, हनुमान गढ़ी, मैथन से सटे कल्यानेश्वरी मंदिर आदि स्थानों भी हर दिन से अधिक लोगों ने पहुंच कर पूजा अर्चना कर मंगलमय जीवन की कामना की।



पिकनिक स्थल पर समूह बनाकर वन वर्ष का लुफ्त उठाते लोग।



नौका विहार के लिए अपबी बारी का इंतजार करते लोग

**संकल्प :** नव वर्ष के पहले दिन नये कार्यालय में एचपी जनार्दन ने लिया पदभार

# धनबाद में संगठित अपराध पर अंकुश लगाना पहली प्राथमिकता : एसएसपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** नव वर्ष के पहले ही दिन सोमवार को धनबाद के नए एसएसपी के रूप में हदीप पी जनार्दन ने बरवाअड्डा स्थित नए समाहरणालय भवन में स्थित नए एसएसपी कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। उन्हें एसएसपी संजीव कुमार ने पदभार दिलाया। इस दौरान नए एसएसपी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पूरी टीम के साथ धनबाद में संगठित अपराध पर अंकुश लगाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। पुलिस के लिए सबसे पहली प्राथमिकता होती है कानून व्यवस्था को ठीक रखना। हमारी भी यही कोशिश होगी कि यहां कानून व्यवस्था को ठीक रखा जाए। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्ष में लोकसभा और विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव को पूरी तरह से स्वतंत्र और निष्पक्ष कराना की प्राथमिकता रहेगी। नए एसएसपी ने कहा कि सात साल पहले भी वो धनबाद में ग्रामीण एसपी के रूप में अपनी सेवा दे चुके हैं। पर इन सात वर्षों में बहुत कुछ बदला है। जब वे यहां ग्रामीण एसपी थे तब जन सहयोग समिति का गठन किया था। उनकी प्राथमिकता होगी कि फिर से पूरे जिले में इस प्रकार की समितियां बनाकर उन्हें सक्रिय किया जाए। हमारी कोशिश होगी कि महीने में कम से कम दो बार इस समिति की बैठक हर थाना में हो जिससे की हम आम जनता से ज्यादा से ज्यादा जुड़ पाएं। इन बैठकों में आम लोगों से भी अपराध मुक्त समाज बनाने के लिये सुझाव लिए जाएंगे, उन सुझाव पर गौर कर आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

## फिर से जन सहयोग समिति बना सामुदायिक पुलिसिंग की पहल की करेंगें शुरुआत



एसएसपी कार्यालय में पदभार ग्रहण करते नये एसएसपी संजीव कुमार।

## अपराध की दुनिया में युवाओं का प्रवेश रोकने के लिए चलायेंगे जागरूकता अभियान

नए एसएसपी ने कहा कि अपराध की दुनिया में युवाओं के बढ़ते कदम को रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि तेजी से पैसे कमाने के लालच में युवा पीढ़ी अपराध की दुनिया की ओर कदम बढ़ा रही है। वर्तमान में सभी को महंगे शौक है। जब इन्हें पूरा करने के लिए पैसा नहीं मिल पाता है तो ये अपराध की ओर कदम बढ़ा देते हैं। इसके लिए गांव-गांव जाकर स्कूलों में जाकर छात्रों को जागरूक करने का प्रयास करेंगे। इस बार हमारी पूरी कोशिश होगी जनता के साथ मिलकर काम करने की कोशिश करेंगे।

## हम अपना शत प्रतिशत देने की करेंगे कोशिश

पिछले दिनों जिले में बढ़े रंगदारी के मामले पर कहा कि हम अपना शत प्रतिशत देने की कोशिश करेंगे। जल्द ही जिले के सभी स्टेक होल्डरों के साथ बैठक करेंगे। इसके निराकरण के लिए जिला चेंबर और आम जनता के साथ अन्य वयापारी वर्ग के साथ बैठकर विचार करेंगे कि इस पर अंकुश कैसे लगाया जा सकता है। वर्तमान के दिनों जिस प्रकार की समस्या धनबाद फेस कर रहा है उससे निपटने के लिए अपनी टीम भी तैयार करेंगे।

# नव वर्ष पर मैथन डैम के समीप डीवीसी ने लगायी पुष्प प्रदर्शनी

आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** डीवीसी के ओर से नव वर्ष के उपलक्ष्य में इस साल भी मैथन डैम सब डिवीजन वन प्रांगण में सोमवार को पुष्प प्रदर्शनी आयोजित की गई। जिसका उद्घाटन डीवीसी के कार्यपालक निदेशक असैनिक सह परियोजना प्रधान अंजनी कुमार दूबे ने किया। उन्होंने सभी को नव वर्ष की शुभकामना देते हुए कहा की प्रत्येक वर्ष पुष्प प्रदर्शनी में कुछ न कुछ बदलाव अवश्य किए जाते हैं और पर्यावरण के अनुकूल तरीके से एक नई थीम का भी प्रयोग किया जाता है, ताकि बाहर से आने वाले पर्यटक इसका आनंद उठा सके। प्रदर्शनी के अवलोकन में छोटे-छोटे गमलों में लगाए गए सब्जी के पौद्यो में लगे गुच्छों में सब्जी आकर्षण का केंद्र रहे। मौके पर वरिष्ठ महाप्रबंधक असैनिक सह मुख्य अभियंता असैनिक संजीत कुमार सिन्हा, महाप्रबंधक संजय कुमार शर्मा, महाप्रबंधक अनिल कुमार झा आदि उपस्थित थे।

झारखण्ड सरकार,
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

60वीं औपबंधिक सूची
जिला–लोहरदगा (पार्ट–06)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण करने का आधार | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|
| 141. | 1. आवेदन क्र0–182/23<br>2. आवेदक–रनथा उराँव ,<br>3. पिता–बिरसा उराँव<br>4. ग्राम–नवाडीह फटया टोली , पोस्ट–किस्को<br>5. थाना–किस्को , प्रखण्ड–किस्को<br>6. लिंग–पुरूष, आयु–70 वर्ष,<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नही। | 1. लोहरदगा जिला के चिन्हित आन्दोलनकारी अभय कुजूर एवं विजय भगत द्वारा आन्दोलनकारी के रूप में पहचान किया गया। | कंडिका–2(ix) |
| 142. | 1. आवेदन क्र0–183/23<br>2. आवेदक–राम विलाश उराँव ,<br>3. पिता–स्व0 बिरसा उराँव<br>4. ग्राम–नारी नवाडीह , पोस्ट–किस्को<br>5 थाना–किस्को , प्रखण्ड–किस्को<br>6. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष,<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नही। | 1. लोहरदगा जिला के चिन्हित आन्दोलनकारी अभय कुजूर एवं विजय भगत द्वारा आन्दोलनकारी के रूप में पहचान किया गया। | कंडिका–2(ix) |
| 143. | 1. आवेदन क्र0–184/23<br>2. आवेदक–चन्द्र नाथ भगत ,<br>3. पिता–स्व0 पंचम भगत<br>4. ग्राम–बकशी , पोस्ट–किस्को<br>5. थाना–किस्को , प्रखण्ड–किस्को<br>6. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष,<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नही। | 1. लोहरदगा जिला के चिन्हित आन्दोलनकारी अभय कुजूर एवं विजय भगत द्वारा आन्दोलनकारी के रूप में पहचान किया गया। | कंडिका–2(ix) |
| 144. | 1. आवेदन क्र0–185/23<br>2. आवेदक–एतवा भगत ,<br>3. पिता–स्व0 जतरू भगत<br>4. ग्राम–तोड़ार पाखन टोली , पोस्ट–अर्रू<br>5 थाना–सेन्ह , प्रखण्ड–सेन्हा<br>6. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष,<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नही। | 1. लोहरदगा जिला के चिन्हित आन्दोलनकारी अभय कुजूर एवं विजय भगत द्वारा आन्दोलनकारी के रूप में पहचान किया गया। | कंडिका–2(ix) |
| 145. | 1. आवेदन क्र0–442/23<br>2. आवेदक–केसो गोप ,<br>3. पिता–स्व0 हर्ष गोप<br>4. ग्राम–देवाकी , पोस्ट–घाघरा ,<br>5. थाना–घाघरा , प्रखण्ड–घाघरा<br>6. लिंग–पुरूष, आयु–75 वर्ष,<br>7. पहचान चिन्ह–गाल में तिल। | 1. लोहरदगा जिला के चिन्हित आन्दोलनकारी मो0 कयूम खान, विशेषण भगत, विनोद भगत द्वारा आन्दोलनकारी के रूप में पहचान किया गया। | कंडिका–2(ix) |
| 146. | 1. आवेदन क्र0–440/23<br>2. आवेदक–धुरपैन देवी ,<br>3. पति–हरिदयाल यादव<br>4. ग्राम–रेहलदाग , पोस्ट–विशुनपुर<br>5. थाना–विशुनपुर , प्रखण्ड–विशुनपुर<br>6. लिंग–महिला , आयु–57 वर्ष,<br>7. पहचान चिन्ह–गाल में काला दाग। | 1. लोहरदगा जिला के चिन्हित आन्दोलनकारी मो0 कयूम खान, विशेषण भगत, विनोद भगत द्वारा आन्दोलनकारी के रूप में पहचान किया गया। | कंडिका–2(ix) |
| 147. | 1. आवेदन क्र0–441/23<br>2. आवेदक–इसमाईल खलिफा ,<br>3. पिता–जमाउद्दीन खलिफा<br>4. ग्राम–बनारी , पोस्ट–विशुनपुर ,<br>5. थाना–विशुनपुर , प्रखण्ड–विशुनपुर<br>6. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष,<br>7. पहचान चिन्ह–गाल में तिल। | 1. लोहरदगा जिला के चिन्हित आन्दोलनकारी मो0 कयूम खान, विशेषण भगत, विनोद भगत द्वारा आन्दोलनकारी के रूप में पहचान किया गया। | कंडिका–2(ix) |
| 148. | 1. आवेदन क्र0–<br>2. आवेदक–विजय कुमार यादव ,<br>3. पिता–कलेशार यादव<br>4. ग्राम–पकरार टेमकी , पोस्ट–टेमकी<br>5. थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>6. लिंग–पुरूष, आयु–72 वर्ष,<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नही। | 1. लोहरदगा जिला के चिन्हित आन्दोलनकारी विशेषण भगत एवं अमर किण्डो द्वारा आन्दोलनकारी के रूप में पहचान किया गया। | कंडिका–2(ix) |
| 149. | 1. आवेदन क्र0–24/23<br>2. आवेदक–भीम लाल चौधरी ,<br>3. पिता–रामचरण चौधरी<br>4. ग्राम–रामपुर , पोस्ट–बारी ,<br>5. थाना–चिन्दवा , प्रखण्ड–चन्दवा<br>6. लिंग–पुरूष, आयु–65 वर्ष,<br>7. पहचान चिन्ह–बांया पैर में घाव। | 1. लोहरदगा जिला के चिन्हित आन्दोलनकारी मो0 कयूम खान, विशेषण भगत, विनोद भगत द्वारा आन्दोलनकारी के रूप में पहचान किया गया। | कंडिका–2(ix) |
| 150. | 1. आवेदन क्र0–25/23<br>2. आवेदक–दिलेश्वर उराँव ,<br>3. पिता–जंग बहादुर उराँव<br>4. ग्राम–आन , पोस्ट–आन ,<br>5. थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>6. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष,<br>7. पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में घाव। | 1. लोहरदगा जिला के चिन्हित आन्दोलनकारी मो0 कयूम खान, विशेषण भगत, विनोद भगत द्वारा आन्दोलनकारी के रूप में पहचान किया गया। | कंडिका–2(ix) |
| 151. | 1. आवेदन क्र0–26/23<br>2. आवेदक–रामजी यादव ,<br>3. पिता–भृगुराज यादव<br>4. ग्राम–चेतर , पोस्ट–चेतर ,<br>5. थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>6. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष,<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नही। | 1. लोहरदगा जिला के चिन्हित आन्दोलनकारी मो0 कयूम खान, विशेषण भगत, विनोद भगत द्वारा आन्दोलनकारी के रूप में पहचान किया गया। | कंडिका–2(ix) |
| 152. | 1. आवेदन क्र0–1158/23<br>2. आवेदक–रंजीत यादव ,<br>3. पिता–कोलेश्वर यादव<br>4. ग्राम–नियर काजू बगान हेहल , पोस्ट–हेहल ,<br>5. थाना–राँची , प्रखण्ड–राँची<br>6. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष,<br>7. पहचान चिन्ह–पैर में घाव। | 1. लोहरदगा जिला के चिन्हित आन्दोलनकारी मो0 कयूम खान, विशेषण भगत, विनोद भगत द्वारा आन्दोलनकारी के रूप में पहचान किया गया। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य — PR 314890 (Home) 23-24 (D) — (नरसिंह मुर्मू) सदस्य — (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

## बैदकारो सूर्य मंदिर में नव वर्ष के प्रथम दिन उमड़ी भारी भीड़

**बैदकारो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बेरमो कोयलांचल के बैदकारो सूर्य मंदिर में नववर्ष के पहले दिन सोमवार को दर्शन एवं पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। चलकरी कॉलोनी शिव मंदिर में भक्त जनों का तांता लगा रहा। लोगों ने पूजा अर्चना कर अपने और परिवार के लिए सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष इंद्रदेव महतो, बैदकारो पूर्वी मुखिया सीमा महतो, समाजसेवी टीपू महतो ने सूर्य मंदिर में पूजा अर्चना कर क्षेत्र के लोगों की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। वहीं, इंद्रदेव महतो और मुखिया सीमा महतो ने मंदिर में उपस्थित सभी लोगों को नववर्ष की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। बताते चलें कि पहाड़ी पर स्थित सूर्य मंदिर लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। यह सूर्य मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था एवं प्रमाणिक संस्कृति का केंद्र है। इस मंदिर का शिलान्यास 21 अक्टूबर 2003 को मंदिर के संस्थापक झारखंड सरकार के पूर्व ऊर्जा मंत्री लालचंद महतो ने किया था। मंदिर के पुजारी संतोष शास्त्री ने कहा कि नव वर्ष के प्रथम दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर आकर माथा टेक आशीर्वाद लेते हैं।

# चालकों ने जगह-जगह किया प्रदर्शन, जलाया पुतला

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** केंद्र सरकार की ओर से हिट एंड रन कानून के प्रतिवाद में आहूत तीन दिवसीय देशव्यापी हड़ताल का असर पहले दिन धनबाद में भी देखने को मिला। एक ओर बरटांड़ स्थित बस स्टैंड से एक भी बस नहीं चली। वहीं दूसरी ओर इसका असर बरवाअड्डा स्थित कोलकाता-दिल्ली नेशनल हाइवे पर देखने को मिला। आम दिनों की तुलना में कम वाहन चलते दिखे। इसके अलावे तोपचांची में ट्रक ड्राइवरों ने अपने ट्रक को कोलकाता-दिल्ली नेशनल हाइवे पर आढा-टेढ़ा लगाकर सड़क जाम कर दिया। ट्रक चालकों की मांग थी कि केंद्र सरकार नया कानून वापस ले। हालांकि स्थानीय पुलिस के समझाने-बुझाने के बाद सड़क जाम समाप्त कर दिया गया। इस दौरान लगभग दो घंटे बाद तक हाइवे पर परिचालन ठप रहा। वहीं झरिया में भी इसका असर देखने को मिला। चार नंबर ऑटो स्टैंड के समीप टोटो और ऑटो चालकों ने नए कानून के विरोध में केंद्रीय परिवहन मंत्री और केंद्र सरकार का पुतला जलाकर हड़ताल का समर्थन किया। इसके अलावे इंदिरा चौक, जामाडोबा जुता गेट आदि स्थानों में भी चालकों द्वारा प्रदर्शन किया गया। झरिया चार नंबर स्थित ऑटो स्टैंड भी खाली रहा।

वरीय अधिकारियों ने इस्पातकर्मियों को दी नव वर्ष की शुभकामनाएं

# चुनौतियों को अवसर में बदलने का हुनर सीखें : बीके तिवारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** नव वर्ष पर बोकारो स्टील प्लांट के अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीके तिवारी व अन्य अधिशासी निदेशकगणों ने इस्पातकर्मियों से मिलकर उन्हें शुभकामनाएं दी। विभिन्न विभागों में उनके भ्रमण के दौरान उनके साथ संयंत्र के अन्य वरीय अधिकारी भी उपस्थित थे। बीके तिवारी व वरीय अधिकारियों ने सबसे पहले इस्पात भवन परिसर और बोकारो जनरल अस्पताल में कर्मियों से मुलाकात कर उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। इसके बाद संयंत्र के विभिन्न शॉप का दौरा कर कर्मचारियों से मिले और नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। इस दौरान कर्मियों ने भी गर्मजोशी से वरिष्ठ अधिकारियों का स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं दी। संयंत्र भ्रमण के दौरान अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीके तिवारी ने बीएसएल सुरक्षा अभियंत्रण विभाग की ओर से तैयार की गई सेफ्टी कैलेंडर 2024 का लोकार्पण भी किया। नव वर्ष के अपने संदेश में उन्होंने सभी को एक नए लक्ष्य और एक नयी ऊंचाई को छूने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कर्मियों से सभी चुनौतियों को अवसर में बदलने का संदेश भी दिया ताकि नए साल में बोकारो स्टील समूह सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता के नए बेंचमार्क स्थापित कर सके।




कर्मियों के साथ नव वर्ष की खुशियां मनाते अधिशाशी निदेशक (संकाय) बीके तिवारीव अन्य।

## जगन्नाथ मंदिर में आज से ड्रेस कोड लागू

# शॉर्ट्स, फटी जींस और स्लीवलेस पहनने वालों को नहीं मिलेगी एंट्री, पान-गुटखा बैन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए नये साल से ड्रेस कोड अनिवार्य कर दिया गया है। मंदिर प्रशासन के मुताबिक, नये साल 2024 के पहले दिन से मंदिर परिसर में पान-गुटखा खाने और प्लास्टिक प्रोडक्ट्स यूज करने पर बैन लगा दिया गया है। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन के अधिकारी ने कहा हाफ पैंट, शॉर्ट्स, फटी जींस, स्कर्ट और स्लीवलेस ड्रेस पहनने वाले भक्तों को मंदिर में एंट्री नहीं दी जायेगी।

मंदिर प्रशासन ने 9 अक्टूबर को ही ड्रेस कोड संबंधी आदेश जारी कर दिया था जिसमें इसे लागू करने की तारीख 1 जनवरी बताई गयी थी। जगन्नाथ मंदिर में सोमवार सुबह से ही दर्शन करने के लिए भक्तों की कतारें लगी हैं। यहां रात दो बजे से ही दर्शन के लिए लोग उमड़ पड़े थे।



### दोपहर 12 बजे तक 1.80 लाख भक्त पहुंचे

सेंट्रल रेंज के इंस्पेक्टर जनरल आशीष कुमार सिंह ने कहा कि पिछले साल के मुकाबले इस बार पहले दिन लगभग दोगुने से अधिक श्रद्धालु मंदिर में दर्शन कर चुके हैं। रात करीब 2 बजे से ही भक्तों का आना शुरू हो गया था। नये साल के पहले दिन भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए ढाई लाख से अधिक श्रद्धालु उमड़े हैं। मंदिर के दरवाजे खुलने के बाद से लोग कतारों में खड़े नजर आये। दोपहर 12 बजे तक 1 लाख 80 हजार से अधिक भक्तों ने जगन्नाथ धाम के दर्शन किए हैं।

पुरी पुलिस अधिकारी समर्थ वर्मा ने एक्स पर पोस्ट में कहा- भक्तों बिना किसी परेशानी के दर्शन कर सकें, इसके लिए व्यवस्था की गयी है। साथ ही पुलिस की ओर से दिव्यांग भक्तों के लिए विशेष व्यवस्था की गयी है। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने पीने के पानी, सुलभ कॉम्पलेक्स और बैठने की उचित व्यवस्था की है।

### मंदिर की पवित्रता बनाये रखने के लिए लगाया जा रहा बैन

ड्रेस कोड नियम लागू होने से सोमवार को मंदिर में आने वाले पुरुष भक्तों को धोती और तौलिया पहने देखा गया। वहीं, महिलाएं साड़ी या सलवार-कमीज पहने हुई नजर आइ। अधिकारी ने कहा कि मंदिर की पवित्रता बनाये रखने के लिए परिसर में गुटखा और पान खाने पर बैन लगाया जा रहा है। नियमों को तोड़ने वालों पर जुमार्ना लगाया जा रहा है। मंदिर के सिंह द्वार पर तैनात सुरक्षाबल और मंदिर के भीतर प्रतिहारी सेवक इसकी निगरानी करेंगे।

## मनरेगा के 7.6 करोड़ मजदूर सिस्टम से हटाये गये

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस ने मोदी सरकार पर मनरेगा के 7.6 करोड़ मजदूरों को सिस्टम से हटाने का आरोप लगाया है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोमवार को सोशल मीडिया पर कहा कि नया पेमेंट सिस्टम लाकर सरकार ने 10.7 करोड़ मजदूरों को पेमेंट पाने से भी अयोग्य कर दिया है क्योंकि वे समय रहते इस पेमेंट सिस्टम से नहीं जुड़ पाये।

# सरकार ने दिसंबर में जीएसटी से 1.65 लाख करोड़ जुटाये, पिछले साल से 10% ज्यादा

## लगातार 10वीं बार मंथली कलेक्शन 1.5 लाख करोड़ से ऊपर

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सरकार ने दिसंबर-2023 में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स यानी जीएसटी से करीब 1.65 लाख करोड़ रुपए जुटाए हैं। यह एक साल पहले यानी दिसंबर 2022 के मुकाबले 10% ज्यादा है। तब जीएसटी से 1.49 लाख करोड़ रुपये जुटाए गये थे। वहीं एक महीने पहले नवंबर में सरकार ने ऋश्ळ से 1.67 लाख करोड़ रुपए जुटाए थे। लगातार 10वीं बार ऐसा हुआ है कि रेवेन्यू कलेक्शन 1.5 लाख करोड़ से ऊपर रहा है। हालांकि अब तक सबसे ज्यादा जीएसटी कलेक्शन अप्रैल 2023 में हुआ था, तब यह आंकड़ा 1.87 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया था। इसके अलावा लगातार 21 महीने से देश का जीएसटी कलेक्शन 1.4 लाख करोड़ रुपए से ऊपर बना हुआ है।




**जीएसटी 30,443 करोड़ रुपये, जीएसटी 37,935 करोड़ रुपये रहा :** वित्त मंत्रालय के अनुसार, दिसंबर 2023 में जीएसटी कलेक्शन 1.65 लाख करोड़ रुपये रहा है। इसमें जीएसटी 30,443 करोड़ रुपए, जीएसटी 37,935 करोड़ रुपए, जीएसटी 84,255 करोड़ रुपये (माल के आयात पर कलेक्ट किए 41,534 करोड़ रुपए सहित) और सेस 12,249 करोड़ रुपये रहा है। सेस में माल के आयात से मिले 1,079 करोड़ रुपए शामिल हैं।

**जीएसटी कलेक्शन में महाराष्ट्र सबसे अव्वल :** दिसंबर 2023 में जीएसटी कलेक्शन के लिहाज से टॉप-3 राज्यों में महाराष्ट्र सबसे ऊपर है। महाराष्ट्र में जीएसटी कलेक्शन पिछले साल की तुलना में 14% बढ़कर 23,598 करोड़ रुपए रहा। इस लिस्ट में कर्नाटक 10,061 करोड़ के कलेक्शन के साथ दूसरे और गुजरात 9,238 करोड़ के कलेक्शन के साथ तीसरे नंबर पर है।

## नये आपराधिक कानूनों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल

# 'कानून पहले से भी ज्यादा सख्त, बिल तब पास हुए जब कई सांसद निलंबित थे'

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** तीन नये आपराधिक कानूनों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गयी है। याचिकाकर्ता ने कोर्ट से तीनों कानूनों के क्रियान्वयन पर रोक लगाने और ऐसी के एक रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में कमेटी बनाकर कानूनों का रिव्यू कराने की मांग की है।

यह याचिका सुप्रीम कोर्ट के वकील विशाल तिवारी ने दाखिल की है। उनका दावा है कि इन कानूनों में कई खामियां हैं। साथ ही तीनों कानून संसद में उस वक्त पास हुए, जब ज्यादातर सांसदों को निलंबित कर दिया गया था।

### याचिका में कहा गया है

अगर ब्रिटिश कानूनों को कठोर माना जाता है तो नये कानून पहले की तुलना में कहीं ज्यादा सख्त हैं। आप किसी व्यक्ति को 15 दिनों तक पुलिस हिरासत में रख सकते हैं। पुलिस हिरासत में रखने की अवधि 90 और उससे अधिक दिनों तक बढ़ाना चौकाने वाला प्रावधान है। लोकसभा में तीनों क्रिमिनल लॉ बिल- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य बिल 20 दिसंबर को पास हुए थे। 21 दिसंबर को ये तीनों बिल लोकसभा से पास हो गये। 25 दिसंबर को इन्हें राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने मंजूरी दी थी।



### किसी भी मामले में तीन साल में न्याय दिलाने का उद्देश्य :

बिलों पर चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा: जो लोग सदन के बाहर पूछते हैं कि इस कानून से क्या होगा? मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि इसके लागू होने के बाद तारीख पर तारीख का जमाना नहीं रहेगा। किसी भी मामले में 3 साल में न्याय दिलाने का उद्देश्य है।

जो कहते हैं कि नये कानूनों की जरूरत क्या है, उनको स्वराज का मतलब नहीं पता, इसका मतलब स्व शासन नहीं है। इसका मतलब स्व धर्म, भाषा, संस्कृति को आगे बढ़ाना है।

गांधी जी ने शासन परिवर्तन की लड़ाई नहीं लड़ी, उन्होंने स्वराज की लड़ाई लड़ी। आप 60 साल सत्ता में बैठे रहे, लेकिन स्व को लगाने का काम नहीं किया, ये काम मोदी जी ने किया।

## मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने ओड़िशा के लोगों से की मुलाकात

# बारंग में मेट्रो परियोजना की 6,255 करोड़ रुपये की आधारशिला रखी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भूवनेश्वर।** नये साल पर मुख्यमंत्री का ओड़िशा के लोगों को उपहार दिया। ओड़िशा के लोगों का सपना साकार होगा। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से त्रिशुलिया तक मेट्रो परियोजना के पहले चरण की आधारशिला रखी है। नवीन ने बारंग रतागड लेंका साही में इस परियोजना की नींव रखी है। मेट्रो परियोजना के शुभारंभ से पहले मुख्यमंत्री बीजू पटनायक हवाई अड्डे से रोड शो करते हुए रतागड लेंकासाही पहुंचे। रोड शो के दौरान 12 स्थानों पर मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया गया। आम लोगों ने फूल बरसाकर और शंख बजाकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर कमिश्नरेट पुलिस की ओर से सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है। सुरक्षा के लिए 20 प्लाटून फोर्स तैनात की गयी है। सबसे पहले भुवनेश्वर एयरपोर्ट से त्रिशूलिआ तक मेट्रो ट्रेन चलाने की योजना बनायी गयी है। इस मेट्रो प्रोजेक्ट पर करीब 6,255 करोड़ रुपये खर्च होंगे। मेट्रो परियोजना एक राज्य के स्वामित्व वाला उद्यम है। **26 किमी लंबी इस मेट्रो रेल लाइन के लिए 20 स्टेशन होंगे।** मुख्यमंत्री ने पिछले अप्रैल में मेट्रो परियोजना की घोषणा की थी। फिर डीपीआर तैयार हुई और कैबिनेट में इस प्रोजेक्ट के लिए पैसे की मंजूरी दी गयी। नये साल की शुरूआत में मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने मेट्रो प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया नये साल की बधाई देते हुए नवीन ने कहा, नये साल की महत्वपूर्ण नींव आज रखी गयी। **मेट्रो प्रोजेक्ट 4 साल में पूरा होगा।** ओड़िशा वासियों को मिलेगी मेट्रो की सुविधा। यह दिन प्रदेश के विकास के इतिहास में सदैव दर्ज रहेगा। परिवहन के क्षेत्र में बड़े बदलाव होंगे।

### 20 मेट्रो स्टेशनों के नाम

भुवनेश्वर मेट्रो परियोजना में आने वाले 20 स्टेशन हैं। इनके नाम बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (बीपीआइए) कैपिटल हॉस्पिटल, शिशु भवन, बापूजी नगर, भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन, राम मंदिर स्क्वायर, वाणी विहार, आचार्य विहार स्क्वायर, जयदेव विहार चौराहा, जेवियर स्क्वायर, रेल सदन, जिला केंद्र, दमन चौराहा, पाटिया चौराहा, केआइआइटी चौराहा, नंदन विहार, रघुनाथपुर, नंदनकानन जूलॉजिकल पार्क, फुलापोखरी और त्रिसुलिया स्क्वायर हैं।

# राज्य में दो और नये कोरोना पॉजिटिव मिले

## कुल सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 20 हो गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** राज्य में कोरोना पॉजिटिव लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। प्रदेश में आज 2 नये कोरोना पॉजिटिव लोगों की पहचान की गयी है। कल तक राज्य में कुल संक्रमित लोगों की संख्या 18 थी, आज सक्रिय मामलों की संख्या 20 हो गयी है। स्वास्थ्य विभाग ने यह जानकारी दी। वहीं दूसरी ओर कोरोना टेस्ट पर जोर दिया जा रहा है। जिस किसी को भी सर्दी या बुखार हो उसे तुरंत जांच कराने की सलाह दी जाती है।

बताया गया है कि कोरोना जांच केंद्र पहले की तरह हमेशा खुला रहेगा

## वृंदावन पहुंचे रक्षा मंत्री और सीएम: देश को समर्पित किया पहला बालिका सैनिक स्कूल

**मथुरा।** तीर्थनगरी मथुरा के वृंदावन स्थित वात्सल्य ग्राम में षष्ठीपूर्ति महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। इसमें शामिल होने के लिए सोमवार को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सीएम योगी आदित्यानाथ यहां पहुंचे। इस मौके पर रक्षा मंत्री और सीएम ने देश की बालिकाओं को पहला बालिका सैनिक स्कूल समर्पित किया। वृंदावन स्थित वात्सल्य ग्राम में साध्वी ऋतंभरा के 60वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में षष्ठीपूर्ति महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। इसी मौके पर स्कूल का लोकार्पण किया गया। वात्सल्य ग्राम में बने इस स्कूल का नाम समविद गुरुकुलम गर्ल्स सैनिक स्कूल है। छठी कक्षा से 12वीं कक्षा तक संचालित होने जा रहे इस स्कूल में 120 बेटियां शिक्षा लेंगी। इसमें प्रवेश के लिए 21 जनवरी को प्रवेश परीक्षा राष्ट्रीय एजेंसी द्वारा कराई जायेगी। देश भर की बालिकाओं ने परीक्षा में भाग लेने को पहले ही आवेदन कर रखा है। इस स्कूल में सीबीएसइ बोर्ड की पढ़ाई भी होगी। सेना के पूर्व अधिकारी व एनसीसी के अधिकारी सेना की तैयारी करायेंगे। सुबह पांच से रात 10 बजे तक विभिन्न चरणों में पढ़ाई होगी।

आरोग्यं आयुर्वेद
वैद्य वी के पांडेय
आयुर्वेदाचार्य
क्या आप भी लंबे समय से परेशान हैं
गठिया, माइग्रेन, गुप्त और यौन रोग, एलर्जी, दमा, थाइराइड, बी.पी., शुगर अन्य सभी बिमारी का आयुर्वेद से सफल इलाज
समय : सुबह: 07.00-10.00 से दोपहर: 03.00-8.00
फोन नं. 898660318/7352520011
कृप्या फोन से अपना अपावइंटमेंट ले लें।
पता:- टाइगर हिल, मोराबादी, रांची, झारखंड।

BALAJEE UDYOG
the mark of excellence
Distributors
bathsense asianpaints
Bathrooms that understand you
ESSESS Bath Fittings asianpaints
Racold
Reborn Everyday With Hot Water
Glocera
m-seal
ASTRAL PIPES
Mob.- 9534207055 / 9386909008 / 06513554978
PLOT NO. 767 OLD H.B ROAD OPP. SADHU MAIDAN, KOKAR RANCHI
Email- balajee_udyog@rediffmail.com

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Alpha Institute of Computer Education
Franchise Benefit
All Computer courses
Vocational courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
Branded Name
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate Verification
Yearly Career Guidance - Seminar in your city
Paper and Media Support
Registered Office : 262, Delta Bhawan,Adarsh Nagar, Khorha Toli,Kokar, Ranchi (Jharkhand) Mob : 9835502908
Cooperate Office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi (Jharkhand), Mob : 9631103045
Cooperate Office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar Mob : 7488289546
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com

PERFECT AQUA
सेल सर्विस एंड स्पेयर पार्ट्स
रिटेल एंड होलसेल
COMMERCIAL RO
IRON REMOVER
RO PLANT
CALL NOW
9431701163, 8340320390
PERFECT SERVICE
H.B Road, Kokar, Ranchi, Jh.
perfectaqua345@gmail.com
पानी चेक की सुविधा उपलब्ध फ्री

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**